CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 17°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 15 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 87 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 26 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नोएडा में वेतन बढ़ाने को श्रमिक आंदोलन सही: राहुल गांधी पेज 2



मिचेल स्टार्क और दीप्ति शर्मा बने विजडन के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर खेल टाइम्स



क्या सभ्यताओं का संघर्ष है ईरान का अमेरिका से युद्ध सम्पादकीय



अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी संप्रभुता का घोर उल्लंघन: ईरान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### बहू ने ससुराल वालों से मांगा 170 करोड़ का सोना, दावा खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 170 करोड़ रुपये के सोने के दावे से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल वैवाहिक विवाद में बड़ा फैसला सुनाते हुए महिला की ओर से दायर घरेलू हिंसा केस को खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि बिना ठोस और विशिष्ट आरोपों के दर्ज ऐसे मामलों को शुरुआती स्तर पर ही समाप्त कर देना चाहिए। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और विजय बिश्नोई की पीठ ने कहा कि सिर्फ परिवार के सदस्यों के नाम लेकर, बिना उनके किसी प्रत्यक्ष भूमिका के आरोप लगाए, आपराधिक मुकदमा चलाना कानून का दुरुपयोग होगा। अदालत ने इस मामले को गढ़ा गया बताते हुए कड़ी टिप्पणी की। मामले में महिला ने आरोप लगाया था कि तलाक समझौते के तहत उसे 120 करोड़ रुपये के गहने और 50 करोड़ रुपये के सोने के बिस्कुट दिए जाने का वादा किया गया था।

### सरकारी नौकरियों में समानता के अधिकार का पालन करना जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा है कि अगर सेवा नियमों में अनुभव, योग्यता या वरिष्ठता के आधार पर छूट का प्रावधान है, तो किसी कर्मचारी को केवल डिग्री न होने की वजह से प्रमोशन से वंचित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें एक सहकारी समिति के कर्मचारी को पदोन्नति देने से इन्कार कर दिया गया था। न्यायालय ने माना कि जब अन्य कर्मचारियों को समान छूट दी गई, तो इस मामले में शैक्षिक योग्यता में रियायत न देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि 'भेदभाव अन्याय का ही दूसरा नाम है।' अदालत ने जोर दिया कि सरकारी नौकरियों में समानता के अधिकार का पालन करना अनिवार्य है।

### राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर, मध्य और पश्चिमी राज्यों में तापमान बढ़ने लगा है। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मप्र के रतलाम में भी तापमान 41डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो हफ्तों तक कोई नया सिस्टम एक्टिव नहीं होगा। इससे गर्मी तेजी से बढ़ेगी। हालांकि पूर्वोत्तर राज्यों सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा दक्षिण भारत में केरल और कर्नाटक में तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह, उत्तराखंड के केदारनाथ और सिक्किम के लाचेन में बर्फबारी से बंद हुए रास्ते खोलने काम चल रहा है।

## फिर इस्लामाबाद में ही होगी ईरान-अमेरिका के बीच शांतिवार्ता

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दिए संकेत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि अगले दो दिनों में पाकिस्तान में कुछ महत्वपूर्ण हो सकता है।


यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान बातचीत की मेज पर लौटने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रम्प ने न्यूयॉर्क पोस्ट के एक रिपोर्टर से कहा कि आपको वहीं रहना चाहिए, क्योंकि अगले दो दिनों में कुछ हो सकता है और हम वहां जाने के लिए अधिक इच्छुक हैं। उन्होंने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर की प्रशंसा करते हुए उन्हें शानदार बताया। शांति वार्ता के लिए जिनेवा को भी एक संभावित स्थान के रूप में सुझाया गया था, लेकिन ट्रम्प ने इस संभावना को कमतर आंका। हमें ऐसे देश में क्यों जाना चाहिए जिसका इससे कोई लेना-देना नहीं है?

### ट्रम्प ने पीएम मोदी से फोन पर की बात

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस साल दोनों नेताओं के बीच यह तीसरी फोन कॉल थी। इससे पहले मार्च के अंत में पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। दोनों नेताओं ने होर्मुज के बंद होने पर चिंता जताई थी। इस वार्ता के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा था कि मुझे राष्ट्रपति ट्रम्प का फोन आया और पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा हुई। भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है।

## लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 2029 से लागू होगा, महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा
- सीटें बढ़ाने पर दक्षिणी राज्यों का विरोध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने की तैयारी कर रही है। सरकार इसके लिए संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 लाएगी। सरकार ने इनसे जुड़े ड्राफ्ट सभी सांसदों को भेजे हैं।

इसके मुताबिक, 850 सीटों में से 815 सीटें राज्यों को और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों को दी जाएंगी। इसके लिए 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक संसद का तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसमें महिला आरक्षण बिल पर भी चर्चा होगी। एक और जरूरी बदलाव आबादी की परिभाषा है। इससे संसद को यह तय करने का अधिकार मिलता है कि सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए किस डेटा को आधार बनाया जाए। परिसीमन बिल के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात कही गई है। इन बदलावों को 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना है। हालांकि इस पर विरोध भी शुरू हो गया है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि सरकार यह सब 2029 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक फायदा लेने के उद्देश्य से कर रही है। अगर सरकार महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देना चाहती है, तो मौजूदा 543 सीटों में ही यह लागू किया जा सकता है। सीटों के पुनर्वितरण से उत्तर भारत को ज्यादा फायदा होगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि अगर सीटें अनुपात के आधार पर बढ़ाई गईं, तो दक्षिणी राज्यों में महिलाओं,एससी और एसटी समुदायों को नुकसान हो सकता है। यह कदम दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक ताकत को कम करने की साजिश हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ सकती है। यहां 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। यहां लोकसभा की सीटें 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है। यहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। एमपी में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 20 और दिल्ली में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है।

# पीएम मोदी ने किया दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

## उत्तराखंड, यूपी व दिल्ली को 212 किमी लम्बे इकोनॉमिक कॉरिडोर की दी सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पीएम मोदी ने कई जल विद्युत परियोजनाओं का भी दिया तोहफा
- 21वीं सदी का भारत बना रहा विकास की नई भाग्य रेखाएं

**देहरादून।** उत्तराखंड के लिए मंगलवार का दिन बेहद खास और ऐतिहासिक रहा। प्रदेशवासियो का इंतजार उस समय खत्म हो गया जब पीएम नरेंद्र मोदी ने देहरादून- दिल्ली इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इससे पहले पीएम मोदी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पीएम मोदी को ब्रह्मकमल का स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री मोदी को शॉल और नंदा देवी राजजात यात्रा का स्मृति चिह्न भेंट किया। पीएम बनने के बाद मोदी मंगलवार को 28वीं बार उत्तराखंड पहुंचे। उन्होंने 11,963 करोड़ की लागत से बने 212 किमी लंबे दून-दिल्ली एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे की सौगात दी। इसके अलावा एक हजार मेगावाट क्षमता के देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण किया। देहरादून में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के ऐसे दौर में प्रवेश कर रहा है, जो पहले अकल्पनीय था। अमृतसर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर समेत कई बड़े प्रोजेक्ट प्रगति के नए द्वार खोल रहे हैं, जिनसे लोगों की उम्मीदें जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से समय की बचत होगी, यात्रा सस्ती होगी और किराया-भाड़ा कम खर्च होगा। साथ ही हजारों श्रमिकों को रोजगार मिला है और इंजीनियरों सहित कई क्षेत्रों को इसका लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के पर्यटन को इससे बड़ा फायदा होगा। देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और चारधाम यात्रा के लिए यह इंफ्रास्ट्रक्चर अहम साबित होगा। राज्य विंटर टूरिज्म, विंटर स्पोर्ट्स और वेड इन इंडिया के लिए तेजी से उभर रहा है, वहीं शीतकालीन धार्मिक यात्राओं में भी लगातार वृद्धि हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार अभूतपूर्व काम कर रही है। ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए साल में पूरे देश में दो लाख करोड़ -शेष पृष्ठ दो पर

### पीएम मोदी ने सहारनपुर में किया रोड शो डाट मंदिर में की पूजा-अर्चना

**सहारनपुर/बिहारीगढ़/ छुटमलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण करने से पूर्व सबसे पहले सहारनपुर में रोड शो किया। प्रधानमंत्री का विमान सुबह करीब 11 बजे उतरा, लेकिन आमजन सुबह 7 बजे से ही कतारों में खड़े होकर उनके दर्शन के लिए उत्सुक दिखाई दिया। जैसे ही प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का काफिला रोड शो पर निकला, पूरे क्षेत्र में मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारों से माहौल गूंज उठा। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान सिद्धपीठ मां डाट काली मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन की अपील

पीएम मोदी ने कहा कि 16 अप्रैल से संसद में विशेष चर्चा होगी। सभी राजनीतिक दल नारी शक्ति वंदन बिल को मिलकर आगे बढ़ाएं। कहा कि मैंने आज देश की सभी बहनों के नाम एक खुला पत्र लिखा है। बड़े आग्रह के साथ देश की माताओं और बहनों को इस कार्य में शामिल होने का आह्वान किया है। मैं आज देवभूमि से देश के सभी दलों से फिर अपील करूंगा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में समर्थन करें। पीएम मोदी ने कहा कि लंबे इंतजार के बाद संसद ने नारी शक्ति वंदन बिल पास किया है, जो महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार देता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस अधिकार को लागू करने में देरी नहीं होनी चाहिए। 2029 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले चुनावों से ही इस व्यवस्था को लागू किया जाना चाहिए, ताकि महिलाओं की भागीदारी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में और मजबूत हो सके।

### विकास की नई सौगात लेकर आता है पीएम का दौरा: धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि उनका प्रत्येक दौरा उत्तराखंड के लिए नई ऊर्जा और विकास की नई सौगात लेकर आता है। उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश और उत्तराखंड को 12 हजार करोड़ की लागत से बने एशिया के सबसे लंबे ऐलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर की सौगात मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड देश का श्रेष्ठ राज्य बनने के लिए अपने विकल्प रहित संकल्प के साथ 'विकास भी और विरासत भी' की अवधारणा के अनुरूप प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर रही है।

## सम्राट के हाथ होगा बिहार का राजपाट

### नीतीश युग का अंत, भाजपा को मिलेगा पहला सीएम



- राजभवन पहुंचे, सरकार बनाने का दावा पेश किया, आज सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण

**पटना।** भाजपा पहली बार बिहार में अपना सीएम बनाने जा रही है। सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। एनडीए के विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी लोक भवन पहुंचे और वहां राज्यपाल से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सम्राट चौधरी के साथ सभी दलों के प्रमुख भी शामिल थे। अब बुधवार को 11.00 बजे सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। एनडीए की नई सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी लोकभवन पहुंचे हैं। उनके साथ नितिन नवीन और शिवराज सिंह पहुंचे हैं। जदयू की ओर से उमेश सिंह कुशवाहा भी लोकभवन पहुंचे हैं। बिहार विधानसभा के सेंट्रल हाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया। नीतीश कुमार ने उन्हें माला पहनाई। इसमें एनडीए के सभी विधायक और वरिष्ठ नेता पहुंचे हैं। भाजपा नेता नीरज कुमार सिंह ने सम्राट चौधरी के भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर कहा कि बरसों के बाद भाजपा को यह मौका मिला है। एनडीए का शासन होगा, बिहार सम्राट चौधरी के नेतृत्व में काफी विकास करेगा। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने सम्राट चौधरी के भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर कहा कि बहुत खुशी की बात है कि सम्राट चौधरी भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए हैं।

## वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर फटा, 10 मजदूरों की मौत

- 30-40 मजदूर झुलसे, 12 की हालत गंभीर, 80 फीसदी जले, परिजनों का हंगामा

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 10 मजदूरों की मौत हो गई है। एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने 4 मौतों की पुष्टि की है।

वहीं 18 घायलों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल लाया गया, जहां 6 मजदूरों ने दम तोड़ दिया है। बाकी 12 घायलों की हालत भी गंभीर है। मजदूर 80 फीसदी झुलस गए हैं। घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में हर रोज की तरह सामान्य काम चल रहा था। इस दौरान अचानक दोपहर करीब 2 बजे बायलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलसे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और प्रशासन अधिकारी मौके पर पहुंचे। ट्यूब फटने से हादसा हुआ है।

## अतीत की गलतियों को सुधारेगा दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर

अबूबकर शिब्ली



- राज्य में उद्योग आधारित विकास को मिलेगी गति
- ब्रांड के रूप में स्थापित होगी वुड कार्विंग व होजरी इंडस्ट्री

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार अब राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास को सुदृढ़ औद्योगिक अवसंरचना के साथ जोड़कर देख रही है। जिसके चलते सरकार राज्य के परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के प्रयास में लगी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को राष्ट्र को समर्पित किया गया ग्रीनफील्ड दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडोर इसी श्रृंखला की अगली कड़ी है। दरअसल, उत्तर प्रदेश लंबे समय से विकास की दौड़ में एक पिछड़ा राज्य रहा है। जिसका मुख्य कारण वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद राज्य की अर्थव्यवस्था का प्राथमिक क्षेत्र (कृषि) से सीधे तृतीय क्षेत्र (सेवा) में चले जाना रहा है। लगभग तीन दशकों तक द्वितीय क्षेत्र (उद्योग) इस राज्य में उपेक्षित ही रहा। जिसका परिणाम यह हुआ कि राज्य में अपेक्षित रोजगार सृजन नहीं हो पाया, क्योंकि उद्योग ही रोजगार सघन क्षेत्र है। इसी उपेक्षा के कारण दीर्घकाल में राज्य सामाजिक आर्थिक विकास की दृष्टि से पिछड़ता चला गया और उत्तर प्रदेश की गिनती 'बीमारू' राज्यों में की जाने लगी। अतीत में हुई इस नीति गतिहीनता से सबक लेते हुए मौजूदा सरकार प्रदेश में उद्योग आधारित विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। राज्य में निजी निवेश आकर्षित करने के लिए बेहतर व सुरक्षित परिवहन अवसंरचना पहली और अनिवार्य शर्त है। मंगलवार को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया दिल्ली देहरादून आर्थिक कॉरिडोर निवेश आकर्षण की दिशा में एक नवीन अध्याय है। यह कॉरिडोर न केवल उत्तराखंड -शेष पृष्ठ दो पर

## नोएडा हिंसा के बाद योगी सरकार ने बढ़ाई मजदूरी

नोएडा/लखनऊ।

उत्तर प्रदेश सरकार ने नोएडा में श्रमिकों के हिसक विरोध प्रदर्शन के बाद अंतरिम मजदूरी दरों में वृद्धि करते हुए नई दरें एक अप्रैल 2026 से लागू कर दी हैं।

सरकारी आदेश के अनुसार मजदूरी दरों को तीन श्रेणियों गौतमबुद्ध नगर (नोएडा)-गाजियाबाद, नगर निगम क्षेत्र तथा अन्य जिलों में विभाजित किया गया है। गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद -शेष पृष्ठ दो पर

### कर्मचारियों के प्रदर्शन में फिर हुआ बवाल

**नोएडा।** जिले में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद नोएडा के फेज 2 में प्रदर्शनकारी मंगलवार को फिर से जमा हो गए। उन्होंने पत्थरबाजी की है। हालात को काबू में करने के लिए यहां पुलिस तैनात कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आशा भोसले के निधन पर सोनिया ने परिजनों को लिखा भावुक पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को एक भावुक शोक पत्र लिखा है। श्रीमती गांधी ने आशा भोसले के बेटे आनंद और हेमंत भोसले को संबोधित पत्र में कहा कि आशा भोसले के निधन के साथ भारतीय संगीत का एक स्वर्णिम युग समाप्त हो गया है। उन्होंने आशा जी को एक महान कलाक. ार, प्रतीक और करोड़ों लोगों को अपनी आवाज से खुशी देने वाली हस्ती बताया। पत्र में उनकी बहुमुखी प्रतिभा का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें उन्होंने शास्त्रीय, लोक और पॉप संगीत में अपनी अमिट छाप छोड़ी।

### एसएसपी के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट चलाने पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बडगाम जिले में एसएसपी के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट चलाने और लोगों को प्रभावित करने के आरा. प में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पल्लर बडगाम निवासी समीर अली भट फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट के जरिए चैट के स्क्रीनशॉट साझा कर खुद को एसएसपी का करीबी बताकर लोगों पर प्रभाव डालने की को. शिश कर रहा था। जांच में पाया गया कि आरोपी पहले से कई मामलों में संलिप्त है और वह एसएसपी बडगाम के नाम से फर्जी अकाउंट संचालित कर रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 319 और आईटी अधिनियम की धारा 66-सी के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

### आसमान छूती महंगाई के साथ मजदूरी बढ़ाने की बात वाजिब

# नोएडा में वेतन बढ़ाने को श्रमिक आंदोलन सही

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है, उसके अनुसार न्यूनतम मजदूरी भी बढ़नी चाहिए: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नोएडा में श्रमिकों के वेतन बढ़ाने को लेकर किए गए आंदोलन को सही ठहराते हुए कहा है कि आसमान छूती महंगाई के साथ मजदूरी बढ़ाने की बात वाजिब है और उनकी इस मांग पर संवेदनशीलता के साथ ध्यान दिया जाना चाहिए।

गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर नोएडा में कल कई कंपनियों में श्रमिकों द्वारा वेतन बढ़ाने के लिए किए आंदोलन का समर्थन किया और कहा कि जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है, उसके अनुसार उनकी न्यूनतम मजदूरी भी बढ़नी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वह इस देश के श्रमिकों की आखिरी पुकार थी-जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते-मांगते थक गया। नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की 12,000 रुपये मासिक आय में से 4,000-7,000 रुपये किराए में चले जाते हैं। जब तक 300 रुपये की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक 500 रुपये सालाना किराया बढ़ा देता है। आय बढ़ने से पहले ही यह बेलगाम महंगाई जीवन का गला घोंट देती है और कर्ज की गहराई में डुबो देती है, यही है 'विकसित भारत' का सच। उन्होंने आगे लिखा कि एक महिला मजदूर ने कहा रसोई गैस के दाम बढ़ते हैं, पर हमारी आय नहीं। इन लोगों ने शायद इस गैस संकट के दौरान अपने घर का चूल्हा जलाने के लिए 5,000 रुपये तक का गैस सिलेंडर खरीदा होगा। यह सिर्फ नोएडा की बात नहीं है और न ही सिर्फ भारत की। दुनियाभर में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई है। मगर अमेरिका के शुल्क युद्ध, वैश्विक महंगाई और बाधित आपूर्ति शृंखला का बोझ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मित्र' उद्योगपतियों पर नहीं पड़ा। इसकी सबसे बड़ी मार उस मजदूर पर पड़ी है, जो दिहाड़ी कमाता है और तभी रोज खाता है। वह मजदूर, जो किसी युद्ध का हिस्सा नहीं, जिसने कोई नीति नहीं बनाईजिसने बस काम किया, चुपचाप, बिना शिकायत और अपने अधिकार की मांग करने पर उसे मिलता क्या है। दबाव और अत्याचार।

### संशोधन विधेयक सांसदों को उपलब्ध न कराना लोकतंत्र का मजाक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि जिस संविधान संशोधन विधेयक को लेकर सरकार 16 अप्रैल से संसद की बैठक बुला रही है, उसे अब तक सांसदों को उपलब्ध न कराना सरकार की मनमानी और लोकतंत्र का मजाक उड़ाने जैसा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि सरकार ने पहले 29 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक बुलाने की विपक्ष की मांग ठुकराकर मनमानी की और अब तक सांसदों के साथ इस विधेयक को साझा न कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अवहेलना की है। उन्होंने कहा कि संसद की बैठक 16 अप्रैल से शुरू हो रही है। यह बैठक ऐसे समय बुलाई जा रही है जब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुनाव प्रचार चरम पर होगा।

# दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे परियोजना का मुख्य आकर्षण है वन्यजीव गलियारारा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ एक्सप्रेस-वे दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ेगा

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर से उत्तराखंड की राजधानी देहरादून तक निर्मित 212 किलोमीटर लंबे छह लेन ग्रीनफील्ड दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे को राष्ट्र को समर्पित किया। यह एक्सप्रेस-वे दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ेगा। करीब तीन वर्ष में तैयार इस एक्सप्रेस-वे पर वाहन बिना रुके तेज गति से संचा. लित हो सकेंगे और दिल्ली से देहरादून की यात्रा लगभग ढाई घंटे में पूरी की जा सकेगी।

परियोजना में 16 प्रवेश एवं निकास प्वाइंट, 12 टोल प्लाजा तथा 76 किलोमीटर सर्विस रोड का निर्माण किया गया है। करीब 13 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने इस एक्सप्रेस-वे पर 62 फ्लाईओवर और 113 अंडरपास बनाए गए हैं। परियोजना में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा गया है। वन्यजीवों की आवा. जाही के लिए विशेष अंडरपास तथा हाथियों के लिए सुरक्षित गलियारा विकसित किया गया है। परियोजना का मुख्य आकर्षण 12 किलोमीटर लंबा वन्यजीव गलियारा है। इसके नीचे राजाजी नेशनल पार्क और शिवालिक वन क्षेत्र में हिरण, हाथी तथा अन्य वन्यजीव सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकेंगे। गलियारे का निर्माण इस प्रकार किया गया है कि वाहनों की रोशनी और ध्वनि का वन्यजीवों पर न्यूनतम प्रभाव पड़े।

इस एक्सप्रेस-वे से उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली के बीच संपर्क मजबूत होगा। इसके साथ ही पर्यटन, व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। राज्यमंत्री जसवंत सैनी और भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा ने कहा कि यह परियोजना केवल सड़क मार्ग नहीं, बल्कि विकास और रफ्तार का नया मार्ग है।

# मायावती ने केंद्र-राज्य सरकारों पर साधा निशाना

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ संविधान के उद्देश्य सही ढंग से लागू होते, तो देश पूरी तरह आत्मनिर्भर और विकसित बन चुका होता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बी आर अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए देशवासियों, विशेषकर पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का पूरा जीवन गरीबों, वंचितों, शोषितों और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और सम्मान के लिए संघर्ष में बीता। मायावती ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से समानता और न्याय की गारंटी सुनिश्चित की, जिससे वे अमर हो गए और देश हमेशा उनका कृतज्ञ रहेगा। उन्होंने बसपा समर्थकों द्वारा पूरे देश में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए धन्यवाद भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र और राज्यों की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि बाबा साहेब के मानवतावादी और बहुजन-कल्याणकारी संविधान के उद्देश्यों को सही ढंग से लागू किया गया होता, तो आज देश पूरी तरह आत्मनिर्भर और विकसित बन चुका होता। उन्होंने आरोप लगाया कि अभी भी देश में करोड़ों लोग गरीबी, बेरोजगारी, जातिवाद और शोषण जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

# नोएडा में हिंसा के लिए सरकार जिम्मेदार

## इंटेलिजेंस पूरी तरह फेल रही: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने नोएडा में हुई घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इसे सरकार की नाकामी बताते हुए कहा कि इंटेलिजेंस पूरी तरह फेल रही और प्रशासन को पहले से जानकारी होने के बावजूद घटना को होने दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर यह कोई बड़ी साजिश है तो इसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी पर आती है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में भाजपा को सत्ता से हटाया जाएगा और उनकी पार्टी बाबा साहब के संविधान पर आधारित समाज की स्थापना करेगी। अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पर व्यक्तिगत हमला करते हुए कहा कि उनसे बड़ा झूठ बोलने वाला कोई संत नहीं है। उन्होंने उन्हें नकली संत बताते हुए आरोप लगाया कि सरकार का संविधान से कोई सरोकार नहीं है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा नेता हार के डर से भूमिगत हो गए हैं, लेकिन जनता मिलकर उन्हें हराने और सत्ता से हटाने का काम करेगी। उन्होंने भीमराव अंबेडकर के संविधान को ष्लोहे की तलवारष बताते हुए कहा कि यह देश के लोगों को न्याय और सम्मान दिलाने का माध्यम है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दौरान बाबा साहब की प्रतिमाओं को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया गया है और चुनाव से पहले बजट के जरिए जनता को गुमराह करने की को. शिश की जाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलितों, पिछड़ों और पीडीए वर्ग के खिलाफ भेदभाव जारी है, हालांकि जनता अब इन साजिशों को समझ चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं द्वारा 400 से अधिक सीटें जीतने और संविधान बदलने के दावे किए गए थे, लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता ने मतदान के जरिए संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है।

### अंबेडकर जयंती पर मुख्यमंत्री योगी ने बाबा साहब के आदर्शों को बताया पथप्रदर्शक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'भारत रत्न' बी आर अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने बाबा साहब के आदर्शों को बताया पथप्रदर्शक बताया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहब ने समता, न्याय और बंधुत्व के उच्च आदर्शों से आलोकित, समरस एवं समावेशी समाज की मजबूत आधारशिला रखी। भारतीय संविधान के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है, जिसने देश को लोकतांत्रिक मूल्यों की सुदृढ़ दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि अंत्योदय और लोक-कल्याण के प्रति समर्पित बाबा साहब सच्चे अर्थों में मां भारती के अमूल्य रत्न हैं। उनका संपूर्ण जीवन समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब का प्रेरक जीवन और उनके आदर्श हम सभी के लिए सदैव पथप्रदर्शक रहेंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर समाज में समानता, न्याय और समरसता स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास करें।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


सेंसेक्स 77550.25
निफ्टी 24050.60


सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार


चांदी रु. 239685
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया संकट: वाहन उद्योग के लिए अप्रैल में होगी अग्नि परीक्षा

नई दिल्ली, वार्ता

वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम का मानना है कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर अप्रैल में अग्नि परीक्षा होगी।

सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने मंगलवार को वाहनों की थोक बिक्री के आंकड़े जारी करने के बाद संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा कि मार्च में उत्पादन प्रभावित नहीं हुआ है, लेकिन अप्रैल में कंपनियां दबाव महसूस कर रही हैं और इस महीने कंपनियों की 'अग्नि परीक्षा' होगी। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि युद्ध लंबा न चले यदि ऐसा होता है वाहनों की बिक्री में एकल अंक की वृद्धि के कुछ अनुमान सही साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल लोग जानकारी लेने के लिए शोरूम में आ रहे हैं, लेकिन खरीदारी का फैसला लेने में देरी कर रहे हैं। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रमुख श्री चंद्रा ने कहा कि अप्रैल के पहले दो सप्ताह में पश्चिम एशिया संकट का दबाव पड़ना शुरू हो गया है और उत्पादन की लागत बढ़ी है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम की आपूर्ति पहले पश्चिम एशिया से होती थी, अब कंपनियां उसका विकल्प खोज रही हैं। उन्होंने कहा अप्रैल में यह साफ होगा कि आपूर्ति बढ़ने की रफ्तार और पहले से मौजूद कलपुर्जों और कच्चे माल के भंडार की खपत की रफ्तार में कितना संतुलन बन पाता है। चंद्रा ने कहा कि वाहन उद्योग में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने वाले प्रोपेन और एलपीजी की कमी चिंताजनक है। कुछ चुनिंदा पेट्रो-रसायन के दाम बढ़ रहे हैं और परिवहन की लागत भी बढ़ी है।

सियाम के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में वाहनों की घरेलू बिक्री 10.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,82,65,519 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 7.9 प्रतिशत बढ़कर 46,43,439 इकाई पर पहुंच गई। दुपहिया की बिक्री 10.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,17,05,974 इकाई पर रही। श्री चंद्रा ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में सभी खंडों में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। सात साल बाद यह स्थिति बनी है जो वाहन निर्माता कंपनियों के लिए खुशखबरी है। उन्होंने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर की दरों में पिछले साल सितम्बर में की गई कटौती से ग्राहक धारणा मजबूत बनी हुई है।

### इंडिगो की चार दिन की सेल, टिकट पर 10 प्रतिशत तक छूट

**नई दिल्ली।** प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने मंगलवार से चार दिन की सेल की घोषणा की है जिसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर बुकिंग में 10 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। 'समर गेटअवे' सेल के तहत 14 अप्रैल से 17 अप्रैल के बीच बुकिंग कराई जा सकती है, जबकि यात्रा की तारीख 01 जुलाई से 09 अक्टूबर 2026 के बीच होने की शर्त रखी गई है। यात्री इंडिगो की वेबसाइट, मोबाइल एप, एआई-संचालित असिस्टेंट 6ईस्काई, इंडिगो के व्हाट्सएप नंबर (91-70651 45858), या चुनिंदा ट्रैवल पार्टनर के वेबसाइट्स और ऐप के माध्यम से बुकिंग करते समय 'एसयूएमआर 10' (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) प्रोमो कोड का उपयोग करके इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

# वाहनों की घरेलू बिक्री 10.4 प्रतिशत बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली।



पहली छमाही के सुस्त प्रदर्शन के बावजूद वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और रेपो दरों में कटौती के कारण वित्त वर्ष 2025-26 में वाहनों की घरेलू बिक्री 10.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,82,65,519 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष के दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 7.9 प्रतिशत बढ़कर 46,43,439 इकाई पर पहुंच गई। दुपहिया की बिक्री 10.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,17,05,974 इकाई पर रही। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्र ने रिपोर्ट जारी करने के मौके पर बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में सभी खंडों में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। सात साल बाद यह स्थिति बनी है जो वाहन निर्माता कंपनियों के लिए खुशखबरी है।

वित्त वर्ष के दौरान वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 12.6 प्रतिशत मजबूत वृद्धि देखी गई और यह एक साल पहले के 9,58,679 इकाई से बढ़कर 10,79,871 इकाई पर रही। तिपहिया की बिक्री में भी 12. 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 8,36,231 इकाई हो गई। हालांकि तिपहिया के खंड में ई.रिक्शा की बिक्री में 29.6 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। श्री चंद्रा ने कहा कि जीएसटी की दरों में पिछले साल सितम्बर में की गई कटौती से ग्राहक धारणा मजबूत बनी हुई है।

इसके साथ ही रिजर्व बैंक द्वारा पिछले साल रेपो दरों में की गई कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती और सरकार द्वारा आयकर छूट की सीमा बढ़ाने से भी बिक्री बढ़ाने में मदद मिली है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पीएम मोदी...**

भी खर्च नहीं होते थे, आज 12 लाख करोड़ से ऊपर होते हैं। उत्तराखंड में ही सवा दो लाख करोड़ से ऊपर की परियोजनाओं पर काम जारी है। कभी उत्तराखंड के गांव में सड़क के इंतजार में पीढ़ियां बदल जाती थी। अब सड़क गांव तक पहुंच रही है। वीरान गांव फिर जीवंत हो रहे हैं।

ये रहे उपस्थित' कार्यक्रम में मंच पर प्रदेश के राज्यपाल ले.ज. (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, विजय बहुगुणा, डा. रमेश पोखरियाल निशंक, तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, रेखा आर्य, खजान दास, डा. धन सिंह रावत, सौरभ बहुगुणा, मदन कौशिक, राम सिंह कैड़ा, भरत चौधरी, प्रदीप बत्रा, सांसद अनिल बलूनी, अजय भट्ट, माला राज्यलक्ष्मी शाह, नरेश बंसल उपस्थित रहे। वहीं, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वर्चुअल माध्यम से शामिल हुईं। कार्यक्रम में इनके अलावा उत्तराखंड के विधायकगण, दायित्वधारी, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम जनता मौजूद रही।

**अतीत की...**

से लेकर दिल्ली तक विकास की एक श्रृंखला स्थापित करेगा, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद के लिए भी विकास के नए द्वार खोलेगा, क्योंकि इस कॉरिडोर का एक तिहाई से अधिक हिस्सा सहारनपुर से होकर गुजरता है। यही कारण है कि यह कॉरिडोर जनपद में परिवहन कनेक्टिविटी और बेहतर जीवन स्तर के साथ ही औद्योगिक विकास के नए अवसर पैदा करेगा। इस कॉरिडोर के किनारे राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक क्लस्टर्स विकसित करने की योजना है। जिससे न सिर्फ पर्याप्त रोजगार सृजन होगा। बल्कि सहारनपुर की वुड कार्विंग और होजरी इंडस्ट्री को भी ब्रांड आधारित उन्नति के अवसर मिलेंगे।

इसके साथ ही यह उत्तराखंड की चारधाम महामार्ग परियोजना के साथ जुड़कर धार्मिक पर्यटन को भी मजबूत करेगा। इतना ही नहीं यह कॉरिडोर वर्तमान में तनाव से गुजर रहे मानव-वन्यजीव संबंधों को भी बेहतर बनाते हुए हिमालय के पारिस्थितिकी तंत्र के साथ संतुलित विकास का वाहक बनेगा। यह हाईवे शिवालिक रेंज में 12 किमी. लंबे वन्यजीव गलियारे के ऊपर से होकर गुजरेगा। जिसमें 6 वन्यजीव व 2 पृथक हाथी अंडरपास शामिल हैं। इससे मानव व वन्यजीव अपने अपने क्षेत्र में संतुलित एवं विकसित जीवन यापन का अनुभव करेंगे। संक्षेप में कहे तो यह कॉरिडोर केंद्र व राज्य सरकार के व्यापक विजन का हिस्सा है, जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित सहारनपुर में क्षेत्रीय व पर्यावरणीय संतुलन के साथ सुदृढ़ औद्योगिक अवसंरचना पर केंद्रित है। इससे सामाजिक आर्थिक विकास के नए अवसर उत्पन्न होंगे। साथ ही यह उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश बनाने का दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

**नोएडा हिंसा...**

में अकुशल श्रमिकों की मजदूरी 11,313 रुपये से बढ़ाकर 13,690 रुपये, अर्द्धकुशल श्रमिकों की 12,445 रुपये से बढ़ाकर 15,059 रुपये तथा कुशल श्रमिकों की 13,940 रुपये से बढ़ाकर 16,868 रुपये कर दी गई है। नगर निगम वाले अन्य शहरों में अकुशल श्रमिकों की मजदूरी 11,313 रुपये से बढ़ाकर 13,006 रुपये, अर्द्धकुशल श्रमिकों की 12,445 रुपये से बढ़ाकर 14,306 रुपये तथा कुशल श्रमिकों की 13,940 रुपये से बढ़ाकर 16,025 रुपये निर्धारित की गई है। सरकार ने सोशल मीडिया पर न्यूनतम मजदूरी 20 हजार रुपये प्रतिमाह तय किए जाने के दावों को भ्रामक और निराधार बताया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक के बाद सोमवार देर रात लिया गया।

### प. बंगाल विधानसभा चुनाव में 2,926 उम्मीदवार मैदान में

**नई दिल्ली/कोलकाता।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की है। चुनाव आयोग के अनुसार नामांकन वापसी की अंतिम तिथि के बाद राज्य में कुल 2,926 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पहले चरण में 152 विधानसभा सीटों पर 1,478 उम्मीदवार और दूसरे चरण में 142 सीटों पर 1,448 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि नौ अप्रैल थी, जबकि 10 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटिनी) और 13 अप्रैल को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। चुनाव कार्यक्रम के तहत दूसरे चरण के लिए मतदान 29 अप्रैल को कराया जाएगा।

# अंबेडकर के विचारों से प्रेरित हैं सरकार की योजनाएं: नितिन

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा कि सरकार की योजनाएं बाबा साहब अंबेडकर के विचारों से प्रेरित है और इसी का अनुकरण करते हुए केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रही है।

श्री नितिन ने आज यहां भाजपा मुख्यालय में संविधान के शिल्पकार डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलित अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से बाबासाहेब को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय ने समावेशी विकास के जरिए विकसित भारत का सपना देखा था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार साकार करने का प्रयास कर रही है।

महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाते हुए केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रही है। भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि अतीत में अंबेडकर को उचित सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित सरकार बनने के बाद ही बाबा. साहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने अंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों का विकास, संविधान दिवस की शुरुआत और अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना जैसे कदम उठाकर उनके विच. ारों को सम्मान दिया है। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शाहपुर मार्ग पर हादसे में चालक की रहस्मय मौत

## कल्लरपुर में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, मृतक के परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार की रात शाहपुर बुढ़ाना मार्ग पर कार चालक की एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई, हालांकि मृतक के शरीर पर चोटे के कोई निशान नहीं है, लेकिन सवेरे के समय वह अपने परिचित कार चालक के साथ गया था और रात्रि में परिवार के लोगों को उनकी मौत की खबर मिली। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरा औरघटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की तहकीकात की। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

वहीं दूसरी ओर गांव कल्लरपुर कच्छौली में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। पुलिस ने शव को पीएम के लिएभेज दिया।

नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव बुढ़ाना मोड खंजापुर के रहने वाले 40 वर्षीय अमित अरोरा पुत्र प्रदीप अरोरा कार चालक थे वह दो बच्चों के पिता थे और कार चलाकर ही वह अपने परिवार का पालन पोषण करते थे घटना सोमवार की है सवेरे के समय अमित अरोरा अपने परिवार से किसी काम से कह कर गए थे और रात्रि करीब साढ़े आठ बजे उनके भाई सन्नी को यह खबर मिली कि अमित सड़क दुर्घटना में घायल हो गए है यह सुनते ही पूरा परिवार जिला अस्पताल में पहुंचा क्योकि घटना स्थल शाहपुर क्षेत्र का था, हालांकि नगर कोतवाली पुलिस भी मौके परपहुंच चुकी थी, लेकिन जैसे ही डॉक्टरों ने अमित अरोरा को मृतक घोषित किया तो वहीं परिवार में रोना पीटना पड गया। मृतक के भाई सननी का कहना है कि उनके शरीर पर चोटे के कोई निशान नहीं थे और पुलिस ने उनको बताया कि कार डिवाइडर से टकराने के कारण उनकी मौत हो गई, हालाकि कार को गांव पिनना निवासी रवि चला रहा था, अमित अरोरा की मौत हो गई।

कार को भी क्षतिग्रस्त बताया जा रहा है कि और यह घटना शाहपुर क्षेत्र के गांव निर्माणा के निकट बताई जा रही है। घटना किस तरह हुई अमित की मौत अचानक कैसे हो गई अब यह तो पुलिस जांच का विषय है फिलहाल पुलिस ने पीएम कराने के बाद इस मामले में जांच पडताल शुरू कर दी।

वहीं दूसरी और नगर कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव कल्लरपुर कच्छौली निवासी 35 वर्षीय मोनू पुत्र खचेडू को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मोनू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है घटना के पीछे का कारण तो परिवार वाले ही जाने, लेकिन मृतक कापरिवार जहां पोस्टमार्टम कराने से इंकारकर रहा था तो वही पुलिस ने मामले की तह तक जाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है फिलहाल मोनू की मौत से पूरा परिवार गमजदा है। परिजनों का कहना है कि मृतक अमित अरोरा ही परिवार का पालन पोषण करने वालो अकेला सहारा था।



मुजफ्फरनगर: टाउनहाल में आंबेडकर जयंती पर शोभायात्रा का शुभारंभ करते मंत्री व अन्य।

# जिला अस्पताल में लाइन में लगी महिला की मौत

- **आंख का इलाज कराने आई थी मृतका संगीता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला अस्पताल में अपना नम्बर आने की इंतजार कर रही लाइन में लगी महिला की अचानक हालत खराब हो गई और इमरजेंसी में ले जाने के बाद डॉक्टरो ने उसको मृत घोषित कर दिया। नई मंडी क्षेत्र के मौहल्ला अंकित विहार सरवट की रहने वाले 52 वर्षीय संगीता पत्नी सतेन्द्र मंगलवार की सवेरे अपनी आंख काइलाज कराने के लिए जिला अस्पताल पहुंची इस समय लाइन काफी लम्बी थी। लाइन में लगी संगीता की अचानक ही हालत बिगड गई उनको तुरंत ही इमरजेंसी में ले जाया गया तो डॉक्टरो ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर परिवार के लोग कुछ ही देर मे अस्पताल पहुंच गए और उन्होने बताया कि संगीता का आंख का इलाज चल रहा था और उनका ऑपरेशन होना था फिलहाल परिवार के लोग बाहर गए हुए थे। परिजनों ने संगीता का पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया है, लेकिन सवाल यह है कि लाइन में लग कर इंतजार कर रही महिला की मौत हो गई।

# कानून सबके लिए बराबर: एसएसपी ने हुड़दंगबाज दरोगा को किया सस्पेंड

## वीआईपी ड्यूटी के दौरान तहसील परिसर में किया था हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शासन प्रशासन जहां अपराधियो के विरूद्ध कडी कार्यवाही कर अपराधों पर अंकुश लगाने के प्रयास कर रहा है तो वहीं अधिकारी कानून में फैली बुराईयों को दूर करने से भी पीछे नहीं हट रहे। कई मामले देखने ऐसे आए है कि पुलिस के अफसर विभाग में फैली भ्रष्टाचारी लापरवाही व अन्य कोई भी खामिया हो उन्हे दूर कर आरोपी विभाग के कर्मचारियों पर कानूनी कार्यवाही करने से पीछे नहीं है। मंगलवार को भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां वीआईपी ड्यूटी से न केवल नदारद् बल्कि शराब के नशे में अर्द्धनग्न अवस्था में तहसील परिसर में हुडदंग मचा रहे दरोगा पर कार्यवाही करते हुए उन्हे निलबिंत कर दिया है।



बता दे कि सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनपद मुजफ्फरनगर में प्रोग्राम था और उन्होने कई कार्यक्रमों के भाग लिया इसकी तैयारी में जनपद का पुलिस व प्रशासन पुर जोर से लगा था इसमें पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की ड्यूटी लगी हुई थी, लेकिन जिस समय सीएम योगी का प्रोग्राम चल रहा था उसी समय पुलिस के अफसरों को सूचना मिली कि एक दरोगा वर्दी की कमीज उतारकर तहसील में हुडदंग मचा रहा है। इतना ही नहीं दरोगा पर शराब पीने का भी आरोप लगाया गया था और इसकी वीडियो वायरल भी हो रही थी। सीएम का कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद अधिकारियों ने इस मामले का संज्ञान लिया, हालांकि जिस समय यह ड्रामा चल रहा था उस समय कुछ पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए थे और उन्होने यहां पडे दरोगा का नाम पूछा। वायरल वीडियो को देखा जाए तो दरोगा जी बार–बार लडखडाते नजर आ रहे है और बार–बार कोशिश करने के बाद भी वह उठ नहीं पा रहे। इतना ही नहीं पुलिसकर्मियों द्वारा पुछे जाने पर कि वह कहां तैनात है इसका जवाब वह एक बात से देते दिखाई दे रहे है कि वह कौन सी जगह है जहां वह खडे है, जबकि पुलिसकर्मी कह रहा है कि आप खडे नहीं जमीन पर लेटे हुए है। कुल मिलाकर काफी समय तक पुलिसकर्मी नाम, पता पूछते रहे, लेकिन दरोगा एक ही बात पर अडे रहे कि वह कौनसी जगह खडे है यह बात हम नहीं कह रहे है यह तो वायरल वीडियो से स्पष्ट हो रहा है कि यहां क्या हो रहा है। कुछ देर बाद दरोगा जी को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पता लगा कि वह फुगाना थाने में तैनात है और उनका नाम दरोगा चौबे सिंह है। फिलहाल एसएसपी ने इस मामले में तुरंत ही कार्यवाही करते हुए दरोगा चौबे सिंह को निलबिंत करते हुए इसकी जांच भी बैठा दी है ऐसा पुलिस विभाग का कहना है यह भी पुलिस विभाग में चर्चा है कि दरोगा जी ने अत्यधिक शराब का सेवन किया था। पुलिस महकमा इस बात को लेकर हैरत में है कि जिनकी ड्यूटी वीआईपी कार्यक्रम में लगाई गई थी वह इतनी लापरवाही करेगे जो पुलिस सुरक्षा पर सवाल उठा सके, हालांकि सीएम के कार्यक्रम में कोई भी खामिया नहीं हुई और प्रोग्राम सकुशल सम्पन्न हुआ, लेकिन ऐसे पुलिसकर्मी पुलिस विभाग की छवि धुमिल करने से पीछे नहीं हटते। यह बात भी हम नही कह रहे है बल्कि कुछ लोगों में यह चर्चाए रही कि आखिर वीआईपी ड्यूटी में एक दरोगा के पद पर तैनात पुलिसकर्मी ऐसी लापरवाही करेगा तो अन्य कार्यक्रमों में क्या हो सकता है? यदि जिस जगह दरोगा की ड्यूटी लगाई गई थी कोई बात हो जाती तो जवाब कौन देता। कुल मिलाकर एसएसपी ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और सस्पेंड की कार्यवाही कर विभागीय जांच बैठा दी है।

# आंबेडकर जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

## टाउनहाल से मंत्री कपिल देव व अनिल ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। निकल गई शोभा यात्रा में श्रद्धालु बाबा भीमराव अंबेडकर की नीतियों का बखान करते हुए डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए चल रहे थे।

शोभायात्रा शहर के टाऊनहाल मैदान से शुरू हुई नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल व कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सभासद सभासद राजकुमार सिद्धार्थ, महामंत्री द्वीप चंद, भोरन लाल, सुबोध, संरक्षक रजनीश गौतम, बाबू सिंह बौद्ध, गीता काकरान, रामेश्वरी ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में सांसद हरेन्द्र मलिक, सपा नेता राकेश शर्मा, पूर्व मंत्री संजीव बालियान सहित जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिद्धार्थ सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत नीली पगड़ी पहनाकर किया तथा अंबेडकर का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा सभासद मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, सुनीता अंबेडकर, रविकांत शर्मा उर्फ काका, प्रमोद अंबेडकर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### स्मारक पर जनप्रतिनिधियों ने किया नमन

**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कचहरी गेट स्मारक पर किया माल्यार्पण और सामाजिक न्याय के संकल्प को दोहराया तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने बाबा साहेब के विचारों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। यहां पर मुख्य रूप से पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, सांसद हरेन्द्र मलिक, सपा नेता राकेश शर्मा, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, कल्याणकारी अम्बेडकर समिति के संस्थापक पूर्व विधायक महावीर आजाद, महासचिव भंवर तेजियान, अशोक प्रधान, नरेन्द्र जयंत, दलेल सिंह और बाबू सिंह बौद्ध मौजूद रहे।

अंबेडकर जन्मोत्सव समिति ने दिवंगत बिजेन्द्र पाल के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि दुख की इस घडी में अंबेडकर जन्मोत्सव समिति उनके साथ है। यहां अध्यक्ष राजकुमार सिद्धार्थ ने मंच से बिजेन्द्र पाल की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करने का आह्वान किया।

# पैसों के विवाद में नौकर ने व्यापारी का सिर फोड़ा

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन क्षेत्र के आर्य समाज रोड पर किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद नौकर ने दुकान मालिक का हत्था मारकर सिर लहुलूहान कर दिया घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया और इस संबंध में थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस ने हमले काआरोपी नौकर को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पैसे को लेकर कहासुनी होना बताया जा रहा है।

अवध विहार कॉलौनी निवासी कुलद. ीप कश्यप आर्य समाज रोड हरिओम की दुकान पर नौकरी करता है। मंगलवार को किसी बात को लेकर व्यापारी व नौकर के बीच कहासुनी हुई विवाद तो साढ़े बारह हजार रूपये को लेकर बताया जा रहा है, लेकिन नौकर ने विवाद के चलते व्यापारी का सिर लुहलूहान कर दिया। सूचना के बाद पुलिस तुरंत ही मौके पर पहुंची और आरोपी कुलदीप कश्यप को अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि तहरीर लेकर इस मामले में कार्यवाही कर दी गई है।




# टोपी लगाकर जय श्री राम के नारे लगाने का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा के दौरान एक मुस्लिम युवक मोहम्मद लुकमान राणा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोमवार को जनसभा स्थल के बाहर लुकमान राणा सिर पर इस्लामिक टोपी और गले में 'राम नाम' का पटका डाले 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने अपनी विशिष्ट वेशभूषा में नारे लगाए, जिसका वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने बनाया। यह वीडियो अब तेजी से सोशल मीडिया पर फैल रहा है और लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। लुकमान राणा ने अपने इस कदम के पीछे भाईचारे के संदेश को मुख्य बताया। उन्होंने कहा कि भाईचारा ही सबसे बड़ी पहचान है और इसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाना चाहिए।

### अलमासपुर चौक का नाम आंबेडकर चौक करने की मांग उठाई

**मुजफ्फरनगर।** डॉक्टर बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव पर आयोजित गोष्टी में अंबेडकर युवा मंच के अध्यक्ष राजेश कुमार पप्पू ने कहा कि यह गौरव की बात है कि आज पूरा विश्व बाबा साहब के आदर्श अपना रहा है। उन्होने अलमासपुर चौक का नाम अंबेडकर चौक रखने की मांग की।

# सिसौली में नरेश व शहर में कमल ने बाबा को किया नमन



**सिसौली।** अंबेडकर भवन सिसौली में अंबेडकर जयंती के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान से ही हम भारतवासियों को विभिन्न तरह की स्वतंत्रताएं मिली है। कचहरी गेट स्थित स्मारक पर कार्यक्रम की अध्यक्ष किसान चिंतक एवं कांग्रेसी नेता कमल मित्तल ने की। उन्होने अंबेडकर को नमन किया। यहां महिला विंग जिलाध्यक्ष अफसाना अंसारी, सतीश शर्मा, इमरान, रजत, शबाना, फरीद एडवोकेट, ममनून अंसारी, साकिब अंसारी, ब्रजेश, हर्षवर्धन रहे।









# देहात में भी धूमधाम से मना आम्बेडकर का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को कस्बा बुढ़ाना में जन्मोत्सव व भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। दोपहर बाद कस्बे के अंबेडकर पार्क से शुरू हुई शोभायात्रा में हजारों की संख्या में अनुयायी शामिल हुए। पूरा कस्बा जय भीम-जय संविधान के नारों से गूंज उठा। शोभायात्रा अंबेडकर भवन से आरंभ होकर कस्बे के कांधला रोड को होती हुई अन्य मुख्य मार्गों से गुजरी। शोभायात्रा में डीजे की धुन पर युवा बाबा साहेब के गीतों पर थिरकते नजर आए। सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र डॉक्टर आंबेडकर के जीवन संघर्ष, शिक्षा और संविधान निर्माण से जुड़ी मनमोहक झांकियां रही। भगवान बु) की झांकी और संविधान की प्रति लिए झांकी को लोगों ने हाथ जोड़कर नमन किया। युवाओं ने हाथों में नीले झंडे लेकर बाइक रैली भी निकाली। शोभायात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा की ख्रष्टि से कस्बे में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था। बुढ़ाना कोतवाली प्रभारी सुभाष अत्री सीओ्र गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स लेकर शोभायात्रा के साथ चलते रहे। ड्रोन कैमरे से भी पूरे मार्ग की निगरानी की गई। शांतिपूर्ण माहौल में शोभायात्रा का समापन देर रात अंबेडकर भवन पर हुआ जहां प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कश्यप समाज बुढ़ाना क्षेत्र की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने कहा कि डॉक्टर



बुढाना: बुढ़ाना में डा.अम्बेडकर को माल्यार्पण करते अतिथि।

भीमराव आंबेडकर ने संविधान देकर देश के करोड़ों दलित, वंचित, शोषित और पिछड़े वर्ग को सम्मान से जीने का अधिकार दिया। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया। बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समता और सामाजिक न्याय की मिसाल है। युवाओं से उनके बताए शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के मार्ग पर चलने का आ]वान किया गया। शोभायात्रा व जन्मोत्सव कार्यक्रम में डॉक्टर सोनू कश्यप, डॉक्टर शेखर कुमार, डॉक्टर विशाल कुमार पाल, मुकेश कश्यप उर्फ नानू, अभिनव कश्यप, अनुज जाटव, संतलाल सागर, सुनील सागर, सतीश भारती, रामधन, जगत सिंह, दीपक कुमार और राजकुमार गौतम सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्र)ालु मौजूद रहे। आयोजक मंडल ने शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पुलिस, प्रशासन व कस्बावासियों का भी आभार जताया। **उधर भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर** की 135वीं जयंती पर ग्रामीण क्षेत्रों में निकलने वाली शोभा यात्राओं को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक ने शाहपुर व रतनपुरी थाना क्षेत्रों का दौरा कर शोभा यात्रा मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ग्रामीण श्री महाडीक सबसे पहले थाना शाहपुर क्षेत्र के ग्राम सोरम पहुंचे। वहां उन्होंने आंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा के निर्धारित रूट का पैदल भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद वे थानाक्षेत्र रतनपुरी के ग्राम भूपखेड़ी पहुंचे और वहां के शोभा यात्रा मार्ग, गलियों व मुख्य चौराहों की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान एसपी ग्रामीण ने मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, ड्रोन कैमरे की तैनाती व फोर्स डिप्लॉयमेंट का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने थानाध्यक्षों व डड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि शोभायात्रा के दौरान सतर्क रहकर डड्यूटी का निर्वहन करें। संवे. दनशील स्थानों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष निगरानी रखी जाए। **उधर जानसठ** तहसील बार एसोसिएशन ने 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर और महान गणितज्ञ आर्यभट की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके संविधान, सामा. जिक न्याय और समानता के योगदान को याद किया गया, साथ ही महापुरुष आर्यभट के चित्र पर बजी पुष्प अर्पित करते हुए शून्य और गणितीय योगदान को याद किया गया।इस दौरान इमान अली एडवोकेट को बार एसोसिएशन की ओर से बेस्ट सोशल वर्कर एंड जर्नलिस्ट का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान कोषाध्यक्ष रघुनाथ सिंह, रमेश चंद शर्मा, संजीव चौधरी, इरशाद राव, तेजपाल सिंह, सोहित कांबोज, सीमा कुमारी आदि अधिवक्तागण एवम् विनय शर्मा, प्रदीप कुमार, मांगे सिंह आरिफ जैदी आदि सहयोगी मौजूद रहे।इस दौरान कोषाध्यक्ष रघुनाथ सिंह, रमेश चंद शर्मा, संजीव चौधरी, इरशाद राव, तेजपाल सिंह, सोहित कांबोज, सीमा कुमारी आदि अधिवक्तागण एवम् विनय शर्मा, प्रदीप कुमार, मांगे सिंह आरिफ जैदी आदि सहयोगी मौजूद रहे। **वहीं जानसठ कस्बे** व नगर में 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से बनाई गई व झांकियों के द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े हर्ष उल्लास के साथ संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान ग्राम सादपुर में अंबेडकर चौक व उत्तर के मोहले मंदिर चौक पर भी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनको पुष्प अर्पित किए गए और उनकी महानता को याद किया गया तो वहीं अंबेडकर चौक पर सपा नेता श्यामलाल बच्ची सैनी भी पहुंचे और उन्होंने भी बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तो वही लोगों ने उनकी संविधान, सामाजिक न्याय,समानता के योगदान को याद किया। और उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। और उनके दिखाई रास्ते पर चलने के लिए कहा गया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रधान पति नानक चंद और पप्पू,मास्टर नाहर सिंह, मास्टर संजय सिंह,योगेश कुमार, पीकू कुमार, बिट्टू चौधरी, विकास कुमार, मास्टर साजिद चौधारी,इरशाद,डीलर रामबीर,दिलशाद,पूर्व प्रधान विपिन कुमार, गन्ना समिति अध्यक्ष अमित कुमार, चुन्नी, इरफ़ान, मास्टर सुशील कुमार, गुलजार, जॉनी अब्बासी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। **वहीं बुढ़ाना** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के बुढ़ाना कस्बा और विभिन्न गांवों में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व जिला बार संघ मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी के विभिन्न गांवों में कार्यक्रम निर्धारित थे मगर अचानक स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने के चलते प्रमोद त्यागी के भतीजे व नगर पंचायत बुढ़ाना की अध्यक्षा उमा त्यागी पत्नी सुबोध त्यागी पूर्व चेयरमैन डीसीडीएफ मुजफ्फरनगर के बेटे अभिनव त्यागी विभिन्न गांवों में आयोजित बाबा साहेब जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। बुढ़ाना में डॉक्टर बीआर आंबेडकर युवा ग्रुप की ओर से आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम का युवा नेता अभिनव त्यागी ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। यहां पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और फिर केक भी काटा। अभिनव त्यागी ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की एक ऐसी विचारधारा हैं जो आज भी हर वर्ग को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि शिक्षा, संघर्ष और आत्मसम्मान के बल पर हर बाधा को पार किया जा सकता है। इसके बाद बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के गांव भसाना, सफीपुर, अलीपुर अटेरना, लुहसाना, विज्ञाना, मिंडकाली व चंधेडी समेत विभिन्न गांवों में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। इस दौरान अभिनव त्यागी के साथ सभासद नसीम सिद्दीकी, इकबाल कुरैशी, पुनीत गर्ग, लोकेश शर्मा, नेपाल सिंह जाटव, उमरेज सिद्दीकी, राजू पांचाल, विनीत त्यागी, छोटू त्यागी, तनवीर कुरैशी, अरविंद भटनागर, अवि त्यागी, अंकित त्यागी, गुलबशर सैफी, अंकुर त्यागी आदि रहे।

**उधर जानसठ** नगर में अम्बेडकर भवन से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



जानसठ में आम्बेडकर जयंती मनाते सपा कार्यकर्ता।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जानसठ में अब्दुल्ला कुरैशी सपा जिला (अध्यक्ष अ.स. सभा) सभासद मोहम्मद अहसान, गुलफाम मलिक, मन्शूर अंसारी, हारून खान , अब्दुल समद अंसारी , तन्नू कुरैशी आदि ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर परकार्यक्रम में नगर पंचायत के सभासदों, एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष (अ.स.सभा) अब्दुल्ला कुरैशी, सभासद मोहम्मद अहसान, मन्शूर अंसारी, गुलफाम मलिक सहित जनप्रति. निधियों ने बाबा साहेब के विचारों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के वंचित वर्गों के लिए प्रेरणा स्रोत है। सभासद मोहम्मद अहसान ने कहा, कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाया गया संविधान देश के हर नागरिक को समान अधिकार देता है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर समाज में भाईचारा और समानता स्थापित करनी चाहिए।

इस दौरान प्रभात फेरी भी निकाली गई और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। इस दौरान मुख्य रूप से प्रमोद तेजियान, ईश्वर, सुशील कुमार, गंगाशरण, रामधारी, राजेन्द्र कुमार, हर-स्वरुप आदि मौजूद रहे।

## सिद्धबली विहार कॉलोनी में मनाई जयंती

**नजीबाबाद।** कोतवाली मार्ग स्थित सिद्धबली विहार कॉलोनी में डा. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति जनजाति जनकल्याण समिति द्वारा बाबा साहब की जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला शक्ति के द्वारा केक काटकर और पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। इस मौके पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें और सभी ने बाबा साहब के विचारों को अपनाने की बात कही।

# रवापुरी सठेड़ी में आंबेडकर जयंती पर दिखा श्रद्धा और उत्साह का संगम

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रवापुरी सठेड़ी स्थित जवाहरलाल नेहरू स्मृति इंटर कॉलेज में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. चन्द्रमोहन शर्मा ने अपने संबोधन में बाबा साहब के जीवन संघर्ष, उनके विचारों और देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि समाज में समानता और न्याय के मजबूत स्तंभ थे। प्रधानाचार्य ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का संदेश आज भी हर व्यक्ति के लिए मार्गदर्शक है।

उन्होंने सामाजिक समरसता और एकता को देश की उन्नति के लिए अनिवार्य बताया और विद्यार्थियों से बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आ]वान किया।



कार्यक्रम का संचालन विज्ञान अध्यापक रविंद्र शर्मा ने कुशलतापूर्वक किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर बाबा साहब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

# एसडी मैनेजमेंट में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** एसडीकॉलेज ऑफ कॉमर्स, के सेमिनार हॉल में बीए द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थीयों ने अन्तिम सेमेस्टर के विद्यार्थीयों को फेयरवेल पार्टी दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य डा0 सचिन गोयल, विभागाध्यक्षा एकता मित्तल, डीन डा0 नवनीत वर्मा एवं सभी शिक्षकों के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम का आरम्भ बीए द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थीयों द्वारा विभिन्न मनोरजक प्रस्तुतियों द्वारा किया गया। जिनमें सोलो व ग्रुप डांस, भांगडा, क्लासिकल डांस, शामिल रहे इनमें गोरा, हर्ष वर्मा, निकिता, शिखा, आयान, अमान, हिमांशी, सुहाना, संयम बालियान, विवेक, तनु, कनक, भूमिका, देवेश, पलक, प्रियांशी, रश्मि, रोहन, सना, संयम, निशा व शाजिया आदि ने अनेक प्रस्तुतियां दी ।निर्णायकों द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार बीए अन्तिम सेमेस्टर के अरूण को मिस्टर फेयरवेल तथा शाहिन चौधरी को मिस फेयरवेल तथा मिस्टर प्रेसनेलिटी प्रियाशु चौधरी व मिस प्रेसनेलिटी मिनाक्षी तथा मिस्टर प्रिंस रोहन व मिस प्रिंसेस सानिया को घोषित किया गया।निर्णायक की भूमिका डा. योगिता पुण्डीर व डा. श्वेता संगल व कृष्ण कुमार रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता साक्षी



के निर्देशन में आकृति व अदिति मेनवाल ने किया। प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने सभी विद्यार्थीयों व शिक्षकों को इस सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सपना चौहान, गरिमा कंसल, नीरज कुमार, वीरेन्द्र कुमार, प्रियंका जैन, डा0 नीतू पंवार, अंकित धामा, कमर रजा, संकेत जैन, नितिन गोयल, आशीष पाल, विक्रांत बालियान व शुभम तायल आदि ने सहयोग किया ।

# मुख्यमंत्री को खूब भाया गुड़-शक्कर कोल्हू

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मुजफ्फरनगर का गुड़-शक्कर खूब भाया। फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के स्टॉल न0 47 व 48 पर मुजफ्फरनगर का गुड़-शक्कर, गन्ना, छोटा कोल्हू व अन्य उत्पादन देखकर मुख्यमंत्री व अन्य लोग गदगद् हो गये। ओ.डी.ओ.पी के अर्न्तगत फेडरेशन के स्टॉल पर सत्यप्रकाश रेशू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गुड़-शक्कर व गुड़ से बनी हुई मठी, शक्कर पारे, टॉफी, बिस्कुट आदि दिखाये गये।

नुमाइस कैम्प में प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल फेडरेशन के स्टॉल पर मुख्यमंत्री व जयंत चौधरी को लेकर पहुंचे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हासिम अली, पुत्रः मेहरदीन, निवासीः मकान संख्या 130, ग्राम खटवा, थाना शाहपुर, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 135/2018, U/s: 279/427 IPC, पुलिस थाना रनहौला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हासिम अली** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हासिम अली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना रनहौला, दिल्ली** के अभियुक्त **हासिम अली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.05.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री अंकित करण सिंह
एमएम-08, पश्चिम, कमरा नंबर 30,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4652/OD/2026


# अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**मुजफ्फरनगर।** अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अग्निशमन जागरूकता रैली को रिजर्व पुलिस लाईन्स से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

अवगत कराना है 14 अप्रैल 1944 को मुंबई के विक्टोरिया बंद. रगाह पर एक मालवाहक जहाज में आग लगने की घटना हुई थी जिसमें अग्निशमन कार्य करते हुए फायर सर्विस के 66 फायर कर्मी शहीद हुए थे। इस घटना में शहीद हुए फायर सर्विस कर्मियों की स्मृति में प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। 14 अप्रैल को इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकसंजय कुमार वर्मा द्वारा शहीद अग्निशमन कर्मियों को याद किया गया तथा रिजर्व पुलिस लाईन्स से एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त जागरूता रैली रिजर्व पुलिस लाईन से प्रारम्भ होकर भोपा रोड, टिकैत चौक, महावीर चौक, मीनाक्षी चौक, मालवीय चौक होते हुए शहर के विभिन्न हिस्सों में अग्नि सुरक्षा उपायों का प्रचार ख्रप्रसार करते हुए फायर स्टेशन पर पहुंचकर समाप्त हुई। इसके साथ ही 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत नागरिकों को अग्नि से बचाव तथा सावधानियों के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों (जागरूकता रैली, निबन्ध व चित्रकला प्रतियोगिता, मॉक ड्रिल आदि) का आयोजन किया जायेगा।।इस अवसर पर सीएफओ अनुराग कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह सहित पुलिस व अग्निशमन विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## श्रीराम कॉलेज में डा.आंबेडकर के जीवन के आदर्शों पर चर्चा

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के सभागार में डा भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर अपने-अपने विचार रखे गये। इस अवसर पर श्रीराम कालेज के निदेशक डा अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल, निदेशक, डा एसएनचौहान, श्रीराम कॉलेज के उपप्रचार्य डा सौरभ मित्तल, डीन एकेडमिक्स डा विनीत कुमार शर्मा, डा0 मनोज धीमान, निदेशक ललित कला विभाग तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार आदि द्वारा डा भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति के समक्ष द्वीप प्रज्वलित एवं मार्ल्यापण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।


**सूचना**

मैने अपना नाम SUEB AHAMAD से बदलकर SHUAIB AHMAD कर लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यो के लिए मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**Shuaib Ahmad**
**S/O**
**Saleem Ahamad**
**HN. 596 Village**
**Bagowali**
**Thana Nai Mandi,**
**Muzaffarnagar**
**UP 251001**

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHD SALIM से बदलकर SALEEM AHAMAD कर लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यो के लिए मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**Saleem Ahamad**
**S/O Sarajoodeen**
**HN. 596 Village**
**Bagowali**
**Thana Nai Mandi,**
**Muzaffarnagar**
**UP 251001**

**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र अयान अली का जन्म प्रमाण पत्र नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा पंजीकरण संख्या BNPB 2011-00041 दिनांक 24/ 6/ 2011 को जारी किया गया था। जिसका नाम मेरी त्रुटिवश अयान पुत्र सनव्वर अली दर्ज हो गया था जो कि पूर्ण रुप से गलत है। उसका वास्तविक नाम अयान अली पुत्र शनवर अली (Ayian Ali s/o Shanwar Ali) है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाए।

**प्राथिया: समसीदा पत्नी शनवर अली, H.N. 95 , मोहल्ला पछाला पश्चिमी, कस्बा बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर।**


# बाबा का जीवन समाज के लिए प्रेरणा : मोहित



**मुजफ्फरनगर।** वीरांगना झलकारी बाई कोरी एकता मंच के तत्वावधान मे भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। जनकपुरी स्थित कार्यालय में आयोजित समारोह में पदाधिक. ारियों एवं सदस्यों ने एकत्र होकर बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मंच के महामंत्री मोहित कुमार एडवोकेट ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष एवं उनके द्वारा किए गए सामाजिक न्याय, समानता एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है।

# डां. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई

**मुजफ्फरनगर।** विधानसभा के ग्राम पचेड़ा में समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रदेश व्यापी आह्वान पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री डॉ मोनिका सिंह द्वारा भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद भारी संख्या में लोगों द्वारा बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।



सपा नेत्री डॉ मोनिका सिंह ने कहा कि जब तक बाबा साहब का रचित संविधान व उनके द्वारा दिए गए अधिकार सुरक्षित है लोकतंत्र भी सुरक्षित रहेगा तथा वंचितों शोषितों का उत्पीड़न करने का साहस कोई नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि संविधान व आरक्षण बचाने तथा पीडीए के अधिकारों की बाबा साहब द्वारा दी गई सौगात को बचाने की लड़ाई आज केवल समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी लड़ रही है। कार्यक्रम में बाबा साहब के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लेते हुए इस संघर्ष में लगातार सक्रिय समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव चौधरी इलम सिंह गुर्जर,सपा नेता डॉ इसरार अल्वी, युधिष्ठिर पहलवान, महानगर अध्यक्ष छात्र सभा नदीम मलिक सहित कार्यक्रम में मौजूद सामाजिक एवं राजनीतिक शख्सियत को सम्मानित किया गया।

# आंबेडकर जयंती शोभायात्रा पर व्यापारियों ने की पुष्पवर्षा

**शाह टाइम्स संवाददात**

**बुढ़ाना।** भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर कस्बे में निकाली गई भव्य शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड इकाई बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के प्रतिष्ठान पर व्यापारियों ने शोभायात्रा पर फूल बरसाकर बाबा साहेब को नमन किया।

इस दौरान पूरा बाजार जय भीम जय संविधान के नारों से गूंज उठा। सायं करीब 3 बजे अंबेडकर भवन से शुरू हुई शोभायात्रा जैसे ही नदी मंदिर रोड पर स्थित संजीव संगल के प्रतिष्ठान के सामने पहुंची वहां पहले से मौजूद व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। डीजे पर बज रहे बाबा साहेब अमर रहे के गीतों पर युवा थिरकते नजर आए। बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और संविधान निर्माण को दर्शाती झांकियों पर व्यापारियों ने फूल-मालाएं अर्पित की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर सिर्फ एक वर्ग के नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के प्रेरणास्रोत हैं। व्यापारियों ने शोभायात्रा में शामिल लोगों को शीतल पेय व जल भी वितरित किया। यहां तनवीर कुरैशी, बबलेश, मंचित संगल, आयुष गर्ग, शिवम कंसल, अमित गर्ग, समीर कुरैशी, राजकुमार आदि व्यापारी मौजूद थे। सबने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

सड़कों पर स्टंटबाजी पड़ी महंगी....

# वायरल वीडियो के बाद पुलिस ने लिया एक्शन

■ स्टंटबाज आकिल को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना की सड़कों को रेसिंग ट्रैक समझकर खतरनाक स्टंटबाजी करने वाले युवकों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकेल कस दी है। लगातार मिल रही शिकायतों और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो का संज्ञान लेते हुए बुढ़ाना पुलिस ने सख्त रुख अपनाया। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक गाड़ी चालक आकिल निवासी ग्राम रसूलपुर दभेड़ी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

उसकी गाड़ी भी सीज कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में पिछले कई दिनों से तीन से चार गाड़ियों में सवार कुछ युवक खुलेआम सड़कों पर स्टंट कर रहे थे। ये युवक चलती गाड़ियों के शीशों और दरवाजों से बाहर निकलकर जानलेवा करतब दिखा रहे थे। उनके इस खतरनाक स्टंट से ना केवल उनकी अपनी जान को खतरा था बल्कि सड़क से गुजर रहे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों के लिए भी गंभीर हादसे का अंदेशा बना हुआ था। कई लोगों ने इन स्टंटबाजों के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री ने तत्काल एक टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने वायरल वीडियो व मुखबिर की सूचना के आधार पर घेराबंदी कर मुख्य आरोपी गाड़ी चालक आकिल निवासी रसूलपुर दभेड़ी को धर दबोचा। पुलिस ने मौके से स्टंट में इस्तेमाल की जा रही गाड़ी को भी कब्जे में लेकर सीज कर दिया। पूछताछ के बाद आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस की गिरफ्त में आते ही आरोपी चालक आकिल के नक्शे ढीले हो गए। जो आकिल सड़कों पर कानून को ठेंगा दिखाकर स्टंट कर रहा था वही कोतवाली बुढ़ाना में हाथ जोड़कर माफी मांगता नजर आया। पुलिस ने उसे सख्त चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि उसने या उसके साथियों ने ऐसी हरकत दोहराई तो और कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उसके अन्य साथियों की तलाश भी जारी है। गोरतलब है कि एसएसपी संजय वर्मा के निर्देश पर सड़कों पर स्टंटबाजी करने वालों के विरुद्ध पहले भी विशेष अभियान चलाया जा चुका है। इसके बाद कुछ युवक बेखौफ होकर कानून को चुनौती दे रहे थे और रील्स बनाने के चक्कर में लोगों की जान जोखिम में डाल रहे थे। पुलिस ने कहा कि सार्वजनिक सड़कों पर स्टंटबाजी कर लोगों की जान खतरे में डालने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी।

# डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार बाइक

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र में एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। इस भीषण टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के पैर में फैक्चर आ गया है और शरीर में अन्य जगह भी गंभीर चोटें आई हैं।

बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला ख्रष्णापुरी निवासी आयुष पुत्र बिटू अपनी मोटर साइकिल से किसी काम से बाहर गया था। वो घर लौट रहा था। जैसे ही वह कस्बे के बाईपास स्थित बायवाला के पास पहुंचा तभी अचानक उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। संतुलन बिगड़ते ही बाइक सीधे सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आयुष बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा और काफी दूर तक घिसटता चला गया। हादसे के बाद बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की आवाज सुनकर मौके पर राहगीरों और आसपास के दुकानदारों की भीड़ जमा हो गई। युवक को सड़क पर तड़पता देख स्थानीय लोगों ने तत्काल मानवता दिखाई। उन्होंने बिना देरी किए घायल आयुष को अपनी गाड़ी से बुढ़ाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सूचना परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। सीएचस में मौजूद डॉक्टरों ने आयुष का प्राथमिक उपचार किया। जांच में उसके दाहिने पैर में फैक्चर की पुष्टि हुई है। इसके अलावा सिर, हाथ और कंधे में भी गंभीर चोटें आई हैं।

## एक नजर

### बुढ़ाना में हुई व्यापार मंडल की बैठक

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ईकाई बुढ़ाना के तत्वावधान में नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के प्रतिष्ठान पर व्यापारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने सभी व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि पीने खाने की किसी भी वस्तु की बिक्री एमआरपी से अधिक मूल्य पर न की जाए। उन्होंने कहा कि एमआरपी से ज्यादा दाम वसूलना न केवल अनैतिक है बल्कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध भी है। इससे व्यापार मंडल और पूरे व्यापारी वर्ग की छवि धूमिल होती है। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि कोई भी व्यापारी एक्सपायरी डेट, नकली या खराब गुणवत्ता का सामान ग्राहकों को नहीं बेंचेगा साथ ही तराजू में घटतौली कर ग्राहकों को ठगने की प्रवृत्ति पर भी पूरी तरह रोक लगाई जाएगं। नगर अध्यक्ष संजीव संगल ने दो टूक कहा कि जो भी व्यापारी मिलावट, काला बाजारी, घटतौली या ओवर रेटिंग जैसा गलत कार्य करते हुए पकड़ा जाएगा व्यापार मंडल बुढ़ाना इकाई उसका किसी भी स्तर पर सहयोग नहीं करेगी। ऐसे व्यापारियों के खिलाफ प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई में मंडल प्रशासन का साथ देगा। यहां डॉक्टर अरविंद गोयल, राजीव गर्ग, आयुष गर्ग, तनवीर कुरैशी, नसीम भटियारा, अमित गर्ग व शिवम कंसल आदि व्यापारी मौजूद थे।

### बुढ़ाना क्षेत्र में 4 घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बुढ़ाना।** अवर अभियंता बुढ़ाना टाउन बिजली घर शिव कुमार के द्वारा सूचना जारी कर सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से संयम बनाए रखने की अपील की गई है। जारी सूचना के अनुसार बीपी 24-25 योजना के अंतर्गत 33 केवी बुढ़ाना लाइन में लंबे स्पैन में नए पोल लगाने का कार्य किया जाएगा। इस आवश्यक कार्य के चलते आज बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी। बिजली कटौती के दौरान बुढ़ाना टाउन, अटाली, वैल्ली, मिंडकाली, चंधेड़ी, बुढ़ाना देहात, कुरथल, कुरालसी, बिराल, परासौली, डुंगर व सरनावली बिजली घरों से जुड़े समस्त गांवों व मोहल्लों की आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अतिरिक्त जौला बिजली घर से जुड़े जौला टाउन क्षेत्र की विद्युत सप्लाई भी इसी अवधि में बंद रहेगी।

### छपार क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती

**छपार।** क्षेत्र आधा दर्जन से अधिक गांवों में भारत रत्न डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया और गांव में भंडारा व दतियाना में केबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने स्थापित की गई अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। बसेड़ा में शोभायात्रा का शुभारंभ इंटरनेशनल कबडडी खिलाड़ी अर्जुन देशवाल ने किया। तथा समाजसेवी रमन देशवाल ने जलपान की व्यवस्था की। क्षेत्र के गांव छपार, बसेड़ा,बरला,मेदपुर,रामपुर सिसोना में शोभायात्रा निकाली गई ओर महरायपुर, सुन्दर नगर आदि में पूजन व भंडारे किये गये। दतियाना में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री ने प्रतिमा स्थापना, अनावरण के के बाद आयोजित एक सभा में उन्होंने कहा कि डाक्टर अम्बेडकर का जीवन संघर्ष,समर्पण,ओर सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रतीक है प्रभात तोमर राष्ट्रीय लोकदल मंडल अध्यक्ष, चंद्रबोस, सुनील कुमार, मास्टर धर्मबीर। बसेडा में पूर्व प्रधान धर्मबीर सिंह, अंकुर,रवि, रामकृष्ण, नीरज,बिट्टू,तिलकराम आदि लोग मौजूद रहे।

### पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का भव्य स्वागत

**बुढ़ाना।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी भूपेंद्र चौधरी का बुढ़ाना आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मोनू मलिक एवं प्रसिद्ध आर्टिस्ट सुनील कुमार ने उन्हें उनका हस्त निर्मित चित्र भेंट कर अभिनंदन किया। इसके बाद भूपेंद्र चौधरी कस्बे में आयोजित बाबा आंबेडकर की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए जहां उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी गेस्ट हाउस पहुंचे। यहां भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। आर्टिस्ट सुनील ने उन्हें उनकी पेंटिंग भेंट की। चौधरी ने कलाकार की प्रतिभा की सराहना की और कार्यकर्ताओं से संगठन व क्षेत्र की गतिविधियों पर चर्चा की। गेस्ट हाउस से निकलकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीधे अंबेडकर भवन में आयोजित बाबा आंबेडकर की 135 वीं जयंती में पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके द्वारा समाज राष्ट्र के लिए दिए योगदान को याद किया। पूर्व नामित सभासद कुलदीप बागड़ी ने मंच पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को भाजपा का पटका पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। यहां अंकुश राठी, मोनू ठाकुर, मोहित योगी, जोगेंद्र जाटव, प्रवीण मौजूद थे।

### समाजवादी पार्टी ने मनाई संविधान निर्माता की जयंती

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला बाजार में समाजवादी पार्टी द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन सपा जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार के आवास पर किया गया।जिसमें सपा कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहेब के चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की गयी व मिष्ठान का वितरण किया गया। जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार चेयरमैन ने कहा कि बाबा साहेब के जीवन आदर्शो को अपनाकर समाजवादी पार्टी ने सदैव सामाजिक समानता व शोषित वर्ग के उत्थान के लिये कार्य किया है।काजी मौ. अफ़ज़ल ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव जैसे महापुरुष सदियों में जन्म लेते हैं।देश का प्रत्येक नागरिक उनके द्वारा जन कल्याण के लिये किये गए संघर्ष के लिये ;णी रहेगा।मौ. नवाब ने भी संविधान निर्माता के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लेने पर बल दिया।इस अवसर पर मुख्य रूप से चौधरी वेदसिंह,चौधरी राकेश सहरावत, सानुज कुमार,डॉ. विपिन कुमार, बोबीन, सतीश कुमार, डॉ.विवेक, कुलदीप कुमार, रतन सिंह, पाल्ला,आकाश गर्ग, गोपाल, महित,अमन,मौ. अनीस ,आदित्य शर्मा, मनीष गर्ग, जगपाल सिंह, पिंटी, राहुल, नदीम, शेनकी, मितुल चौधरी, मनोज शर्मा,सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

### भीम आर्मी ने बाबा साहेब की प्रतिमा हटाने पर जताया रोष

**भोपा।** गांव महमूदपुर माजरा में संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा हटाए जाने से ग्रामीणों में भारी रोष बना हुआ है भोपा थाना क्षेत्र गांव महमूदपुर माजरा में सोमवार को बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा को हटवाने को लेकर रोष व्याप्त हो गया था। प्रतिमा का अनावरण मंगलवार को अंबेडकर जयंती के अवसर पर किया जाना प्रस्तावित था।गांव की जगरोशनी, सुखबीर, लक्ष्मी, सुशीला, सत्य कुमार, ओमपाल सिंह, अतर सिंह, श्याम कुमार, जितेंद्र, बिजेंद्र, रविंद्र, राजेंद्र, ओमकुमार, नरेंद्र, भंवर सिंह, राजदुलारी, शोम्मी, राकेश, लिल्ली, सुरेश आदि ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों के एकत्रित दान से बाबा साहब की प्रतिमा 6 अप्रैल को मंदिर परिसर में स्थापित की गई थी। अनुमति न होने को कहकर प्रशासन द्वारा प्रतिमा को हटवाया गया। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास कुमार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अनुमति लेने के सम्बंध में जिलाधिकारी व मन्त्री से भेंट कर समाधान कराया जाएगा। अनुमति लेकर प्रतिमा को पुनः स्थापित किया जाएगा।

# मोरना में भी अम्बेडकर जयंती पर निकाली शोभा यात्रा



**मोरना।** क्षेत्र में बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी।भोकरहेड़ी,मोरना व चोरावाला में विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। इस दौरान सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल तैनात रहा।शोभायात्रा भोकरहेड़ी कस्बे के बस स्टेंड से सेठपुरी, बाजार, हरिजन चौक, कुवां पटी, बेहड़ा पटी, नेहरू चौक, सुभाष चौक, लोकुपुरा सहित कस्बे के मुख्य मार्गो से निकाली गयी।शोभायात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान प्रसिद्ध समाजसेवी बबलू कुमार, देवीराम,कविंद्र उर्फ मिन्टू कुमार,सर्वेश कुमार, कुलदीप कुमार, रविन्द्र कुमार,रवि प्रकाश बौद्ध, अंकुर गंग वालिया, संजय वकील,सनोज कुमार, राजाराम, रमेश कुमार, हरेन्द्र सभासद, पुष्पेन्द्र,आदि शामिल हैं। वहीँ सुरक्षा को लेकर क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी, प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह, शुक्रताल चौकी इंचार्ज विवेक चौधरी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। शोभायात्रा मीरांवाला मार्ग, बाजार, जानसठ, मार्ग सहित गांव के मुख्य मार्गो से निकाली जा रही है।शोभायात्रा आयोजन कमेटी के लोकेश कुमार ने बताया कि पूर्व वर्षो की भाँति शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है यात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया है। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व प्रधान दलसिंह, ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार उर्फ वीरू भाई, मदन प्रधान, चांदवीर, लेखराज, बृजेश मास्टर, दिलीप कुमार, सुरेंद्र, हेमनारायण, रूप सिंह आदि शामिल है यात्रा में दर्जनों झांकियो का प्रदर्शन किया गया।**उधर मोरना** में संविधान निर्माता और सामाजिक समरसता के नायक बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा .वीरपाल निर्वाल ने गांव मोरना में श्री संत शिरोमणि सत गुरु रविदास मंदिर में जाकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उपस्थित लोगों को संबोधित कर बाबा साहब के सिद्धांतों का अनुसरण करने का आग्रह किया ।

# दशमेश स्कूल में पर्सनालिटी डेवलपमेंट शिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**रामराज।** प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था दशमेश पब्लिक स्कूल में पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं प्रभावी शिक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्रख्यात पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विशेषज्ञ एवं टीचर ट्रेनर शैफ्ली तिवारी द्वारा संचालित की गई। उन्होंने बताया कि बच्चों में अनुशासन के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होना अत्यंत आवश्यक है उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूल असेंबली में कविता पाठ, भाषण ,समाचार पढ़ने के अवसर दिए जाने चाहिए। उन्होंने बच्चों में कम्युनिकेशन स्किल को बढ़ाने पर भी जोर दिया तथा बच्चों की शिक्षा को सरल बनाने के अनेकों टिप्स दिए ताकि बच्चे खेल-खेल में पढ़ाई को आसान तरीके से पढ़ सके। शैली तिवारी को शिक्षा क्षेत्र में 20 वर्षो का समृद्ध अनुभव है तथा उन्होंने मुंबई, दिल्ली और मेरठ के प्रतिष्ठित विद्यालयों में कार्य किया है। कार्यशाला में शिक्षकों को आत्मविश्वासपूर्ण व्यक्तित्व और प्रभावी शिक्षण के लिए उपयोगी टिप्स दिए गए। कार्यक्रम में निदेशक डॉ सिम्मी सहोता प्रधानाचार्य आमिर खान कोऑर्डिनेटर स्वाति अरोड़ा एवं मनजोत कौर तथा समस्त स्टाफ ने उनका स्वागत किया। शिक्षकों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताया और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।



डायरेक्टर डॉक्टर सिम्मी सहोता ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। इस कार्यशाला में समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# बैसाखी पर मनाया गया खालसा सजना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गांधी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा में वैसाखी के पावन पर्व पर श्री गुरु सिंह सभा द्वारा खालसा सजना दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत उमड़ी, जिससे पूरा वातावरण जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों से गूंज उठा।गुरुद्वारा में विशेष दीवान सजाए गए, जहां रागी जत्थों ने गुरबाणी का मधुर कीर्तन प्रस्तुत किया। कथा वाचन के माध्यम से खालसा पंथ की स्थापना और उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।कथावाचकों ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने सन् 1699 में आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसका मुख्य उद्देश्य समाज को अन्याय और अत्याचार से मुक्त कर धार्मिक, नैतिक और मानवीय मूल्यों को स्थापित करना था।इस अवसर पर कविशर जत्था भाई हरदेव सिंह लाल (श्री मुक्तसर वाले) ने भी अपनी प्रस्तुतियों से संगत को भावविभोर किया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अखंड पाठ के बाद दीवान सजाए गए। गुरुद्वारा गांधी कॉलोनी के हेड ग्रंथी ज्ञानी जोगा सिंह और ज्ञानी हरजीत सिंह ने कथा के माध्यम से गुरु साहिब के जीवन और खालसा पंथ की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस धार्मिक आयोजन में पूर्व



केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान और वरिष्ठ बीजेपी नेता गौरव स्वरूप भी शामिल हुए। संचालन श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार सतपाल सिंह मान और महासचिव सरदार अजीत सिंह मलिक ने किया।

# बुढ़ाना व खतौली में भी धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन कस्बा बुढ़ाना के अंबेडकर भवन में बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर युवा ग्रुप एवं समस्त डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अनुयायी समाज कस्बा बुढाना द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 135वें जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुज"फरनगर लोकसभा से समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र मलिक ने कार्यक्रम को देख आयोजकों को बधाई दी। इस मौके पर सपा सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर शिक्षा को सामाजिक मुक्ति, समानता और सशक्तीकरण का सबसे शक्तिशाली हथियार मानते थे। उनका मूलमंत्र था शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। उनके अनुसार शिक्षा केवल साक्षरता नहीं बल्कि स्वतंत्र सोच, चरित्र निर्माण और आत्मविश्वास पैदा करने का जरिया है जो सामाजिक बुराइयों और जाति व्यवस्था को मिटाने के लिए अनिवार्य है। इस मौके पर पूर्व मंत्री योगराज सिंह, अनुज जाटव, इंजी. नियर शहजाद कुरैशी, इरफान उर्फ फ़ाना कुरैशी, सतीश भारती व तौसीफ राही आदि मौजूद थे। **उधर खतौली नगर** में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शिक्षण संस्थानों से लेकर सरकारी कार्यालयों तक जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित हुए, जहां लोगों ने बाबा साहेब के योगदान को याद किया।तहसील सभागार में भी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार समेत अन्य कर्मियों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जयंती के मौके पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। कोतवाली परिसर के सामने स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर दलित समाज के लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं, ग्राम केलावड़ा में भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य प्रमोद अन्ना ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। **वहीं मीरापुर** कस्बे में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सुदेश पाल फौजी द्वारा फीता काटकर किया गया। शोभायात्रा में बाबा साहब अंबेडकर की झांकी के साथ-साथ भारत माता, गौतम बुद्ध तथा भारतीय संविधान की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। इस दौरान मुख्य अतिथि सुदेश पाल फौजी न कहा कि बाबा साहब ने समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों की दिशा में नई राह दिखाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंबेडकर जागरण मंच के अध्यक्ष किशन लाल, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश, मंत्री मुकेश कुमार, उपाध्यक्ष चंद्र किरण, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सोहन लाल चांदना, मा. चन्द्रपाल, संजय एडवोकेट, सुबोध कुमार, किशनलाल कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# बाइक के आगे कुत्ता आने से पलटी बाइक

**बुढ़ाना।** भसाना शुगर मिल के पास एक सड़क हादसा हो गया। बाइक के आगे अचानक आवारा कुत्ता आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को बुढ़ाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जनपद शामली के थानाभवन क्षेत्र के गांव इस्लामपुर भेंसानी निवासी लगभग 46 वर्षीय इसरार पुत्र मुस्तफा आज शाम अपनी मोटर साइकिल से बुढ़ाना की ओर आ रहा था। जैसे ही वह भसाना शुगर मिल के पास पहुंचा तभी सड़क पार कर रहे एक आवारा कुत्ता अचानक उसकी बाइक के सामने आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुत्ते को बचाने के प्रयास में इसरार ने बाइक के ब्रेक लगाए जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर फिसलकर दूर तक घिसटती चली गई। हादसे में इसरार के सिर, हाथ-पैर और मुंह में गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को कॉल किया। कुछ ही देर में एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल इसरार को बुढ़ाना सीएचसी ले जाया गया। वहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार शुरु किया। डॉक्टरों के मुताबिक युवक के सिर में गहरी चोट है। दाहिने हाथ में फैक्चर की आशंका है। हालत गंभीर होने पर उसको जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# नगर मजिस्ट्रेट व सीओ सदर ने लिया मांग पत्र

**छपार।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के जिलाध्यक्ष निखिल चौधरी ने बड़ा ऐलान किया था उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को संगठन किसानों कि समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री से मिलकर किसानों कि समस्याओं को अवगत कराया जाएगा जैसे ही ऐलान किया तभी जनपद का प्रशासन अलर्ट मोड़ पर आ गया जनपद के उच्च पदाधिकारियों सै सम्पर्क साधा और काफी मशक्कत के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने वार्ता कि और जिसमें 22 सूत्रीय मांगों ज्ञापन रात को लगभग 10 बजे जनपद मुजफ्फरनगर के राष्ट्रीय कार्यालय पर नगर मजिस्ट्रेट सी ओ सदर और छपार कोतवाल मौजुद रहै और मजबूत आश्वासन के बाद ही संगठन के जिलाध्यक्ष ने अपना कार्यक्रम स्थागित किया। कुछ इस तरह से किसानों ने अपनी मांग रखी गन्ने का भाव 500 रू क्विंटल किया जाये बकाया भुगतान जल्द



कराया जाए जनपद में ऐम्स अस्पताल बनवाया जाए और हाईकोर्ट कि ब्रांच मेरठ मैं लायी जाए और 60 वर्ष के बाद 10000 महीना पेंशन दी जाए और 60 वर्ष के बाद किसान को सरकारी बस में यात्रा निःशुल्क करायी जाए किसानों को नलकूप कनशंन और नलकूप बिजली फ्री दी जाए किसानों को खेतों में इस्तेमाल होने वाली चीजों पर 50 प्रशेट छूट दी जाए ऐसी ही 22 मागो का ज्ञापन सौंपा गया इस मौके पर मुख्य रूप राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी जिलाध्यक्ष निखिल चौधरी साजिद अल्वी दीपक तोमर मोनू धीमान शमशाद इरशाद साऊद आदि मौजूद रहे।

# संविधान निर्माता को किया नमन

**पुरकाजी ।** समता समानता और सशक्तिकरण के उनके सपनों को साकार करने का हम संकल्प लें डॉक्टर संदीप वर्मा मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के दक्षिणी चमारान एवं गांव अब्दुलपुर में भारतीय संविधान के रचनाकार, शिल्पकार, समानता और न्याय के महान प्रतीक भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी की जयंती का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारी सदस्य डॉक्टर संदीप वर्मा एवं गांव के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ संदीप वर्मा ने कहा कि आज हम बाबा साहेब को याद कर रहे हैं। डॉक्टर अंबेडकर जी का जीवन संघर्ष, ज्ञान और संकल्प का एक बेहतरीन उदाहरण है उनके विचार हम सब को एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं जहां पर सभी नागरिकों को सम्मान ,समान अधिकार और समान



अवसर प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को सच्ची श्रद्धांजलि और नमन यही होगी कि हम उनके आदर्शो को अपनाकर सामाजिक न्याय ,समता,समानता और सशक्तिकरण के उनके सपने को साकार करने का संकल्प ले और यही प्रण हमें शिक्षा और उच्च शिक्षा के पथ पर अग्रसर करेगा। इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों से अपील करता हूं कि अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने का संकल्प लें। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल महामंत्री विपिन गोयल पप्पू धीमान नामित सभासद वीर सिंह बावरा सेवाराम अमित कुमार पूर्व सभासद शिव कुमार पाल रवि कुमार सुरेंद्र कुमार डॉक्टर शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

### सीएम बे बाद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर। सी एम योगी आदित्यनाथ ने जहां कल मुजफ्फरनगर दौरे के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. विजेंद्र पाल जी के परिजनों से आत्मीय भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की। वहीं आज निवर्तमान भा.ज.पा.प्रदेश अध्यक्ष मा.भूपेंद्र चौधरी ने स्व.बिजेंद्र पाल सिंह जी के निवास पर जाकर उनके परिजनों को सांत्वना प्रदान की ।

उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार और संगठन इस दु:ख की घड़ी में परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है और हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर स्व द्व विजेंद्र पाल पत्नी सभासद कुसुम लता पाल, सुमित कुमार बेटा, नितिन पाल बेटा, विजय कुमार बेटा, श्री बृजपाल जी बड़े भाई,श्री रविन्द्र पाल छोटे भाई मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर हुई मौत

**भट्टे पर काम के दौरान ट्रैक्टर का स्पिंडल टूटने से हुआ हादसा।**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र के गांव आनंदपुर निवासी एक युवक की ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। युवक भटे पर मजदूरी के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाने का काम करता था।

जानकारी के अनुसार, आनंदपुर निवासी अभिषेक (22) पुत्र उदयवीर जनपद बागपत के थाना बड़ौत क्षेत्र के गांव कासम बिराल में ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाने की नौकरी करता था। सोमवार दोपहर वह ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर जा रहा था, तभी अचानक ट्रैक्टर के अगले पहिए का स्पिंडल (धुरा) टूट गया। धुरा टूटते ही ट्रैक्टर का अगला हिस्सा जमीन से टकरा गया और पिछला हिस्सा उछल गया। हादसे के दौरान अभिषेक ट्रैक्टर से गिर पड़ा और ट्रॉली का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को तुरंत बड़ौत के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे झिंझाना स्थित आयुष्मान अस्पताल ले गए, जहां देर रात करीब 2 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार दोपहर परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जाता है कि अभिषेक अपने भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में एक छोटा भाई और एक बहन है। परिवार के लोग भट्टे पर मजदूरी कर ही अपना गुजारा करते हैं। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

# निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक विधवा महिला ने एक युवक पर निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म करने और रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

मंगलवार को कस्बा निवासी एक विधवा महिला ने बताया कि वह दिव्यांग है,उसके पति की कई वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है और वह अकेले रहकर अपना व अपने बच्चों का जीवन यापन कर रही है। लगभग दो वर्ष पूर्व बागपत जनपद के रमाला थाना क्षेत्र के गांव कासिमपुर निवासी एक युवक उसके संपर्क में आया। युवक ने उसकी देखभाल करने और निकाह करने का आश्वासन देकर उसका विश्वास जीत लिया।महिला का आरोप है कि आरोपी ने निकाह का झांसा देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही, विभिन्न बहानों से उससे रुपये भी लेता रहा। जब पीड़िता ने उस पर निकाह करने का दबाव बनाया, तो आरोपी मुकर गया। पीड़िता ने थाना पहुंचकर मामले की शिकायत की और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी निकाहनामे का खुला राज

**हाईकोर्ट के आदेश पर खुला खेल, दंपति समेत कई पर मुकदमा।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** फर्जी निकाहनामा तैयार कर विवाह पंजीकरण कराने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने दंपति सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर कराई गई जांच के बाद सामने आई, जिससे पूरे प्रकरण में हड़कंप मच गया है।

प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री के अनुसार, पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देश पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मामले की गहन जांच कराई गई। जांच क्षेत्राधिकारी नगर शामली जितेन्द्र सिंह ने की, जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए। जांच में सामने आया कि निशा बानो और मोहम्मद सादिक के बीच प्रेम संबंध थे। दोनों परिजनों को बिना बताए घर से चले गए और 18 नवंबर 2025 को जनपद गाजियाबाद के पसौंडा गांव स्थित एक मैरिज स्थल पर फर्जी निकाहनामा तैयार कर निकाह दर्शा दिया। इसके बाद इसी फर्जी दस्तावेज के आधार पर गाजियाबाद में विवाह का पंजीकरण कराकर प्रमाण पत्रा भी हासिल कर लिया गया। इतना ही नहीं, जांच में यह भी खुलासा हुआ कि इस प्रक्रिया के दौरान एक अधिवक्ता को ऑनलाइन माध्यम से धनराशि भेजी गई थी। मामले ने तब और गंभीर मोड़ ले लिया जब 7 मार्च 2025 को गलत पते के आधार पर शामली स्थित एक मस्जिद में दोबारा निकाह कर नया निकाहनामा तैयार कराया गया।

क्षेत्राधिकारी की जांच में स्पष्ट हुआ कि आरोपियों ने आपसी मिलीभगत से फर्जी निक. ाहनामा तैयार किया और उस पर फर्जी हस्ताक्षर भी किए।पुलिस ने इस मामले में निशा बानो, मोहम्मद सादिक व अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 336, 338 व 340 के तहत मुक. दमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना निरीक्षक योगेन्द्र सिंह को सौंपी गई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# रेलवे अधिकारियों ने किया रेलवे फाटक का सर्वे

**कैराना सांसद इकरा हसन ने लोकसभा व विधायक अशरफ अली ने विधानसभा में उठाया था ओवरब्रिज बनाने का मुद्दा।**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के जलालाबाद में गंगोह मार्ग स्थित रेलवे फाटक एक बार फिर सुर्खियों में है, जहां अंडरपास निर्माण को लेकर उठे विवाद ने अब नया मोड़ ले लिया है। मंगलवार को कैराना की सांसद इकरा हसन खुद रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचीं और जमीनी हकीकत का जायजा लिया। इलाके के लोगों में पहले से ही अंडरपास को लेकर भारी नाराज़गी है, क्योंकि उन्हें इससे जलभराव और आवागमन में दिक्कतों का डर सता रहा है। यही वजह रही कि कुछ समय पहले हजारों ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर काम रुकवा दिया था। अब सांसद ने भी लोगों की आवाज़ को मजबूती देते हुए अंडरपास की जगह ओवरब्रिज बनाने की मांग रखी है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से समझते हुए ही आगे कोई फैसला लिया जाएगा, जिससे यह मुद्दा और भी अहम बन गया है।

जलालाबाद के गंगोह-तीतरो रेलवे फाटक संख्या 109 (शामली-टपरी सेक्शन) पर रेलवे विभाग द्वारा अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। इस कार्य की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के नागरिकों में अंडरपास से होने वाली संभावित समस्याओं को लेकर भारी रोष व्याप्त किया था। जिसके बाद हजारों की संख्या में क्षेत्र के दर्जनो गांवो के ग्रामीण गंगोह रोड स्थित रेलवे फाटक पर एकत्रित होकर धरने पर बैठ गये थे। भारी विरोध के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे,और ग्रामीणो से वार्ता कर उन्हे अण्डरपास से जुडी समस्याओ के समाधान का आस्वासन देकर कार्य को रोक दिया था, जिसके बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने स्तर से विधानसभा व लोकसभा में इस मदद को प्रमुखता से उठाया था। विधायक अशरफ अली ने जहां इस मुदद्े को विधानसभा मे उठाया वही सांसद इकरा हसन ने लोकसभा मे इस मुददे को प्रमुख्ता से उठाते हुए रेल मंत्री अष्वनी वैष्णव से व्यक्तिगत तौर पर उक्त फाटक पर ओवरब्रिज की मांग रखी थी।

दो माह की जददोजहद के बाद मंगलवार को रेलवे बोर्ड के एक्सिक्यूटिव डायरेक्टर विवेक सूद, सीनीयर टीजी 2 के के शर्मा, सहायक मंडल अभियंता आलोक कुमार कैराना सांसद इकरा हसन के साथ जलालाबाद गंगोह मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचे और मौके का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमे सांसद ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को अवगत कराते हुए रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास की जगह ओवरब्रिज की मांग रखी। सांसद ने रेलवे अधिकारियों से विभाग द्वारा बजट न होने पर रेलवे क्रॉसिंग को यथा स्थित में रखने को कहा। परन्तु किसी भी सूरत मे अण्डर पास नही बनाने की बात रखी। अधिकारियो द्वारा आस्वस्त किया की क्षेत्र के लोगो की समस्याओ का पूरा ध्यान रखा जायेगा।

हालाकि दोनो अधिकारियो नेद बताया कि रेलवे अब आधुनिक तरीके तीन ब्लाक के अण्डरपास बना रहा है जिसमे जलभराब की समस्या ना के बराबर है। फिर भी क्षेत्र के लोगो की समस्याओ पर बारीकि से अध्ययन करने के बाद ही आपसी सामजस्य से ही कार्य किया जायेगा।इसके लिए बरसात तक अन्य स्थानो पर बने अण्डरपास का भी अध्ययन किया जायेगा। इस दौरान जलालाबाद चेयरमैन जहीर मलिक, पूर्व ब्लाक प्रमुख शेर सिंह राणा, सपा नेता राहुल सैनी, रफी प्रधान,आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अविका को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमैटी द्वारा नगर के माजरा रोड स्थित समाजसेवी विकास शर्मा एडवोकेट के आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां उन्होने बेटी अविका शर्मा ने चंडीगढ में आयोजित नॉर्थ इंडिया के रियलिटी डांस शो किसमें कितना है दम में प्रतिभाग कर द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। सहारनपुर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा व वैभव गर्ग ने बेटी को मेडल, मॉमेंटों देकर सम्मानित किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। पिता विकास शर्मा ने बताया कि चंडीगढ के मुहाली में नॉर्थ इंडिया के रियलिटी डांस शो किसमें कितना है दम का आयोजन किया गया। जिसमें नॉर्थ इंडिया से पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान राज्यों के करीब 2,25000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 15-20 वर्ष कैटेगी में शामली के प्रमुख समाजसेवी विकास शर्मा एडवोकेट की बेटी अविका शर्मा ने भाग लिया, जिसमें फाईनल राउंड में 16 प्रतियोगियों ने भाग लिया, जिसमें अविका शर्मा ने शानदान प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर वैभव गर्ग, रविन्द्र आर्य, सोहिल धीमान, विनोद कुमार अत्री आदि मौजूद रहे।

# दथेडा मे भूसे में लगी आग, अग्निशमन ने ग्रामीणों की मदद से पाई सफलता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** दथेडा मे मंगलवार की दोपहर के समय कई किसानो के खेतो मे रखे भूसे में संदिग्ध परिस्तिथियो मे आग लग गई । जिससे सभी भूसा जलकर राख हो गया। आग को बुझाने के लिए ग्रामीणों ने स्प्रे टंकी की मदद ली और आग को किसी तरह से बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर राजस्व विभाग लेखपाल व पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जानकारी ली। ग्रामीणों व अग्निशमन ने घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव दथेडा मे खसरा नम्बर 307 मे यशपाल व वीरेन्द्र पुत्र किसना व रविन्द्र पुत्र धर्मपाल ने गेंहूँ की फसल काटकर पशुओं के चारे के लिए भूसा एकत्र किया हुआ था। मंगलवार की दोपहर के समय अज्ञात कारणों ने भूसे मे आग लग गई। आसपास के किसानों ने पीडितो किसानों को आग लगने की जानकारी देते हुए पुलिस को घटना की जानकारी दी। पीडित किसानों ने अन्य के साथ मिलकर पानी व मिटटी से किसी तरह आग को बुझाया। सूचना मिलने पर अग्निशमन के कर्मचारी भी मौके पर पहुँचें। आंकलन पीडित किसानो का दावा है कि 10-12 ड्राली भूसा जलकर राख हो गया। लेखपालों की दो सदस्य टीम भी जानकारी मिलने पर मौके पर पहुँची और नुकसान का आंकलन किया।

# गंदगी से बिगड़ रही दिल्ली रोड की हालत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के दिल्ली रोड के हालत इन दिनों बिगडती जा रही है। जलभराव और गंदगी के कारण यहां के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बिन बरसात दुकानों के बाहर कई कई फीट तक गंदा पानी भरा करने और अटी नालियों के कारण नागरिकों में नगर पालिका के खिलाफ रोड व्याप्त है।

नगर के दिल्ली रोड नगर का मुख्य मार्ग होने के कारण इन दिनों नगर पालिका की उदासीनता के चलते बदहाली के आंसू बहा रहा है। इस मार्ग की हालत अत्यंत चिंता जनक बनी हुई है। पहले जहां टूटी सडकों के कारण यहां लोगों परेशान थे वही अब नालियों में गंदे पानी की निकासी न होने के कारण जलभराव की समस्या से परेशान है। दिल्ली रोड सलेक विहार के बाहर नालियों की साफ सफाई न होने के कारण कूडा करकट पूरी तरह से अट चुका है, जिस कारण निकासी पूरी तरह से प्रभावित हुई है। जिसके परिणाम स्वरूप गंदा पानी बिना बरसात के ही सडकों पर बहा रहा है। दुकानों और घरों के बाहर गंदा पानी भरा हुआ है और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले करीब दो माह से यह समस्या बनी हुई है। कई बार नगर पालिका को शिकायत की गई, लेकिन कोई भी जन प्रतिनिधि हो गया फिर अधिकारी सुनवाई करने के लिए तैयार नही है। जिससे व्यापार पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। नागरिक अब नगर पालि. का से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग कर रहे हैं, ताकि सड़कें सामान्य रूप से उपयोग की जा सकें और जलभराव की समस्या से निजात मिल सके।

# फर्जी अधिकारियों को भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के दिल्ली रोड स्थित मेटल इंडस्ट्रीज में प्रदूषण जांच के नाम पर ठगी करने पहुंचे दो पर्यावरण आयोग के फर्जी अधिकारियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने सहायक अभियंता प्रदूषण विभाग की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है, जबकि फरार एक आरोपी की तलाश की जा रही है।

गत सोमवार को नगर के दिल्ली रोड स्थित सुखमाल चंद मेटल इंडस्ट्रीज में तीन व्यक्ति पहुंचे और फैक्ट्री संचालक सुभाष चंद जैन से बातचीत करते हुए खुद को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग का अधिकारी बताया था। उन्होंने फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण की जांच के नाम पर रिपोर्ट मांगी और धुएं का हवाला देकर वसूली का दबाव बनाया। लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल और दिल्ली रोड इंडस्ट्री के अध्यक्ष राजीव जैन मौके पर पहुंचकर जानकारी करने पर तीनों फर्जी अधिकारी निकले थे। हंगामा की सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची थी और पुलिस की मौजूदगी में ही एक आरोपी मौके से भागने में कामयाब रहा था। जबकि दो आरोपी आबिद निवासी कैराना और रिशीराज मलिक निवासी बडौत को डीएम के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। डीएम ने पकडे गए दोनों फर्जी अधिकारियों को जेल भेजने के निर्देश दिऐ थे। मंगलवार को नगर कोतवाली पुलिस ने सहायक अभियंता प्रदूषण विभाग के अधिकारी कुंवर संतोष कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जबकि फरार हुए आरोपी जीशान निवासी कैराना की तलाश शुरू कर दी है।

# बैशाखी पर शब्द कीर्तन, गुरुवाणी से संगत निहाल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार को कौंथलपुर गुरुद्वारा पर अखण्ड पाठ साहिब की समाप्ति हुई। इसके बाद गुरुद्वारा में हुए शबद कीर्तन में संगत गुरुवाणी का श्रवण कर निहाल हुई। गुरुद्वारे के दीवान हाल में गुरु ग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेक कर श्रालुओं ने अपने परिवार की मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की।

चौसाना के कोंथलपुर के गुरूद्वारे में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैशाखी पर्व पर मेले का विशेष आयोजन किया गया । इससे पूर्व गुरूद्वारे को फूलमालाओं से सजाया गया था। गुरूग्रंथ साहिब के साथ सैक्डों लोगो ने सुक्ष्म रूप से नगर कीर्तन निकाला। मंगलवार को गुरूद्वारे मे बाबा अमरीक सिंह ने अपने जत्थे के साथ सिखों के इतिहास का गुणगान किया और मधुर वचनों व गीतों से भक्तो को मंत्रामुग्ध किया। गुरूद्वारे में आये भक्तिो ने गुरूग्रंथ साहिब पर माथा टेका और गुरूओं का आशहवाद लिया। गुरूद्वारे मे पूरा दिन भंडारे का आयोजन चलता रहा। जहां हजारो की संख्या में लोगो ने लंगर चखा। इस दौरान पुलिस मुस्तैद रही। शब्द कीर्तन के दौरान सत्ता सिंह सरदार, गुरजंट,सोनू, भंगेल सिंह, जोगिंदर सिंह, नवाब सिंह, प्रगट सिंह, लखविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## मेले में उमड़ी महिलाए, बच्चों ने खाई चाट पकौड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कौंथलपुर में बैशाखी पर आयोजित एक दिवसीय मेले में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए समान की खरीदारी की। मेले में सेकडो की संख्या में दुकानें लगी है।मेले में पहुंचे बच्चो ने चाट पकोड़ी खाकर आनंद लिया।

# नाले की पटरी पर लगे खंभे गलकर हुए कमजोर, रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के चरथावल बस स्टैंड के सामने बंदागढ़ में नाले की पटरी पर लगे विद्युत पोल इन दिनों गंभीर खतरे का कारण बने हुए हैं। कई खंभे नीचे से पूरी तरह गल चुके हैं और उनकी मजबूती खत्म हो चुकी है जिसके चलते किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। इन जर्जर पोलों के सहारे ही 11 केवी हाईटेंशन लाइन गुजर रही है जिससे स्थिति और भी भयावह बन गई है।सोमवार को एक विद्युत पोल अचानक गिर गया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि उस समय कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इसके बावजूद बिजली विभाग, नगर पंचायत और संबंधित वार्ड सभासद की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इन खंभों को नहीं बदला गया, तो तेज आंधी या बारिश के दौरान बड़ा हादसा हो सकता है।क्षेत्र्वासियों ने बताया कि इन पोलों की हालत काफी समय से खराब है और कई बार इसकी शिकायत भी संबंधित विभागों से की जा चुकी है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। अब लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और वे जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। राहगीरों और आसपास के दुकानदारों में भी डर का माहौल है, क्योंकि यह इलाका काफी व्यस्त रहता है और यहां से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं। विद्युत विभाग मे श्रम राहुल कुमार ने बताया कि़ नाला पटरी पर लगभग सात आठ पोल खराब है उनका एस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है शीघ्र ही बदलवा दिए जाएंगे और जो पोल गिर गया है उसको टीम भेजकर उठबा लूंगा ।

कई खंभे नीचे से पूरी तरह गल चुके हैं। एक पोल गिर भी चुका है, लेकिन इसके बावजूद विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा हादसा हो सकता है।- **शोएब अंसारी।**

हम लोग रोज इसी रास्ते से गुजरते हैं और हर समय डर लगा रहता है। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। प्रशासन को तुरंत इन जर्जर पोलों को बदलवाना चाहिए।- **आयान अंसारी।**

# देश के हालात देखते हुए लें सबक: मौलाना अरशद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** जमीयत-ए-उलमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि देश में जिस तरह के हालात हैं, इससे सबक लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चियों के लिए अलग स्कूल बनाना चाहिए।

गंगोह में मौलाना हुसैन अहमद मदनी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा खोले गए मदनी पब्लिक स्कूल के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने सह शिक्षा (को-एजुकेशन) का विरोध करते हुए कहा कि जमीयत-ए-उलमा हिंद ने एक नीति बनाई है। देश के दौलतमंद लोगों से, वो हिंदू हो या मुसलमान, लड़कियों के लिए अलग और लड़कों के लिए अलग स्कूल बनवाने के लिए कहा जाएगा। देश के मौजूदा हालात को




देखते हुए लड़के और लड़कियों के लिए अलग अलग शिक्षण संस्थानों का होना बेहद जरूरी है। वरना कई तरह के मामले खड़े होते रहेंगे। उन्होंने शिक्षण संस्थानों को शिक्षा के साथ मजहबी शिक्षा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मजहबी शिक्षा से बच्चों को यह एहसास होगा कि दुनिया में जो कुछ करेंगे, मौत के बाद उसका हिसाब देना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से तरक्की तो होती ही है वहीं जीने का शऊर भी पैदा होता है। उन्होंने सभी से अपने बच्चों को हर हाल में तालीम दिलाने की अपील की। शाहीन ग्रुप के डायरेक्टर डा. अब्दुल कदीर ने कहा कि लड़कियों को पढ़ना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था देश भर में दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम के लिये इंग्लिश मीडियम स्कूल खोल रही है। जिनमे गरीब, मिस्कीन बच्चों को फ्री शिक्षा का इंतजाम किया जा रहा है। उन्होंने ट्यूशन को कैंसर बताते हुए कहा कि उनके स्कूल में कमजोर बच्चों को अतिरिक्त समय देकर फ्री पढ़ाया जाएगा। मौलाना अजहर मदनी ने कहा कि कम खाएं, भूखे रहें लेकिन बच्चों को हर हाल में पढ़ाएं। शोभित यूनिवर्सिटी के केयर टेकर सूफी जहीर अख्तर ने कहा कि शिक्षा ही ऐसी चीज है जिसे कोई छीन नही सकता। कार्यक्रम के अंत मे मुफ्ती खालिद सैफुल्लाह ने देश की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ कराई। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत कुरान की तिलावत के साथ की गई।

काफी संख्या लोग मौजूद लोगों ने मौलाना हुसैन अहमद मदनी चेरिटेबल ट्रस्ट के इस कदम की सराहना की है।

# ढांग गिरने से दो बच्चों की मौत, दो घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना क्षेत्र के गांव संगमौर के निकट ईंट भट्टे पर काम करने वाले मजदूरों के बच्चे खेलते समय अचानक मिट्टी की ढांग गिरने से उसके नीचे दब गए। इस हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम संगमौर के निकट स्थित एक भट्टे पर काम करने वाली लेबर मजदूरों के पांच बच्चे भट्टे पर लगे मिट्टी के ढेर में बनी गहरी खाई में खेल रहे थे। बच्चों के खेलते समय अचानक ऊपर से मिट्टी की ढांग भरभराकर गिर गई और सभी बच्चे उसके नीचे दब गए। मौके पर मौजूद मजदूरों ने आनन फानन में मिट्टी को हटाकर बाहर उन्हें निकाला।

इस हादसे में नौ वर्षीय जुनैद पुत्र नसीम व 10 वर्षीय आमिया पुत्री हारून निवासी कांधला की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि इनके साथ खेल रहे दो अन्य बच्चो को घायल अवस्था में चिलकाना के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा बच्चों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया। अचानक इस हादसे में हुई बच्चों की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है तथा उनका रो रो कर बुरा हाल है।

# जनपदभर में आस्था के साथ मनाई गई बाबा साहेब डा.भीमराव आम्बेडकर जयंती























**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपदभर में भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके आर्दशों को अपनाने पर जोर दिया गया।

भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सपा सपा जिला कार्यालय पर आज बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने जीवन भर संघर्ष करते हुए वंचित समाज को उनके अधिकार दिलाने का जो अमूल्य योगदान दिया उसको कभी बुलाया नहीं जा सकता। इस दौरा पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर, प्रदेश सचिव मजहीर राणा, ममता चौधरी, पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप, विजेश शर्मा, रतन यादव, चौधरी अब्दुल गफूर, फैसल सलमानी अच्छन यादव संदीप सैनी कासिफ अल्वी नरेश कश्यप मुस्तकीम राणा विनोद कुमार फुरकान त्यागी सचिन गुर्जर जमाल साबरी हसीन कुरैशी मोहम्मद राजिक मोहम्मद मोहम्मद इस्लाम अल्वी अभिषेक प्रधान विशाल यादव शाहिद मंसूरी जितेंद्र यादव जुबेर राणा प्रिंस चौधरी राजपाल सिंह वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति द्वारा लक्ष्मी नगर में जिलाध्यक्ष साधूराम के आवास पर डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाकर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा, संगठन, संघर्ष जैसे मूलमंत्र देकर समाज को आगे बढने की प्रेरणा दी। उन्होंने महिलाओं को भी बराबरी का हक दिलाया। इस दौरान प्रदीप कुमार सिंह, विजयपाल सिंह, राजेश भाटला, डा.इसम सिंह, संतोष, पूनम, आशू सिंह, आकांक्षा, दि, पुनीत कुमार, रजत कुमार, विजेंद्र कुमार, लता, सरोज व सुमन आदि मौजूद रहे।

आज देहात विधानसभा के गांव घुन्ना में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उनके चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बृजलाल, गुरुदास, अक्षय कुमार, ऋषभ, सीमा, राहुल त्यागी, मंजू रानी, दीपक त्यागी, आशालता, नफीस मलिक, शहजाद, डॉक्टर अंजना, चौधरी राजमणि लंबा, शिवपाल सिंह, रामचंद्र, डॉक्टर संदीप, प्रवीण सैनी, हैदर मुखिया विधायक प्रतिनिधि सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यालय अंबाला रोड काजमी कंपलेक्स पर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती सुभासपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम से मनाने का काम किया, इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष गुफरान अली, प्रदेश उपाध्यक्ष नौशाद अहमद, परदेस महासचिव कार्य गयासुद्दीन, परदेस मीडिया प्रभारी खलील सागर, डॉ रईस अहमद कमल जिला अध्यक्ष सहारनपुर, नगर विधानसभा अध्यक्ष अमजद मलिक, जिला महासचिव समीर मलिक, जिला सचिव आसान मंसूरी, जिला सचिव सोहेल अहमद, नगर सचिव हसमत हुसैन आदि लोग इस कार्यक्रम मेंउपस्थित रहे।

**बेहट।** क्षेत्र के गांव साढ़ौली कदीम में भारतीय संविधान के शिल्पकार और महान समाज सुधारक डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती श्रद्धा, और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान शेखर राणा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज के वंचित और शोषित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। विशिष्ट अतिथि मास्टर बाबूराम ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहब की भूमिका अतुलनीय है। क्षेत्र पंचायत सदस्य राजकुमार ने भी उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संजय कॉर्नवाल, मास्टर सुधीर, संदीप कुमार, सुंदरपाल, डॉ. विकास जायसवाल, परवीन कुमार, डॉ. सुशील कुमार, अर्जुन सिंह, संजय मिस्त्री, अंकित सूर्यवंशी, विनोद कुमार और स्वराज सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**रामपुर मनिहारान।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। ब्लॉक कॉलोनी स्थित श्री बाबा छात्रावास में आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान देश को दिया है। विचार गोष्ठी का बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा में शामिल एक से बढ़कर एक सुंदर झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। नगर भृमण के बाद शोभायात्रा वापस श्री बाबा छात्रावास पर आकर सम्पन्न हुई। चेयरपर्सन रेणु बालियान व कुलदीप बालियान अपनी टीम के साथ आरंभ से समापन तक शोभायात्रा में पैदल श्रद्धालुओं के साथ चले। इस दौरान संदीप कुमार गौतम, बंटी, सोनू, रवि लांबा, राकेश लांबा, संजीव कुमार, डॉ सुखबीर कटारिया, महंत सूरजदास, प्रीतम सिंह, जबर सिंह, अमित सैनी, आफताब मलिक, अमन वाल्मीकि, दिगम्बर सिंह, प्रदीप बालियान आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। शांति व्यवस्था कि दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा।

**अंबेहटा।** संत शिरोमणि रविदास मंदिर मोहल्ला नया बां) में डॉ. बी. आर. अंबेडकर उज्जवल भविष्य ट्रस्ट के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। प्रवेश गर्ग राकेश गर्ग एवं विभोर गर्ग, मनोज गुप्ता ने स्वर्गीय मोहनलाल और बिमला देवी की स्मृति में मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी का फ्रिज लगवाया। अतिथियों का कमेटी की ओर से पटका पहनाकर और फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। पूर्व चेयरमैन इनाम शाकिर ने संबोधित करते हुए कहा, बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर का जीवन, उनका संघर्ष और संविधान निर्माण में योगदान आज भी समाज को नई दिशा दे रहा है। शिक्षक चौधरी तारिक शाकिर, डॉ. अब्दुल कादिर और शादाब दिलशाद ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम के बाद संत शिरोमणि रविदास मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नकुड थानाध्यक्ष सुरेश सिंह, चौकी प्रभारी देवेंद्र अधाना तथा पुलिस फोर्स की पूरी टीम ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। इस दौरान कमेटी संरक्षक मास्टर बिशन सिंह, प्रधान डॉ. बिन्दर पाल कल्याण,उप प्रधान धर्म सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश रविदासिया, सुखविंदर सिंह, गुरमीत सिंह, अक्षय कुमार, अमित कुमार, विशाल कुमार, सुधीर भगत, प्रिरथी सिंह, कर्म सिंह, सतपाल सिंह, रोहित कुमार, मोहित कुमार, रजनीश कुमार आदि।

इसी तरह गांव चढ़ाव, बलालखेडी, देदपुरा, ब्राह्मण माजरा, शंभूगढ़, खेड़ा अफगान और रनियाला दयालपुर में भी डॉ. अंबेडकर जन्मोत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

**चिलकाना।** बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष में कस्बा सुल्तानपुर के मोहल्ला कोठीवाला मे विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने सभी को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। तत्पश्चात विशाल पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में बालकृष्ण शर्मा, नादिया हसन, अली इमाम उर्फ प्रिंस हुसैन, एम एस सोनू कुरैश, अंबेडकर समिति के अध्यक्ष अजय कुमार, अरुण कुमार, रवि कुमार, अंकित, दीपक कुमार, सुशील लाम्बा, श्री गुरु रविदास समिति अध्यक्ष मास्टर संदीप, आकाश काशी, सोनित, संजीव, प्रमोद, सागर, प्रेमचंद, धर्मपाल, चमन लाल, सुशील, मांगे राम, आशीष, निखिल, पंकज, आकाश, योगेश, सुमित, सुनील, जयकुमार, सोनिया, सुमित्रा, बबिता, सुनीता, कविता, रविता, सुनैना, नेहा, राखी, सिया आदि सैंकड़ो की संख्या में महिलाएं तथा पुरुष शामिल हुए। वहीं क्षेत्र के ग्राम चौरी मंडी तथा मंडौरा में भी पदयात्रा निकाली गई। इसके अलावा कई गांवों में जयंती के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

नकुड़। अंबेडकर जयंती के दौरान बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के शोषित व वंचित वर्गो को अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। इस अवसर पर नगर के तहसील मुख्यालय, नगर पालिका चोंक, मौहल्ला बंजारान, शहीद अशफाक उल्ला खान, चोंक, सदर बाजार, जनक बाजार, मेन बाजार आदि में शोभायात्रा निकाली गई।

**बेहट।** गांव घुन्ना में गुरु रविदास जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत बेहट चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैया ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम मे समिति के पदाधिकारियों ने डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैय्या ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जातिवाद, संप्रदायवाद और भ्रष्टाचार जैसी कुरीतियों को विकास के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोध मानते थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब शोषित, दलित, पिछड़े व सर्वसमाज के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किए।

## श्रद्धा से मनाई आंबेडकर जयंती



**नागल।** क्षेत्र मे डा भीमराव अंबेडकर जंयती श्रृद्धा के साथ मनायी गयी।इस अवसर पर शिक्षण संस्थानों व सामाजिक संगठनों द्वारा उन्हे भावपूर्ण ढंग से याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय जौला डिडोली में आयोजित कार्यक्रम में विश्व हिंदू महासंघ जिला महामंत्री शिव कटारिया व भाजपा नेता सुरेंद्र कोरी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर छात्रों को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। प्रधानाचार्य डा वीरेंद्र कुमार ने कहा कि कहा कि किताबी ज्ञान के साथ तर्क शील ज्ञान भी आवश्यक है। रेलवे रोड स्थित लाल बहादुर शास्त्री लाइब्रेरी मे आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप प्रबंधक डॉ. सोनवीर सिंह सैनी ने बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा शोषितों, वंचितों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर विशाल कुमार, पंकज सैनी, वैभव, मीरा सैनी, रीना सैनी, मोहित सैनी, सागर सैनी, अर्जुन धीमान, प्रिन्स धीमान आदि उपस्थित रहे।

# यमुना नदी में धड़ल्ले से चल रहा अवैध खनन का महा घोटाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** यमुना नदी की जलधारा को चीरकर किए जा रहे अवैध खनन के खेल में जिलाधिकारी की सख्ती के बाद बड़ा धमाका हुआ है। उत्तर प्रदेश की सीमा में घुसकर डाका डाल रहे हरियाणा के खनन माफियाओं और उनके मददगारों के खिलाफ खनन विभाग ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। खनन अधिकारी अभिलाष चौबे की तहरीर पर हरियाणा के दर्जन भर नामचीन स्टोन क्रेशर संचालकों, पो. कलेन, डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली स्वामियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

पूरा मामला तब गरमाया जब सोशल मीडिया पर यमुना किनारे हो रहे अवैध खनन की तस्वीरें वायरल हुईं। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए। खनन अधिकारी अभिलाष चौबे और थाना बेहट पुलिस की संयुक्त टीम ने जब ग्राम असलमपुर बरथा में छापेमारी की, तो वहां तबाही का मंजर मिला। टीम ने मौके पर पाया कि माफियाओं ने सरकारी संपत्ति को बेरहमी से लूटा है। पैमाइश में करीब



43,645 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध कब्जा पाया गया। औसतन 2 मीटर तक गहरा खोदकर 87,306 घनमीटर आरबीएम चोरी किया गया। मौके पर पोकलेन और जेसीबी मशीनों के चलने के गहरे निशान और डंपरों के टायरों के निशान मिले हैं। जांच में सामने आया कि खनन स्थल से एक कच्चा रास्ता सीधे हरियाणा के उन क्रेशरों तक जा रहा है, जहाँ चोरी का माल खपाया जा रहा था। रडार पर आए प्रमुख क्रेशरों में सूर्या, डीएम, गंगा, महादेव, हिंदुस्तान, गुडविल, सरवरा, पीटीसी (संधू) और कमलेश प्लांट शामिल हैं। घ्प्रशासन का मानना है कि खनन स्थल से महज 500-1000 मीटर की दूरी पर स्थित इन क्रेशरों की संलिप्तता पूरी तरह स्पष्ट है।

सूत्रों का दावा है कि यह सिर्फ सीमा पार का हमला नहीं है, बल्कि इसमें उत्तर प्रदेश के भी कई रसूखदार श्सफेदपोशोंश का हाथ है। चर्चा है कि दोनों राज्यों के माफियाओं ने एक संगठित सिंडिकेट बना रखा है। पुलिस अब उन स्थानीय चेहरों को बेनकाब करने में जुटी है, जो बॉर्डर पर बैठकर इस अवैध कारोबार की मुखबिरी और रखवाली कर रहे थे।

हैरानी की बात यह है कि इसी जगह पर वर्ष 2023 में भी अवैध खनन का मामला पकड़ा गया था और उन्हीं क्रेशरों के नाम सामने आए थे। बार-बार हो रही इस दुस्साहसपूर्ण चोरी को देखते हुए प्रशासन इस बार सरकारी संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम जैसी कड़ी धाराओं में कार्रवाई कर रहा है। बेहट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी हैं।

# आंदोलन होगा तेज: पदम

**बेहट।** किसानों संग पीएम से मिलने जा रहे भाकियू अम्बावत के जिला अध्यक्ष पदम प्रकाश शर्मा हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

भारतीय किसान यूनियन अम्बावत के जिला अध्यक्ष पदम प्रकाश शर्मा को उस समय पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर दिया, जब वे काफी किसान साथियों के साथ प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री से मिलने जा ने की सूचना मिली तो पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया, जिससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिली- जिले अध्यक्ष पदम प्रकाश ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की आवाज दबाने का काम कर रही है

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मनोज कुमार, उसकी पत्नी ममता, अनुज कुमार, उसकी पत्नी बेबी व पुत्री सुनिता को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**जगदीश प्रसाद पुत्र श्री फूलसिंह निवासी ग्राम मडकी, थाना नागल, जिला सहारनपुर।**

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया भारत रत्न बाबा साहेब का जन्मदिन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया गया।

वाल्मीकि बस्ती में पूर्व सभासद एवं भाजपा नेता राकेश गांगुली के आवास पर बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई गई। राकेश गांगुली ने कहा कि डा. आंबेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के लिए जीवन भर कार्य किया। बाबा साहब ने समाज को सशक्त बनाने के लिए शिक्षित बनो, संगठित रहो व संघर्ष करो का नारा दिया। उन्होंने कहा कि हमें सभी महापुरुषों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि महापुरुष सर्वसमाज के मान्य होते है। इस मौके पर राजेश गांगुली, राहुल गांगुली, राहुल गांगुली, रिंकुल गांग. ुली, कविता सूद, मनुज गांगुली, अनुज गांगुली व नेहा गांगुली आदि मौजूद रहे। रविदास मार्ग (जाटव नगर) में हुए कार्यक्रम में पूर्व सभासद राजकुमार जाटव ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान में स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों को समाहित किया। ओमवीर सिंह, वेदप्रकाश जाटव, प्रवीण जाटव, यशपाल सिंह, सूरज जाटव, मनोज जाटव, विभोर जाटव, भव्या, शिवम मौजूद रहे। सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं ने बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रीतम सिंह कोहली, वीरेंद्र सिंह, कुलदीप सैनी, शामिल रहे।

**उधर,** रविदास मार्ग जाटव नगर मे आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सभासद राजकुमार जाटव ने भारत रत्न बाबा. साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहिब ने शिल्पकार समाज के दुबे कुचले शोषित मजलूम तबके की मजबूत आवाज नारी मुक्ती दाता देश के प्रथम कानून मंत्री महिलाओ शोषित के जन नायक परम पुज्य बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर जी द्वारा देश के लिए किया गया योगदान हमे भूलना नहीं चाहिए बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर के आदर्शो पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

ओमवीर सिंह ने कहा की भारतीय संविधान के शिल्पकार समानता और न्याय के महान प्रवर्तक पूज्य बोधिसत्व, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी जन्मोत्सव पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि यह दिन हमें उस महान व्यक्तित्वों को याद करने का अवसर देता है, जिन्होंने अपने त्याग, संघर्ष और विचारों से देश और समाज को नई दिशा दी। इसलिए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया।

# गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा में मनाया गया बैसाखी पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा में खालसा पंथ का सृजना दिवस व बैसाखी का पर्व श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। इस दौरान संगत को संबोधित करते हुए गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सेठ कुलदीप कुमार ने कहा कि वर्ष1699 को वैसाखी वाले दिन गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने खालसा पंथ की साजना कर गुलामी व जुल्म सहन कर रहे लोगों में नई जान फूंक दी। उन्होंने पंच प्यारे सजाकर पहले उन्हें अमृत छकाया फिर उनसे स्वंय अमृत छका।

शनिवार से चल रहे श्री अखंड पाठ की समाप्ति के बाद मंगलवार को कीर्तन दरबार सजाया गया जिसमें भाई गुरदयाल सिंह, अमनदीप सिंह ने गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा कमेटी की ओर से श्री अखंड पाठ साहिब के पाठ की सेवा लेने वाले माता जागीर कौर, परमजीत सिंह, गुरजंट सिंह व शांति देवी को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। संचालन गुरजोत सिंह सेठी ने किया। इस दौरान श्याम लाल भारती, डा. रवि प्रकाश खोराना, सतीश गिरधर, गुरविंदर सिंह छाबड़ा, गिरिश को. हली, सचिन छाबड़ा, मनोज सिंघल एड., जसदीप सिंह, सुखजिंदर सिंह, चरण सिंह, शोभा सिंह मनचंदा, हर्षप्रीत सिंह, विपिन नारंग, राजपाल सिंह, हरदीप सिंह आदि शामिल रहे।

### अखंड पाठ साहिब के पाठ की सेवा करने वालों को सिरोपा देकर किया सम्मानित

# उलेमाओं ने सपा नेता के बयान पर जताई नाराजगी







**देवबन्द।** शेखुल हिंद मैडिकल कालेज सहारनपुर का नाम बदलने की पूर्व विधायक मनोज चौधरी की सिफारिश पर उलमा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इस प्रकार की सिफारिश करना स्वतंत्रता सेनानी का अपमान है जिसको किसी भी दशा में सहन नहीं किया जा सकता। इससे पूर्व शेखुल हिंद के नवासे व उनके नाम पर चल रही एकेडमी के अध्यक्ष हाजी रियाज महमूद ने भी तल्ख तेवर दिखाते हुए मनोज के इस बयान का कड़ा विरोध किया था। मजलिस इत्तेहाद ए मिल्लत के अध्यक्ष व मदरसा जामिया हुसैनिया के वरिष्ठ उस्ताद मुफ्ती तारिक कासमी ने सपा नेता एवं पूर्व विधायक मनोज चौधरी के बयान पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि दारुल उलूम देवबंद के प्रथम छात्र एवं शेखुल हिंद मौलाना महमूद हसन देवबंदी महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके द्वारा देश की आजादी में दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सपा नेता द्वारा सहारनपुर के मेडिकल कालेज का नाम बदलने की सिफारिश करना बेहद अफसोसनाक है। मदरसा जामिया शेखुल हिंद के मोहतमिम मुफ्ती असद कासमी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व विधायक मनोज चौधरी को यह बात भली प्रकार समझनी चाहिए कि सपा ने ही अपनी सरकार में मेडिकल कालेज का नाम शेखुल हिंद के नाम पर रखा था। उनके द्वारा इस तरह की सिफारिश किए जाना निंदनीय है। वहीं, अब शेखुल हिंद एकेडमी के चेयरमैन रियाज महमूद ने कहा कि पूर्व विधायक के इस बयान को लेकर जल्द ही एकेडमी का एक प्रतिनिधिमंडल सपा मुखिया अखिलेश यादव से भेंट कर पूर्व विधायक मनोज चौधरी के बयान से अवगत कराया जाएगा।

# भाजपा प्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन

### आगामी बैठक में प्रस्तावों को शामिल करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**हल्दौर।** नगर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और समग्र विकास को लेकर भाजपा पदाधिकारियों एवं नामित सभासदों ने आज नगर पालिका को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आगामी बोर्ड बैठक के एजेंडे में जनसरोकार से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों को शामिल कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर लागू करने की मांग उठाई।

ज्ञापन में अधिशासी अधिकारी और पालिका अध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा गया कि नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ठोस रणनीति बनाते हुए शीघ्र कार्यवाही जरूरी है। इसमें नगर पालिका परिसर में जनसेवा केंद्र की स्थापना, रोडवेज बस स्टैंड के लिए उपयुक्त भूमि का चयन तथा एम्बुलेंस व अंतिम यात्रा वाहन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। भाजपा प्रति. निधियों ने यह भी कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए विवाह मंडप/बैंक्वेट हॉल का निर्माण कराया जाए, जबकि प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसके अलावा नगर में स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। ज्ञापन में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता दी गई। इसके तहत तालाबों व जलाशयों के पुनरुद्धार एवं सौंदर्यीकरण, एक आधुनिक पार्क के निर्माण तथा काशीराम आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को शीघ्र आवास आवंटन की मांग की गई। इसके साथ ही मुख्य मार्गों पर जर्जर सड़कों व पुलियों के पुनर्निर्माण, जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हर माह प्रशासनिक एवं राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित करने की आवश्यकता जताई गई। अंतिम संस्कार स्थल के विकास और वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई।

ज्ञापन सौंपने वालों ने उम्मीद जताई कि नगर हित से जुड़े इन प्रस्तावों को बोर्ड बैठक में शामिल कर शीघ्र अमल में लाया जाएगा, जिससे हल्दौर के विकास को नई गति मिल सकेगी। इस दौरान दीपक कुमार चानू, शाश्वत रस्तोगी, डा. यश चंद्रा, चरनजीत सिंह मिक्का, कुसुम देवी के प्रतिनिधि के रूप में गौतम कुमार आदि मौजूद रहे।

# अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक

## डीएम ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम डीएम कौर द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस मौके पर डीएम ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर एक ऐसा नाम है, जिसने भारतीय समाज में शैक्षिक एवं समानता एवं सामाजिक क्षेत्र में क्रांति लाने का काम किया। उनकी जयंती पर हम उनके आदर्शों और सिद्धांतों को याद करते हैं, जिन्होंने हमें एक समतामूलक समाज की कल्पना करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी तथा समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई और उनके सशक्तिकरण के लिए काम किया। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और वंचित वर्गों को शिक्षित करने के लिए काम किया तथा भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कई महत्वपूर्ण नीतियों को आकार देने में मदद की।

उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर के विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर एक समतामूलक समाज बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें सामाजिक भेदभाव और असमानता के खिलाफ लड़ना चाहिए और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए तथा पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ वंचित वर्गों को उनके अधिकार उपलब्ध कराने में हमें अपना योगदान भी देना चाहिए।

इस मौके पर एडीएम न्यायिक वान्या सिंह, प्रशासनिक अधिकारी उमेश विज द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रशास. निक अधिकारी कलेक्ट्रेट सलाहुद्दीन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट एवं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

उधर विकास भवन परिसर में बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह द्वारा विकास भवन परिसर स्थित बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान उपयुक्त मनरेगा आरबी यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित विकास भवन स्थित कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारी एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा विचार व्यक्त कर बाबा साहब द्वारा राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में उनके योगदान का स्मरण कराया गया।

# डा. नवेद अकबर ने शिक्षा के क्षेत्र में बनाई नई पहचान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए रहबर-ए-आम मुस्लिम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. नवेद अकबर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरे हैं। उनके मार्गदर्शन और आधुनिक शिक्षण पद्धति ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को नई दिशा प्रदान की है।

डा. नवेद अकबर द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष रूप से बायोलॉजी विषय के विद्यार्थियों के लिए उनके द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे नि:शुल्क नोट्स अतिरिक्त कक्षाएं और व्यक्तिगत मार्गदर्शन अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। इससे विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। विद्यालय में अनुशासन आधुनिक शिक्षा प्रणाली तथा तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डा.अकबर का मानना है कि शिक्षा केवल परीक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास को भी मजबूत करना आवश्यक है। उनके नेतृत्व में विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर मार्गदर्शन और समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने भी विद्यालय में आए सकारात्मक बदलावों की सराहना करते हुए कहा कि डा.नवेद अकबर के प्रयासों से संस्थान की पहचान लगातार मजबूत हो रही है।

## बाबा साहब को नमन

**बिजनौर।** जिला बार एसोसिएशन द्वारा आज जनपद न्यायालय परिसर स्थित स्व.विरेंद्र पाल सिंह एड.मैमोरियल बार हाल में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र कुमार एड. की अध्यक्षता में महासचिव चौधरी मनोज कुमार सेठी एड.के संचालन में भारतरत्न महाविद्वान, संविधान निर्माता, युगपुरुष, महामानव बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता महीपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष यशपाल सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता हरि सिंह भारती, पीताम्बर सिंह, विनय देवरा, नवदीप सिंह पूर्व महासचिव, रामपाल सिंह पाल, उपाध्यक्ष तुषार चौधरी, कोषाध्यक्ष कविता चौधरी, संयुक्त मंत्री वंदना आजाद व नितिन कुमार, शुभम चौधरी, ममतेश चौहान, गंगाराम, महेंद्र सिंह आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## संविधान बचाने का आह्वान

**नूरपुर।** सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी के निवास बाबा साहब की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक रामअवतार सैनी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने देश का संविधान लिखा। संविधान की वजह से दबे-कुचले लोगों को बराबरी का अधिकार मिला। बाबा साहब ने लोगों वोट देने का अधिकार दिया है। उनके नक्शे-कदम पर चल कर अपने बच्चों शिक्षित बनाना होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार बाबा साहब के संविधान को मिटाना चाहती है। उनके संविधान को बचाने के लिए आने वाले विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनानी है। अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनना है। इस मौके पर सपा विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद, जिला पंचायत सदस्य इमरान, राहुल चौधरी, बीके कश्यप, सुनील गुर्जर, शहजाद मलिक, एमआर पाशा, अबरार अहमद, प्रेम सैनी, जुल्फुकार कुरैशी, डा. खादिम अंसारी, विशाल यादव, गंगाराम सैनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नसीम अहमद ने किया।


**नोटिस प्रकाशन सूचना**

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन) द्वितीय, सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर**

वाद संख्या-282/2022 कम्प्यूटरीकृत वाद सं0- सी202209000000282 धारा 333, उ0प्र0ज0वि0भू0व्य0 अधिनियम, 1950, ग्राम दरिया बरामद परगना सुल्तानपुर तहसील व जिला सहारनपुर।

हरिराम **बनाम** श्रीमती सुनिता आदि

**नोटिस बनाम**

विपक्षी सं0 1/2-टिंकू, 1/3-काका पुत्रगण नरेश, 1/4-अक्षय कुमार नाबालिग पुत्र नरेश संरक्षिका माता सुनीता, 2-सोनी पुत्र ओमप्रकाश, 3-सुशील पुत्र भोला, 4-राजपाल पुत्र बीरबल, 5-धर्मवीर पुत्र लाक्खा, 6-देवीसिंह पुत्र सहीराम, 7-राकेश पुत्र नानू, 8-कर्मसिंह पुत्र समेरा, 9-इन्द्राज पुत्र सुक्कड, 10-मुकेश पुत्र फूलसिंह, 11-चतरपाल पुत्र जयपाल, 12. मेनसिंह पुत्र मलखान, 13-श्रीमती ममता पत्नी स्व0 रविन्द्र, 14-भूरा, 15-अंकित नाबालिग पुत्रगण रविन्द्र संरक्षिका श्रीमती ममता माता खुद, 16-नेत्रपाल पुत्र रामपाल, 17-जलसिंह पुत्र बहाल सिंह, 18-बबलू पुत्र सहीराम, 19-राजबीर पुत्र लाखा, 20-श्यामसिंह पुत्र सरबा समस्त निवासीगण ग्राम शाहजहांपुर परगना सुल्तानपुर तहसील व जिला सहारनपुर, 21-ग्राम सभा ग्राम दरिया बरामद परगना सुल्तानपुर तहसील व जिला सहारनपुर द्वारा प्रधान/भूमि प्रबंधक समिति ग्राम दरिया बरामद द्वारा अध्यक्ष भू0प्र0स0।

प्रस्तुत निगरानी, हरिराम पुत्र रिडकू निवासी ग्राम शाहजहांपुर परगना सुल्तानपुर तहसील व जिला सहारनपुर द्वारा न्यायालय अपर कलेक्टर (वित्त एवं राजस्व) सहारनपुर के वाद संख्या-2/12-13, हरिराम बनाम नरेश आदि अन्तर्गत धारा 198 (4), उ0प्र0ज0वि0 एवं भू0व्य0 अधिनियम में पारित आदेश दिनांक 13.07.2015 के विरुद्ध इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस निगरानी में दिनांक 16.04.2026 नियत है। अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 16.04.2026 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित निगरानी में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।

दिनांक: 19.03.2026

**आज्ञा से**

**अपर आयुक्त (प्रशासन) द्वितीय सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**


# अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि सभा



**बिजनौर।** कांग्रेस जिला कार्यालय पर भारतरत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं स्मृति सभा का आयोजन जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके प्रति अपनी श्रद्धा एवं स्नेह व्यक्त किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाबा साहब द्वारा भारतीय संविधान के निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान एवं समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान हेतु किए गए उनके संघर्षों को विस्तार से रेखांकित किया। सभा में सभी उपस्थित जनों ने बाबा साहब के समतामूलक, न्यायपूर्ण एवं समावेशी भारत के विचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई तथा उनके सिद्धांतों और अंबेडकरवाद की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता एवं न्याय की स्थापना संभव है। इस मौके पर सभी कांग्रेस सदस्यों ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में विकास भवन की ओर मार्च किया और बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभा में पार्टी के जिला, शहर, नगर, ब्लॉक एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक ने मानसी गुप्ता को दी शुभकामनाएं

**बढ़ापुर।** मौहल्ला बाजार निवासी आयुर्वेदिक दवाइयों के विक्रेता शुभांकर गुप्ता की पुत्री मानसी गुप्ता ने एनडीए (नेशनल डिफेंस एकेडमी) में छठी रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से जनपद भर में हर्ष की लहर है। सूचना मिलने पर मंगलवार की दोपहर भाजपा विधायक सुशांत सिंह समर्थकों के साथ मानसी गुप्ता के आवास पर पहुंचे और मानसी के स्वजन से मुलाकात कर राम दरबार भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान भाजपा नेता विजय सिंह, संजीव कश्यप बंटी, जयवीर पंचवाल, मुकेश आर्य, प्रमोद चौहान, ललित वर्मा, नितिन चौधरी, कैलाश प्रजापति, नितिन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी में मनाई जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सीएचसी में भारतरत्न डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन डा. बीके स्नेही के नेतृत्व में किया गया।

इस मौके पर पर डा. सीएचसी प्रभारी डा. बीके स्नेही सहित अन्य वक्ताओं ने बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष और उनके महान योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर विश्व के महान विचारक समाज सुधारक एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर उच्च उपलब्धियां हासिल कीं और देश को समानता न्याय एवं अधिकारों का मार्ग दिखाया। वक्ताओं ने कहा बाबा साहब ने देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त की तथा कोलंबिया विश्वविद्यालय अमेरिका से पीएचडी की उपाधि हासिल की। भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान के कारण उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता भी कहा जाता है। उनके द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों के आधार पर आज देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था संचालित हो रही है। जिसमें सभी वर्गों को समान अधिकार एवं अवसर प्राप्त हैं।

इस मौके पर डा. राकेश कुमार, डा. हासिम, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, धीरेंद्र सिंह, योगेश कुमार, हरीश कुमार, प्रदीप रावत, दुशाला शर्मा, अनीता देवी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।


**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र मौहम्मद अली मेरे कहने सुनने में नहीं हैं गलत संगत पड़ जाने के कारण उसका मेरे व मेरे परिवार के साथ ठीक व्यवहार नहीं है। जिससे दुखी मैंने अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है। इसलिए उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

जाहिद हसन पुत्र मौ. उमर
निवासी मौहल्ल किला थाना देवबन्द

**सूचना**

मैंने अपना नाम SHAMA PARVEEN से बदलकर PRAVEEN रख लिया है अब भविष्य में मुझे PRAVEEN नाम से ही जाना जाये।

PARVEEN
W/O MOHD NAUSHAD
VILLAGE - AMBEHTA
SHEKHA DEOBAND
SAHARANPUR UP

# चेन्नई ने कोलकाता को 193 का टारगेट दिया

### सैमसन ने 48, ब्रेविस ने 41 रन बनाए, कार्तिक त्यागी ने चटकाए2 विकेट

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के 22वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 193 रन का टारगेट दिया। चेपाक स्टेडियम में केकेआर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। सीएसके ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। संजू सैमसन ने 32 बाल पर 4 चौके और 3 छक्कों के सहारे 48 रन बनाए। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 29 बाल पर 41 रन की पारी खेली।



आयुष म्हात्रे ने 17 बाल पर 38 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के मारे। केकेआर से कार्तिक त्यागी ने दो विकेट झटके। वैभव अरोरा, अनुकूल राय और सुनील नरेन को एक-एक विकेट मिला। चेन्नई की पारी का 20वां ओवर डाल रहे कार्तिक त्यागी ने महज 8 रन बनाए। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। 18वें ओवर में चेन्नई ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर डेवाल्ड ब्रेविस 41 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कार्तिक त्यागी ने वैभव अरोरा के हाथों कैच कराया। त्यागी को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने संजू सैमसन (48 रन) को बोल्ड किया। 17वें ओवर में सीएसके ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर सरफराज खान 23 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सुनील नरेन ने 17वें ओवर की पहली बाल पर बोल्ड कर दिया। इसी के साथ 51 रन की साझेदारी टूट गई। 16वें ओवर में चेन्नई ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। इस ओवर में वैभव अरोरा ने 20 रन खर्च कर दिए। उनके ओवर में दो छक्के और एक चौका पड़ा। ब्रेविस ने दूसरी बाल पर छक्का लगाया, जबकि चौथी बाल पर सरफराज खान के बल्ले से छक्का आया। आखिरी बाल पर ब्रेविस ने चौका मारा। 14वें ओवर में डेवाल्ड ब्रेविस ने वरुण चक्रवर्ती की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। चौथी और 5वीं बाल को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। ओवर की दूसरी बाल पर सरफराज खान ने एक छक्का भी मारा। वरुण के इस ओवर से 15 रन आए। सुनील नरेन ने 13वें ओवर में महज 3 रन दिए। ये सभी रन सिंगल के जरिए आए। नरेन के इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। उन्होंने 3 ओवर महज 16 रन ही दिए हैं। सीएसके ने तीसरा विकेट गंवा दिया। यहां पर संजू सैमसन 48 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कार्तिक त्यागी ने 12वें ओवर की दूसरी बाल पर बोल्ड किया, पहली बाल पर छक्का पड़ा था। 10वें ओवर में चेन्नई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। संजू सैमसन ने कार्तिक त्यागी के ओवर की 5वीं बाल पर अपर कट करके छक्का लगाया। इसी छक्के के सहारे टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 9वें ओवर में सुनील नरेन ने महज 5 रन दिए। उनकी पहली बाल पर ब्रेविस के कैच आउट होने का मौका बना, लेकिन मिड आन पर कैच उठा था, मिडविकेट, मिड आन और मिड आफ के फील्डर इसे पकड़ने के लिए दौड़े, लेकिन फील्डर्स के पहुचने से पहले बाल जमीन पर गिर गई। टॉस हारकर बैटिंग कर रही चेन्नई की शुरुआत मिलीजुली रही। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में 72 रन बनाने में दो विकेट गंवा दिए।

# मिचेल व दीप्ति शर्मा बने विजडन के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**लंदन, वार्ता।** मिचेल स्टार्क को विजडन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना है। उन्होंने 2025 में शानदार प्रदर्शन किया और एशेज में अहम भूमिका निभाई। वहीं दीप्ति शर्मा को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का सम्मान मिला है।




नवम्बर में घरेलू जमीन पर भारत की ऐतिहासिक विश्व कप जीत में उनका बड़ा योगदान रहा। इन पुरस्कारों का ऐलान अल्मनाक के 163वें संस्करण के प्रकाशन से पहले किया गया। 36 साल के स्टार्क ने इस साल 11 टेस्ट मैचों में 17-32 की औसत से 55 विकेट लिए। इसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ नौ रन देकर छह विकेट लेने का उनका करियर बेस्ट प्रदर्शन भी शामिल रहा। इसके बाद 2025-26 एशेज के पहले दो टेस्ट में उन्होंने 18 विकेट झटके और पूरी सीरीज में 19-93 की औसत से 31 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई। 28 साल की दीप्ति शर्मा भारत की 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहीं। भारत ने नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीता। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने 30-71 की औसत से 215 रन बनाए और 20-40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। फाइनल में उन्होंने 58 रन की अहम पारी खेली और 5 विकेट लेकर मैच अपने नाम किया। भारत के पुरुष क्रिकेटरों को भी इस बार अल्मनाक में बड़ी पहचान मिली है। शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को विजडन के 'साल के 5 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर' में शामिल किया गया। इन सभी ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ रही टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था।

## खेल विशेष

### कमिंस के 17 अप्रैल को एसआरएच में वापस आने की उम्मीद

**हैदराबाद, वार्ता।** दो डेब्यू करने वाले भारतीय पेसरों की शानदार सफलता पर सवार सनराइजर्स हैदराबाद का बॉलिंग अटैक और मजबूत हो सकता है, क्योंकि पैट कमिस की टीम से कुछ अच्छी खबर आई है। उनके चुने हुए कप्तान, जो दुनिया के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक हैं, जल्द ही उनके आने वाले मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। अभी तक कोई गारंटी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से नई उम्मीद जगी है। क्रिकबज को पता चला है कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिस बुधवार को घर पर फिटनेस टेस्ट देंगे, और अगर वह इसे पास कर लेते हैं - जिसके बारे में फेंचाइजी में उम्मीद की किरण है - तो उनके उनके लिए खेलना शुरू करने का चांस है। कमिस के 17 अप्रैल को हैदराबाद वापस आने की उम्मीद है। एसआरएच अपना अगला मैच शुक्रवार (18 अप्रैल) को अपने घर पर खेलेगा।

### ब्रिटेन के जैक ड्रेपर पहले राउंड में रिटायर हुए

**बार्सिलोना (स्पेन), वार्ता।** ब्रिटेन के जैक ड्रेपर घुटने की चोट के कारण बार्सिलोना ओपन में टॉमस मार्टिन एचेवेरी के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच के तीसरे सेट में रिटायर हो गए। क्ले-कोर्ट सीजन का अपना पहला मैच खेल रहे ड्रेपर ने अर्जेंटीना के एचेवेरी के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता, लेकिन उन्हें मूवमेंट में दिक्कत होने लगी और दूसरा सेट 6-3 से हार गए। 24 साल के इस खिलाड़ी पर एक फिजियो ने ध्यान दिया और डिसाइडिग सेट से ठीक पहले उनके दाहिने घुटने के नीचे के हिस्से पर टेप लगाया गया। तीसरे सेट में एचेवेरी ने उनकी सर्व दो बार तोड़ी और कोर्ट पर घूमने में मुश्किल होने के बाद, उन्होंने 4-1 से पीछे होने पर मैच छोड़ दिया। दुनिया में 28वें रैंक वाले ड्रेपर हाथ की चोट से वापसी के दौरान सावधान रहे हैं और टूर्नामेंट से पहले हाल ही में हुए मोंटे कार्लो मास्टर्स से हट गए थे।


# चेपॉक पर धोनी ने की प्रैक्टिस अभी वापसी में देरी संभव

**चेन्नई, वार्ता।** काफ इंजरी से उबर रहे एमएस धोनी की आईपीएल 2026 में वापसी के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि वह अभी भी मैच फटिनेस पर काम करते प्रतीत हो रहे हैं। 28 मार्च को सीजन के पहले दिन चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) ने अपने बयान में बताया था कि धोनी पहले दो सप्ताह तक के लिए बाहर रह सकते हैं और वह रिहैब से गुजरेंगे।

धोनी टीम के अन्य साथियों के साथ अभ्यास कर रहे हैं लेकिन वह केवल थ्रोडाउन का सामना कर रहे हैं और अभी भी उनका पूरी तरह से फटि होना बाकी है। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ घरेलू मैच की पूर्व संध्या पर चेपॉक में अंडर लाइट्स सीएसके के अभ्यास के अंतिम चरण में धोनी ने नेट्स में थोड़ी देर अभ्यास किया। लेकिन एक बार फिर उन्होंने सपोर्ट स्टाफ से केवल थ्रोडाउन का सामना किया, जब हसी ने प्रैक्टिस पिच के बीच में गेंद डाली तो गेंद धोनी के बल्ले के जोड़ पर जा लगी। लेकिन जब गेंद उनके स्लॉट में पड़ी तब उन्होंने गेंद को अपने बॉटम हैंड का इस्तेमाल करते हुए मिडविकेट बाउंड्री की ओर भेज दिया। इसके बाद उन्होंने स्लॉट में पड़ी एक और गेंद को लेग साइड में 'जे' स्टैंड में भेज दिया। सीएसके का अभ्यास सत्र रात के नौ बजे समाप्त हुआ। धोनी ने विकेटकीपिग का अभ्यास नहीं किया। 44 वर्षीय धोनी ने सीएसके के अब तक चारों मुक. ाबले मिस किए हैं और मंगलवार को भी वह खेलने से चूक सकते हैं। उन्होंने अब तक चेन्नई के बाहर सीएसके के मुकाबलों के लिए गुवाहाटी और बेंगलुरु की यात्रा नहीं की है। वहीं सीएसके के घरेलू मुकाबलों के लिए भी वह चेपॉक नहीं पहुंचे हैं। गुवाहाटी में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिग ने कहा था कि वह टीम से जुड़ी चर्चाओं में शामिल रहते हैं और टीम पर उनका प्रभाव अभी भी मजबूत है। धोनी की अनुपस्थिति में संजू सैमसन विकेटकीपिग कर रहे हैं और इंग्लैंड के ऑलराउंडर जेमी ओवर्टन ने अपने खेल से फर्निशर की भूमिका अदा करने की झलक दिखाई है।

# RCB की धाकड़ बल्लेबाजी व आउट ऑफ फॉर्म LSG के बीच मुकाबला

**बेंगलुरु, वार्ता।** एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, जहां बाउंड्री छोटी होती हैं और बॉलर अक्सर ऐसे दिखते हैं जैसे मानसून आते ही उन्होंने अपना छाता खो दिया हो, एक और आईपीएल शाम चुपचाप अपने हमेशा के थिएटर जैसा माहौल बना लेती है।



इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी मजबूत घरेलू टीम के चैलेंजर के तौर पर आ रहे हैं। यहीं पर आरसीबी कुछ ऐसा कर रही है जो क्रिकेट कम और एक अच्छी तरह से तैयार फैक्ट्री ज्यादा लगता है और उनके रास्ते में आने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए थोड़ा डरावना है। इसे सिर्फ अच्छी बैटिंग फॉर्म कहना गलती होगी। यह भगदड़ को तेज चलना कहने जैसा होगा। इस मैदान पर, आरस. ीबी ने रन बनाने को लगभग रूटीन, फिर भी जबरदस्त बना दिया है। 200 रन का आंकड़ा अब कोई मील का पत्थर नहीं रहा, यह सिर्फ एक विनम्र सुझाव है। बैटिंग कंट्रोल में शुरू होती है, लगभग ऐसे जैसे कोई सरकारी ऑफिस समय पर खुल रहा हो, और फिर धीरे-धीरे कुछ ज्यादा अग्रेसिव और बॉलर्स के लिए उसे रोकना नामुमकिन हो जाता है। इस सीजन में आरसीबी की बैटिंग यूनिट को विराट कोहली लीड कर रहे हैं, जिन्होंने टॉप पर अपनी हमेशा की तरह अथॉरिटी के साथ चार मैचों में 179 रन बनाए हैं। उनके साथ, फिल सॉल्ट ने जबरदस्त शुरुआत दी है, जिसमें पिछले मैच में 36 गें. दों पर 78 रन की तेज पारी शामिल है, जिससे शुरुआत में ही माहौल बन गया। देवदत्त पडिक्कल भी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने तीन मैचों में 125 रन बनाए हैं, जिसमें दो तेज फिफ्टी शामिल हैं और उनका स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा है, जिससे वह पावरप्ले और शुरुआती मिडिल ओवर्स में सबसे खतरनाक बैट्समैन में से एक बन गए हैं।

# वैभव का विकेट पहली गेंद पर लेने के बारे में पहले ही कहा था: हिंगे

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए अपने आईपीएल डेब्यू पर धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले विदर्भ के तेज गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने कहा कि उन्होंने पिछले साल ही यह सोच लिया था कि जब वह डेब्यू करेंगे तो चार या पांच विकेट लेंगे। हिंगे ने बताया कि उन्होंने पहले ही कुछ लोगों से यह भी कहा था कि वह पहली ही गेंद पर वैभव सूर्यवंशी का विकेट लेंगे।



मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड लेने के बाद हिंगे ने कहा कि पिछले साल मैंने कहीं पर लिखा था कि जब मैं डेब्यू करूंगा तो चार या पांच विकेट लूंगा। मैं पावरप्ले में जितना संभव हो हावी होना चाहता था। मुझे औरों का नहीं पता लेकिन मुझे इसमें (मैनिफेस्टेशन) विश्वास है। कप्तान इशान किशन ने पहला ओवर हिंगे को ही थमाया था और उन्होंने अपनी दूसरी ही गेंद पर सूर्यवंशी को आउट कर दिया। सूर्यवंशी की यह पहली गेंद थी और वह लेग साइड में खेलने गए लेकिन गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर कीपर के पास चली गई। हिंगे ने सूर्यवंशी के अलावा अपने पहले ही ओवर में ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस का विकेट भी लिया लेकिन उनका सबसे पसंदीदा विकेट सूर्यवंशी का विकेट था। हिंगे ने कहा कि सूर्यवंशी का विकेट सबसे बढ़िया था क्योंकि वह फॉर्म में थे। मैंने पहले ही कुछ लोगों से कह रखा था कि मैं उसे पहली ही गेंद पर आउट करूंगा, या तो बाउंसर डालूंगा या किसी और तरह से उसे आउट करूंगा। मैं पहली ही गेंद पर उसका विकेट लेना चाहता था। यही योजना थी और हमारे गें. दबाजी कोच वरुण (आरोन) भाई ने मेरी काफी मदद की। मैं हर किसी का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मेरा साथ दिया। हिंगे ने अपनी क्रिकेट की यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि जब उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था तब उन्हें यह भी पता नहीं था कि लेदर बॉल किसे कहते हैं। हिंगे ने कहा कि मैंने 13 वर्ष की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था, तब मैं यह भी नहीं जानता था कि लेदर बॉल क्या होती है। मैंने अपने पिता से कहा था कि मैं क्लब से जुड़ना चाहता हूं लेकिन उन्होंने यह कहते हुए मना कर दिया कि मैं अभी काफी छोटा हूं। लेकिन कैसे भी फिर चीजें वहां से शुरू हुईं और मैं लगातार खेलता रहा। यहां पर खड़ा होना एक सुखद एहसास है, मैं इस अवॉर्ड को अपने परिवार को समर्पित करना चाहता हूं। हिंगे के साथ ही एक अन्य तेज गें. दबाज साकिब हुसैन ने भी धमाकेदार डेब्यू किया और उन्होंने भी चार विकेट हासिल किए।

दूसरे ओवर में ही उन्होंने यशस्वी जायसवाल का विकेट निकाला था और फिर उन्होंने आरआर की ओर से एकमात्र अर्धशतक जड़ने वाले डॉनोवन फरेरा का भी विकेट निकाला। साकिब ने अपने इस प्रदर्शन का श्रेय आरोन को दिया। साकिब ने कहा कि हर एक खिलाड़ी की ख्वाहिश होती है कि उसका डेब्यू इस तरह से हो। जब मुझे पता चला कि मैं डेब्यू कर रहा हूं तो फिर काफी अच्छा लगा। गेंदबाजी कोच ने एक दिन पहले ही मुझे बता दिया था कि मैं खेलने वाला हूं, तो मैं उसके लिए तैयार था। गेंदबाजी कोच वरुण आरोन मेरे साथ पिछले तीन-चार मैच से काम कर रहे थे। मेरी गेंदबाजी में सुधार उनकी वजह से हुआ है।

### पैट कमिंस को अपना आदर्श मानते हैं प्रफुल हिंगे

**हैदराबाद, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ आईपीएल 2026 में डेब्यू करते हुए विदर्भ के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को धमाकेदार शुरुआत दिलाते हुए अपने पहले ही ओवर में तीन विकेट निकाल लिए। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी के अलावा ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को पवेलियन चलता कर दिया। सीनियर स्तर पर 24 वर्षीय हिंगे का यह केवल दूसरा टी20 मैच था और उन्होंने ओवर की दूसरी ही गेंद पर सूर्यवंशी को चलता कर दिया। इसी ओवर में उन्होंने दो और विकेट निकाले और आईपीएल इतिहास में पारी के पहले ओवर में तीन विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज भी बन गए। इसके बाद हर कोई यह पूछने लगा: यह प्रफुल हिंगे कौन है? हिंगे ने अक्टूबर 2024 में विदर्भ के लिए प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था और पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में उन्होंने 11 पारियों में 26-37 की औसत से 16 विकेट हासिल किए थे। इस मुकाबले से पहले उन्होंने एकमात्र टी20 दिसम्बर 2025 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला था जिसमें उन्होंने 23 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। उन्होंने पिछले साल विदर्भ प्रो टी20 लीग में नेको मास्टर ब्लास्टर्स के खिताबी सीजन में अहम भूमिका अदा की थी। हिंगे एक घातक तेज गेंदबाज साबित हो सकते हैं और वह अपने कद का अच्छा इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने 12 वर्ष की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था। वह एसआरएच के अपने नियमित कप्तान पैट कमिस को अपना आदर्श मानते हैं और उनके साथ ड्रेसिग रूम शेयर करना चाहते हैं। हिंगे विदर्भ के अपने सीनियर साथी तेज गेंदबाज उमेश यादव को भी अपनी प्रेरणा मानते हैं जिनके साथ उन्होंने अपने टी20 डेब्यू पर गेंदबाजी की शुरुआत की थी। हिंगे ने कुल मिलाकर 10 प्रथम श्रेणी मुक. ाबले खेले हैं और 27 विकेट हासिल किए हैं। उन्होंने छह लिस्ट ए मुकाबले खेलते हुए पांच विकेट हासिल किए हैं।

# बिहार में बड़े स्टेज पर परफॉर्म करने का पोटेंशियल है: हर्षवर्धन

**हैदराबाद (तेलंगाना), वार्ता।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के प्रेसिडेंट,हर्षवर्धन ने आईपीएल 2026 में युवा फास्ट बॉलर साकिब हुसैन के शानदार डेब्यू पर खुशी जताई और इसे बिहार क्रिकेट के लिए गर्व का पल बताया। हर्षवर्धन ने इस बात पर जोर दिया कि साकिब का परफॉर्मेंस राज्य से उभर रहे खिलाड़ियों की बढ़ती ताकत और पोटेंशियल को दिखाता है और बिहार के क्रिकेटिंग इकोसिस्टम के लिए एक पॉजिटिव कदम है।

गोपालगंज जिले के रहने वाले और बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को रिप्रेजेंट करने वाले साकिब हुसैन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अपने डेब्यू पर शानदार परफॉर्मेंस दी। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पहले ही मैच में, उन्होंने अपने 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए, और अपनी टीम की जीत में अहम रोल निभाया। हर्षवर्धन ने कहा कि साकिब हुसैन को इस अचीवमेंट के लिए बहुत-बहुत बधाई। जिस तरह से उन्होंने अपने पहले ही आईपीएल मैच में बॉलिंग की, वह बिहार क्रिकेट के लिए एक पॉजिटिव साइन है। उनके परफॉर्मेंस से पता चलता है कि बिहार के प्लेयर्स में बड़े स्टेज पर परफॉर्म करने का पोटेंशियल है। हमें उम्मीद है कि वह भविष्य में भी इसी तरह का प्रदर्शन करते रहेंगे। इस बीच, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी जयिाउल अरफीन ने भी साकिब के परफॉर्मेंस की तारीफ की और इसे पूरे बिहार क्रिकेट समुदाय के लिए गर्व की बात बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साकिब का सफर कड़ी मेहनत और डेडिकेशन का सबूत है और यह राज्य के कई यंग क्रिकेटरों को अपने सपने पूरे करने के लिए इंस्पायर करेगा। मैच में, साकिब हुसैन ने यशस्वी जायसवाल, डोनोवन फरेरा, जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई जैसे खास प्लेयर्स को आउट करके अपनी बॉलिंग काबिलियत दिखाई, जिससे बड़े स्टेज पर टॉप-लेवल कॉम्पिटिशन के खिलाफ परफॉर्म करने की उनकी काबिलियत का पता चला। एक मिडिल-क्लास फैमिली से आईपीएल में अपनी पहचान बनाने तक का साकिब हुसैन का सफर सच में इंस्पायरिग है। अनुशासन और लगातार कोशिश से उनकी तरक्की न सिर्फ उनके अपने पक्के इरादे को दिखाती है, बल्कि बिहार में क्रिकेट के इंफ्रास्ट्रक्चर और मौकों की लगातार तरक्की को भी दिखाती है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने साकिब हुसैन को बधाई दी।

# दुनिया के बेस्ट खिलाड़ियों की बराबरी कर सकता हूं: आयुष

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के आयुष शेट्टी, जिन्होंने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026 में एक शानदार हफ्ते के बाद सिल्वर मेडल जीता, को लगने लगा है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की बराबरी कर सकते हैं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, जिन्होंने निंगबो में फाइनल तक पहुंचने के रास्ते में टॉप रैंक वाले अपोनेंट्स को हराया था,




टाइटल मुकाबले में पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के शी यूकी से हार गए, लेकिन इस हार का इस्तेमाल अपने खेल में कमियों पर सोचने के लिए किया। टूर्नामेंट के बाद एक इंटरव्यू में, शेट्टी ने अपने बदलते माइंडसेट, एक साइकोलॉजिस्ट और एक नए कोचिग सेटअप के साथ काम करने के असर, और बैडमिंटन में सबसे ऊंचे लेवल पर लगातार मुकाबला करने के लिए जरूरी एडजस्टमेंट के बारे में बात की। सवाल: टूर्नामेंट के दौरान आपके स्मैश और अटैकिंग इंटेंट शानदार थे, लेकिन फाइनल में, आपके अपोनेंट ने आपको लंबी रैलियां खेलने पर मजबूर कर दिया। क्या आपको लगता है कि अटैक से डिफेंस में आपका बदलाव एक ऐसा एरिया है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है? आयुष शेट्टी: फाइनल में, (शी यूकी) ने अपनी लेंथ परफेक्ट रखी और मुझे नेट पर हावी होने का मौका नहीं दिया। इसलिए मैं कोई अच्छा अटैकिंग चांस नहीं बना सका। इसलिए मुझे इस पर काम करने और ज्यादा सब्र रखने और लंबी रैली खेलने की जरूरत है। सवाल: आपने कुनलावुत विटिडसार्न (थाईलैंड के) के खिलाफ बहुत अच्छा सेमीफाइनल खेला और दूसरे गेम में वापसी की। शी यूकी के साथ भी ऐसा ही पैटर्न चल रहा था। तो सेमीफाइनल में आपके लिए क्या काम आया और फाइनल में आपके लिए क्या काम नहीं आया? आयुष शेट्टी: यह एक जैसा पैटर्न था। शी यूकी के खिलाफ मेरी अच्छी लीड थी लेकिन कुनलावुत विटिडसार्न के खिलाफ, मैं लंबी रैली खेलने के लिए तैयार था। उस मैच में मैं ज्यादा सब्र वाला था। शि यूकी के साथ, मैं तैयार था लेकिन जैसे ही मैंने उसे गेम में वापस आने का थोड़ा मौका दिया, उससे उसे अपना कॉन्फिडेंस वापस पाने का मौका मिला। मैं वहां थोड़ा बेसब्र हो गया और कुछ जल्दी, आसान पॉइंट्स लेने लगा।

तभी गेम बदल गया। सवाल: हाल के दिनों में आपका माइंडसेट कैसे बदला है? आयुष शेट्टी: मैं हमेशा दुनिया के बेस्ट प्लेयर्स में से एक बनना चाहता था। यह हमेशा मेरा सपना था और अब भी है। तब, मुझे इस पर उतना यकीन नहीं था जितना अब है। समय के साथ, मुझे सच में यकीन होने लगा और मुझे मेहनत करनी होगी। मैं इस पर सच में कड़ी मेहनत कर रहा हूं। सवाल: आपने अब तक अपने करियर में हाई-रैंक्ड अपोनेंट्स और कुछ बहुत बड़े नामों को हराया है। तो, यह बड़े मैच का टेम्परामेंट, यह नर्वसनेस, क्लच मोमेंट्स को संभालने की यह एबिलिटी कहां से आती है? आयुष शेट्टी: पिछले साल, मैं कुछ टॉप प्लेयर्स के खिलाफ जीता था और इसने एक इंपॉर्टेंट रोल निभाया। इसने मुझे कॉन्फिडेंस दिया कि मैं दुनिया के बेस्ट प्लेयर्स के साथ खेल सकता हूं।

# कॉरीडॉर प.उ.प्र. की अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजरः योगी

## बोले सीएम- वुड कार्विंग, स्पोर्ट्स गुड्स और कृषि उत्पादों को मिलेगा वैश्विक बाजार, रोजगार के खुलेंगे अवसर








**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरीडॉर के लोकार्पण को प्रदेश के विकास का ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होने कहा कि यह कोरीडॉर न केवल आवागमन को सुगम बनायेगा बल्कि सहारनपुर के वुड कार्विंग, मेरठ के स्पोर्टस गुड्स और क्षेत्रीय किसानों के उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से होते हुए वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभायेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मनोहरपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम मां शाकंभरी देवी, माँ डाट काली, बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयकारे लगाए। मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित कर बधाई देते हुए दिल्ली देहरादून इकोनामिक कॉरिडोर के प्रति देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस इकोनामिक कॉरिडोर से यहां के लोगों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। पहले जहां दिल्ली से देहरादून जाने में 05-06 घण्टे लगते थे वंही अब दिल्ली से देहरादून की दूरी 2.5 घण्टे में पूरी हो सकेगी। इसके लाभ गिनाते हुए उन्होने कहा कि इससे राष्ट्रीय राजधानी एवं गंगा एक्सप्रेसवे बनने से लखनऊ तक सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, मेरठ के काष्ठकला एवं हौजरी उत्पादों, खेल के उत्पाद, फल उत्पादन, सब्जी उत्पादन, खाद्यान्न उत्पादन, गुड की मिठास को वैश्विक बाजार में इस कोरीडोर के बनने से पंहुचने में आसानी होगी जिससे आर्थिक उन्नयन होगा तथा शिक्षा एवं रोजगार के अवसर बढेंगे।

उन्होंने दिल्ली देहरादून इकोनामिक कॉरिडोर के नजदीक आने वाले जनपद अपना एक क्लस्टर तैयार करने के निर्देश दिए जिससे कि बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी एवं प्रदेश को सेवा का मॉडल बताया। भीमराव अंबेडकर जी का 135 में जयंती के अवसर पर उन्होने कहा कि आज संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर ने हर नागरिक को समान अधिकार दिए हैं। बाबा साहब के संविधान के अनुसार ही हमको उनके बताए हुए मार्ग पर चलना है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री की प्रेरणा से तय किया गया है कि भीमराव अंबेडकर, सतगुरू रविद.ास, महर्षि वाल्मीकि, सामाजिक न्याय के महापुरुषों की मूर्तियां खुले में न रहें उसके लिए बाउण्ड्री वॉल एवं अन्य निर्माण कार्य कराया जाएगा।

आज उत्तर प्रदेश सुरक्षा सुशासन, आत्मनिर्भर, इन्वेस्टमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में बदल रहा है। यह डबल इंजन की सरकार की ताकत है। आप लोगों का साथ है। सबके साथ से ही विकास बढ़ रहा है जो 2047 का प्रधानमंत्री मोदी के विजन को साकार करना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में सभी सुविधाएं उपलब्ध है। एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर एयरपोर्ट खुल गया है। जिससे वैश्विक पंहुच में सुविधा होगी। जेवर में फिल्म सिटी के विकसित होने से कलाकारों के सपने साकार होंगे। उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर करबद्ध कार्य कर रही है। उन्होंने कहा दिल्ली देहरादून इकोनामिक कॉरिडोर देश के बुनियादी ढांचे को नई दिशा देने वाला एक कदम है जो आर्थिक रूप से भी सशक्त करेगा।

दिल्ली देहरादून इकोनामिक कॉरिडोर कनेक्टिविटी क्रांति के रूप में जाना जाएगा। इस कॉरिडोर की सबसे खास बात यह है कि इसे पर्यावरण और वन्यजीवों को ध्यान में रखते हुए एलिवेटेड बनाया गया है, ताकि रास्ते में आने वाले जीव-जंतुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। यह विकास और प्रकृति के संतुलन का बेहत. रीन उदाहरण है। उत्तर प्रदेश सरकार विरासत एवं विकास पर कार्य करती है।

इससे पूर्व जनसभा स्थल से वर्चुअल माध्यम में प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया कॉरीडोर उदघाटन देखा गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष वित्त राज्य मंत्री भारत सरकार पंकज चौधरी, के साथ प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक एवं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सहित प्रदेश महामंत्री संगठन भाजपा धर्मपाल, मंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा, राज्यमंत्री संसदीय कार्य एंव औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग ब्रजेश सिंह, चेयरमैन सिडको वाईपी सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, एमएलसी श्रीमती वंदना वर्मा, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, पूर्व विधायक नरेश सैनी, पूर्व विधायक जगपाल सिंह द्वारा देखा और सुना गया। जनसभा स्थल पर एडीजी भानू भास्कर, मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार, पुलिस उपमहा. निरीक्षक अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, मुख्य विकास अधिकारीसुमित राजेश महाजन, जिलाध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, संबंधित अधिकारियों सहित जिलाध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई तथा जनप्रति. निधिगण एवं पार्टी कार्यकर्ता सहित भारी संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा।

# भाजपा का राजनीतिक अस्त्र बनेगा कॉरिडॉर

## जन आकांक्षाओं को संतुष्ट करने में मिलेगी मदद

**अबूबकर शिब्ली**

**सहारनपुर।** दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडॉर का उद्घाटन भाजपा की एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। यह भाजपा के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में राजनीतिक अस्त्र का काम करेगा। जिससे जनता के बीच में केंद्र के साथ साथ उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में सत्तारुढ़ भाजपा की स्थिति मजबूत होगी।

उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड विधानसभा चुनावों में लगभग एक वर्ष का समय शेष है। यही कारण है कि अब यें राज्य राष्ट्रीय महत्त्व की योजनाओं के केंद्र में आ गए हैं। दिल्ली-देहरादून कॉरिडॉर इसी का उदाहरण है। लगभग 12 हजार करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह कॉरिडॉर भाजपा के 'विकास आधारित राजनीति' के नारे को बल देता है। यह न केवल दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के आर्थिक विकास को एक क्लस्टर के रूप में जोड़ेगा बल्कि इन तीनों राज्यों में पहले से ही सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी के लिए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पृष्ठभूमि भी तैयार करेगा। इस हाईवे से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और खुशहाल जीवन स्तर के साथ ही औद्योगिक विकास को बल मिलेगा। जिससे काफी हद तक जन आकांक्षाओं को संतुष्ट करने में मदद मिलेगी। जो चुनाव में भाजपा के लिए सुरक्षा कवच का काम करेगा। इस हाईवे से उद्योग, पर्यटन, कृषि, स्वास्थ्य सहित सुचारू परिवहन को बल मिलेगा। जिससे इन क्षेत्रों से जुड़े लोगों के मतों का सकारात्मक ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में होगा। बहारहाल, भले ही यह कॉरिडॉर मूल रूप से परिवहन मार्ग माना जा रहा हो, लेकिन यह अंतर्निहित रूप से भाजपा के लिए राजनीतिक लाभ का महत्तवपूर्ण अस्त्र साबित होगा। जो उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के चुनावी समर में इन दोनों राज्यों में पहले से सत्तारुढ़ सरकारों को जनता की अदालत में पेशगी का मजबूत आधार प्रदान करेगा।

# हमे निमंत्रण नहीं विकास चाहिएः उमर अली खान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समा. जवादी पार्टी के बेहट विधायक उमर अली खान ने कहा कि आज प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किये गये कोरिडोर उदघाटन कार्यक्रम में न बुलाने से मेरा कोई अपमान नहीं हुआ, बल्कि क्षेत्र की जनता को नजर अंदाज किया गया। हमें बुलाया जाये या नहीं, लेकिन सरकार सडक सही बनाये। यदि बुंदेलखंड व गोरखपुर की तरह हमारे साथ धोखा हुआ तो हम आंदोलन करेंगे और सरकार को कमीशन नहीं खाने देंगे।

उमर अली खान ने कहा कि हमारे लोगों ने ही अपनी जमीन दी उन्होंने ही विधायक चुना है, लेकिन सरकार मानने को तैयार नहीं है। बावजूद इसके हमें कोई दिक्कत नहीं है। बस हमें जनता का प्यार मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा हम कामना करेंगे कि अच्छी सड़क बने और भाजपा के लोगों से भी कहेंगे कि भ्रष्टाचार के चक्कर को छोड़े। जैसे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे उद्घाटन के बाद ही बह गया था। गोरखपुर लिंक टूट गया ऐसा घटिया और खराब काम ना करे। यदि बुंदेलखंड और गोरखपुर की जनता की तरह हमारे लोगो के साथ धोखा हुआ तो हम आंदोलन भी करेंगे और सरकार को चैन से कमीशन नहीं खाने देंगे।

# खेत में खड़ी गेंहू की फसल में लगी आग

**नकुड़।** क्षेत्र के गांव साल्हापुर में एक किसान की तैयार खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लगने से भारी नुकसान हो गया। आग की चपेट में आकर करीब चार बीघा गेहूं की फसल व पॉपुलर के पेड़ जलकर राख हो गए।

बताया गया कि मंगलवार को किसान विनोद कुमार को जैसे ही खेत में आग लगने की सूचना मिली, वह घबराए हुए मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग पूरी फसल को अपनी चपेट में ले चुकी थी। देखते ही देखते मेहनत की पूरी फसल जलकर राख में तब्दील हो गई। पीड़ित किसान का आरोप है कि घटना की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को देने का प्रयास किया गया, लेकिन वीआईपी ड्यूटी में व्यस्तता के चलते समय पर कोई मदद नहीं पहुंच सकी।

## एक नजर

### हाऊस अरेस्ट किए गए आसिम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री से मिलने जा रहे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिम उत्तर प्रदेश के महासचिव मोहम्मद आसिम को कार्यकर्ताओं के साथ हाउस अरेस्ट कर दिया। आसिम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री से मिलने का अधिकार भी छीन लिया है। प्रदेश की समस्याओं का निस्तारण आखिरकार कैसे होगा? आसिम ने कहा कि सरकार किसानों की आवाज को लगातार दबाने का काम कर रही है, लेकिन इसका हर जाना सरकार को आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा। इस दौरान अब्दुल खालिद शाहबान महबूब इकबआल अब्दुल गफ्फूर मुरसलीन राणा अब्दुल सत्तार शमशेर शाहजेब समीर इस्माइलअर्सलन शोकीन आरिश जमशेद जुहैब गौरव शर्मा अक्षय कुमार अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

### पीएम से न मिलने देना लोकतंत्र पर हमलाः वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा को किसानो की समस्याओं को लेकर और पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री से मिलने के लिए नहीं जाने दिया और उन्हें पुलिस द्वारा उनके निवास गंगदासपुर जट पर हाउस अरेस्ट किया गया। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि इस तरह से अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री से मिलने ना देना लोकतंत्र पर हमला है। क्या देश के किसान मजदूर देश के प्रधानमंत्री से नहीं मिल सकते हैं। इस तरह से किसानो को रोकना ब्रिटिश हुकूमत की याद दिलाता है।

### अशोक मलिक ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** मान्यता प्राप्त स्कूलों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित 15 सूत्रीय ज्ञापन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को देने का कार्यक्रम की घोषणा के बाद उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक को मुख्यमंत्री के सर्किट हाउस पहुंचने से पूर्व होम अरेस्ट कर लिया गया था और वह पूरी रात पुलिस के पहरे में रहे। आज दोपहर उन्होनें पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पाराशर को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। डा. अशोक मलिक ने कहा सरकार को चाहिए कि जनता की समस्याओं से रु ब रू होकर सुने और उनका निस्तारण करे। यदि सरकार आज जनता की समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है तो आने वाले कल जनता भी सरकार की नहीं सुनेगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा, वीरेंद्र पवार, महानगर अध्यक्ष अजय सिंह रावत, प्रभारी गययूर आलम, मोहम्मद शादाब मोहम्मद वजाहत अली अनिल सचदेवा मोहम्मद फरीद वकील मलिक मोहम्मद फरीद मोहम्मद वजाहत अली अमृतसर भोपाल सिंह जीशान जीशान जी जीशान धनंजय शर्मा अरविंद शर्मा केपी सिंह हंस धनंजय शर्मा केपी सिंह हंस कुमार अरविंद शर्मा मोहम्मद फरीद अहमद अहमद फरीद मलिक अमृतसर वीरेंद्र रोपदी हंस कुमार केपी सिंह कुमार मौजूद रहे।

# सहारनपुर से हजारों की तादाद में पहुंचे बसपाई





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लखनऊ के डा.भीमराव अंबेडकर प्रेरणा स्थल पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में सहारनपुर से दिग्गज नेताओं के साथ हजारों की संख्या में बसपाई शामिल हुए।

सहारनपुर से वरिष्ठ नेता फिरोज आफताब, मुख्य मंडल कोर्डिनेटर नरेश गौतम, मंडल संयोजक हाजी सरफराज राईन के नेतृत्व में 13 अप्रैल को हजारों की संख्या में बसपाई लखनऊ के लिये रवाना हुए थे। आज वह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापसी के लिये ट्रेन में रवाना हुए। फिरोज आफताब ने कहा कि लखनऊ में कार्यक्रम काफी शानदार रहा और यह कार्यक्रम आने वाले समय में एक नई इबारत लिखेगा। हाजी सरफराज राईन ने कहा कि कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से लाखों की तादाद में बसपाई शामिल हुए। लोगों की इतनी ज्यादा भीड थी कि हर जगह बसपा का रंग शहर पर दिखाई दे रहा था।

इस दौरान जिलाध्यक्ष रजनीश बंधु, पूर्व जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद, सुहैल प्रधान, सरवर प्रधान मण्डल संयोजक रजनीश उजाला, आसिफ अली, सुशील जयसवाल, अजब सिंह, यशवीर धोबी, सुमित कर्णवाल, सुन्दरलाल डासना, डा. बिन्दरपाल, गय्यूर हसन, जहीर कुरैशी, उसमान कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहेब ने दिया जीने का हकः आशु



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहात विधानसभा के गांव पुवांरका में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर देहात विधायक आशु मलिक ने नमन किया। आशु मलिक ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के दबे कुचले लोगों को जीने का अधिकार दिया। इस कार्यक्रम में सचिन कुमार करण प्रधान, पूर्व प्रधान ऋषिपाल, शमसुल मास्टर, नीरज कुमार, सुशील, अंकित, आनन्द, डॉ. विपिन, डॉ. रविंदर, सूरज राणा, जाहिद अंसारी, कुर्बान अंसारी, शाहबान, लखनौती, अबरार, लुकमान, अजय कुमार, विषम सिंह, बीडीसी विजयपाल, प्रवीण सैनी, हैदर मुखिया विधायक प्रतिनिधि) सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# खनन की दो ट्रालियां सीज



**नकुड/अम्बेहटा।** कोतवाली नकुड़ पुलिस ने अवैध खनन सामग्री का परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। नकुड़ कोतवाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार व उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान ग्राम साहबा माजरा की ओर से आ रहे यमुना की बालू से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को रूकने का इशारा किया तथा उनसे खनन सम्बंधी प्रपत्र मांगे गए तो वे खनन सम्बंधी कोई प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने यमुना नदी के बालू से भरे दोनों ट्रैक्टर-ट्रालियों को थाना परिसर में खड़ा कर लिया। पुलिस ने ट्रैक्टर सोनालिका व स्वराज को मय अवैध खनन सामग्री से भरी ट्राली सहित सीज कर दिया।

# सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प

## डा.भीमराव आंबेडकर जयंती के मौके पर याद किए गए बाबा साहेब के संघर्ष के पल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर जयंती मौके पर बाबा साहब को नमन करते हुए सामाजिक कुरीतियों व रूढियों को समाज से समाप्त करने का संकल्प लिया गया।

सेक्टर 99 में डॉ भीमराव अंबेडकर सामा. जिक चिंतन मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रसिद्ध डॉ ऋषि राज सिंह रहे। उन्होंने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए लोगों को उनके जीवन संघर्ष के बारे में बताया। साथ ही उनके आदर्शों को अंगीकार करने का आहवान किया। कार्यक्रम में खास बात यह रही कि समाजिक कुरीतियों व रूढीवादिता को समाज से दूर करने पर चर्चा हुई। जिसका मौजूद लोगों ने समर्थन किया। इस अवसर पर बबीत कुमार, मास्टर पंकज कुमार,



बी.के.भास्कर, अजय बर्मन, नेत्रपाल, सुरेश मास्टर, विनोद कुमार, अरविंद मौर्य, कालूराम महावीर, मनोज कुमार, योगेंद्र उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ ऋषिपाल सिंह ने किया।

# संगीतमय प्रस्तुतियों से किया बाबा साहेब का गुणगान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डा.भीमराव अंबेडकर कौशल समिति द्वारा बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर संगीतमयी आयोजन कर बाबा साहब का गुणगान किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में शामिल हुए लोगों ने बाबा साहब के आर्दशों पर चलने का संकल्प दोहराया।

मा.काशीराम चौक गवालीरा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुभाष सहगल व समिति के पदाधिकारियों द्वारा बाबा साहब के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन और पुष्प अर्पित कर किया गया। समिति के अध्यक्ष लेविस गौतम ने कहा कि बाबा साहब केवल एक नेता ही नही अपितु एक युग परिवर्तक भी थे।

संगीत के माध्यम से विचारों का विस्तार करने के लिए राष्ट्रीय मिशनरी गायक सुमन प्रताप बौद्ध, शिवानी बौद्ध द्वारा अपने संगीत के माध्यम से महापुरुषो की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाया गया। कार्यकम के अन्त में क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को कार्यक्रम के मध्य में प्रसाद को वितरण किया गया। महासचिव प्रीतम सिंह द्वारा आगंतुको और सहयोगियों का धन्यवाद किया।

समारोह को सफल बनाने में समिति के उपाध्यक्ष सतीश कुमार संरक्षक रूपचन्द, सतीश बाबू, कोषाध्यक्ष सोम सिंह और महासं. बव प्रीतम सिंह तथा विनोद कुमार, कुलदीप सिंह, विजयपाल, अजीत सिंह, सुशील कुमार, अमित कुमार, सुशील कुमार, अश्वनी कुमार, गौतम कुमार, मैन कुमार, रमेश चन्द, चरण सिंह, पूरण सिंह, मान सिंह, उमेश गौतम, रामनाथ, अनिल कीर्तज, अनिल कुमार, अरविन्द कुमार, कमल किशोर, राकेश कुमार, गोविन्द कुमार ओर रमेश चन्द शामिल रहे।

## डुकैट का शैक्षणिक भ्रमण

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के बीसीए के विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध आईटी कंपनी डुकैट, नोएडा का शैक्षिक भ्रमण किया। जिसमें कंपनी के नवाचार एवं गतिविधियों को समझा। यह कंपनी आईटी टेंनिंग प्रदान करने के लिए जानी जाती है। कंपनी के मैनेजर जितेष ने विद्यार्थियों को कम्पनी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने कंपनी भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को आईटी के क्षेत्र में प्रयोग होने वाली नवीन तकनीकों से अवगत कराया एवं विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डाटा साइंस से सम्बंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह कहा कि यह बडी सम्भावनाओं का क्षेत्र है। उन्होंने यह भी बताया कि नवीन सॉफ्टवेयर में दक्षता प्राप्त विद्यार्थी अपना एक अच्छा करियर बना सकते है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य बी.सी.ए. के विद्यार्थियों को थ्योरी कक्षाओं के साथ-साथ औद्योगिक भ्रमण के माधयम से नई तकनीकों को जानना भी अत्यंत आवश्यक है।

# डयूटी के दौरान बीमार पड़े होमगार्ड की हालत बनी चिंताजनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान बीमार पड़े होमगार्ड जवान जयप्रकाश की हालत एक सप्ताह बाद भी गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार, उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ है और उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार जयप्रकाश हेड कांस्टेबल यशपाल सिंह तोमर के साथ गांव शास्त्रा में न्यायालय की सूचना देने गए थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। साथियों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगोह पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें

**■ परिवार को आर्थिक चुनौतियों का करना पड़ रहा सामना**

चंडीगढ़ पीजीआई ले जाया गया। वहां उपचार संभव न होने पर अब उनका इलाज सहारनपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि जयप्रकाश को ब्रेन हेमरेज हुआ है। वह देख तो पा रहे हैं, लेकिन बोलने में असमर्थ हैं। जयप्रकाश के परिवार में एक बेटी और दो छोटे बेटे हैं। परिवार की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। इस गंभीर बीमारी के कारण परिवार को आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

**शाह टाइम्स**

## सम्पादकीय

बुधवार, 15 अप्रैल 2026

**Dainikshahtimes@gmail.com** For Articles

# युद्ध या बातचीत!

अमेरिका ने अपनी तय घोषणा के अनुसार होर्मुज की नाकाबंदी तो कर दी, लेकिन शायद उसके समझ में नहीं आ रहा है कि उस पर अमल कैसे किया जाए, क्योंकि यदि वह इस पर अमल करता है, तो वर्ल्ड वॉर 3 का अंदेशा बढ़ जाएगा। इसकी शुरुआत होती भी दिखाई दे रही है। चीन ने नाकाबंदी को धता बताते हुए ईरान से तेल खरीदना जारी रखा और नाकाबंदी के बीच ही उसका एक जहाज होर्मुज से गुजरा। जब यह जहाज गुजर रहा था, तो अमेरिकी नेवी मूकदर्शक की तरह उसे जाते हुए देख रही थी। किसी की हिम्मत उसे रोकने की नहीं हुई। बात इतनी ही नहीं है चीन ने नाकाबंदी को लेकर तीखी प्रतिक्रिया भी दी है और कहा है कि अमेरिका उसके मामलों में दखल न दे। दिलचस्प यह है कि यह तमाम कार्रवाई ऐसे समय में हो रही है जब इस्लामाबाद शांति वार्ता बेनतीजा समाप्त होने के बाद फिर से बातचीत के प्रयास भी जारी होते दिखाई दे रहे हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि यह बातचीत 16 अप्रैल को हो सकती है। हालांकि अभी तक यह तय नहीं है कि यह बातचीत कहां होगी। चर्चा यह भी चल रही है कि पाकिस्तान फिर से मेजबानी करने के लिए तैयार दिखाई दे रहा है और उसने इसकी पेशकश भी कर दी है, लेकिन अभी इस पर अंतिम फैसला नहीं हो सका है। इस समय जिस तरह के हालात हैं वास्तव में बहुत पैचीदा हैं और कोई भी पक्के तौर पर इसकी भविष्यवाणी नहीं कर सकता। अब आगे आखिर क्या होने जा रहा है। नि:संदेह यह पूरी दुनिया के लिए बेहद डरावना समय है। इस समय अगर युद्ध भड़कता है, तो यह पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले सकता है। चीन, रूस इस समय काफी आक्रामक दिखाई दे रहे हैं और ईरान के साथ खड़े होने का दंभ भर रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ नाटो देश तुर्की ने सीधे इस्राईल को चेतावनी दे डाली है कि वह उस पर कभी भी हमला कर सकता है। तुर्की के राष्ट्रपति अरदोगन ने इस्राईल प्रधानमंत्री नेतन्याहू को हिटलर तक कह डाला। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय जो परिस्थितियां हैं, उसकी जिम्मेदारी सीधे नेतन्याहू और ट्रम्प पर आती है। उन्हीं के क्रियाकलापों ने आज दुनिया को एक अंधेरी सुरंग में डाल दिया है। जहां से निकलने का कोई रास्ता कम से कम इस समय तो दिखाई नहीं दे रहा है। यह स्थिति अगर लंबे समय तक बनी रहती है, तो यह दुनिया के लिए बेहद भयंकर हालात पैदा कर सकती है, जिसकी कल्पना भी शायद किसी ने की हो, क्योंकि बताया जाता है कि आज कुछ देशों के पास इतना गोला बारूद है कि वह दुनिया को तीन-चार बार समाप्त कर सकते हैं। अभी भी समय है कि शांति की ओर लौटा जाए और यह इस पर निर्भर करता है कि आज जो विश्व के नेता हैं, वह अपनी जिम्मेदारी को ठीक से निभा पाते हैं या नहीं।

## यही है विकसित भारत का सच



आसमान छूती महंगाई के साथ मजदूरी बढ़ाने की बात वाजिब है और नोएडा में श्रमिकों की इस मांग पर संवेदनशीलता के साथ ध्यान दिया जाना चाहिए, जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है, उसके अनुसार उनकी न्यूनतम मजदूरी भी बढ़नी चाहिए, कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वह इस देश के श्रमिकों की आखिरी पुकार थी-जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते-मांगते थक गया। नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की 12,000 रुपये मासिक आय में से 4,000-7,000 रुपये किराए में चले जाते हैं, जब तक 300 रुपये की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक 500 रुपये सालाना किराया बढ़ा देता है, आय बढ़ने से पहले ही यह बेलगाम महंगाई जीवन का गला घोंट देती है और कर्ज की गहराई में डुबो देती है, यही है विकसित भारत का सच

**-राहुल गांधी, पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस**

# क्या सभ्यताओं का संघर्ष है ईरान का अमेरिका से युद्ध



**तनवीर जाफरी**

**फ्रांस, स्पेन, इटली जैसे कई ईसाई बाहुल्य देशों ने ईरान पर अमेरिकी हमलों की आलोचना कर यह जता दिया कि यह ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़ा दो अलग अलग सभ्यताओं का संघर्ष कतई नहीं। इसी तरह सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, कुवैत, जॉर्डन, मिस्र व मोरक्को जैसे अनेक मुस्लिम बाहुल्य देशों ने परोक्ष या अपरोक्ष रूप से यहां तक कि अपने देशों में अमेरिकी व अन्य पश्चिमी देशों के सैन्य अड्डे उपलब्ध कराकर ईरान की खुलकर मुखालिफत भी की।**

अमेरिका -इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध को विश्व राजनीति में अनेक दृष्टिकोणों से परिभाषित किया जा रहा है। अनेक अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों की राय है कि यह युद्ध अमेरिका द्वारा विश्व की तेल संपदा पर नियंत्रण करने की एक जानी पहचानी चाल है जिसे ईरान पर परमाणु हथियार निर्मित करने के प्रयासों के बहाने युद्ध के रूप में अंजाम दिया जा रहा है। कुछ का मत है कि यह शस्त्र निर्माता देशों द्वारा अपने हथियार बेचने व खपाने की खातिर लड़ा जा रहा युद्ध है। कुछ इस युद्ध को इस्राईल की गहरी चाल बता रहे हैं क्योंकि इस्राईल ईरान को अपने सपनों के ग्रेटर इस्राईल के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा समझता है। जबकि कुछ इस युद्ध को ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़े युद्ध के नजरिए से भी देख रहे हैं। तो क्या इस युद्ध को अन्य कारणों के अतिरिक्त ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़े दो अलग अलग सभ्यताओं के संघर्ष की अवधारणा के रूप में भी देखा जा सकता है? क्या है और कहां से शुरू हुई सभ्यताओं का संघर्ष की यह अवधारणा?



दरअसल सबसे पहले यह विचार सैमुअल पी. हंटिंगटन ने 1993 में फॉरन अफेयर पत्रिका में प्रकाशित अपने लेख द क्लेश ऑफ सिविलाइज.शन के माध्यम से व्यक्त किए थे। बाद में उनके यही विचार 1996 में उनकी चर्चित पुस्तक The Clash of Civilizations and the Remaking of World Order में प्रस्तुत किए गए। सैमुअल पी. हंटिंगटन राजनीति शास्त्र के एक प्रमुख अमेरिकी विद्वान और हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर थे। उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में लगभग 58 वर्ष तक अध्यापन का कार्य किया। सभ्यताओं के संघर्ष का सिद्धांत उन्हीं के द्वारा व्यक्त किया गया विचार है जिसे हंटिंगटन के सिद्धांत के रूप में भी जाना जाता है। यह थ्योरी अमेरिका में हुए 9/11 के हमलों के बाद और भी चर्चित हुई और आज भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में इसका समय समय पर जिक्र होता रहता है। वर्तमान अमेरिका -इस्राईल -ईरान युद्ध के दौरान इस तरह की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। तो क्या अमेरिका द्वारा मध्य एशिया पर थोपी गई जंग को ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़ी दो अलग अलग सभ्यताओं के संघर्ष के रूप में परभाषित किया जा सकता है या परिभाषित किया जाना चाहिए?

सबसे पहले तो यदि मुख्य रूप से मध्य एशिया में युद्धरत इन तीन देशों को ही देखें तो ईरान जहां शिया मुस्लिम बाहुल्य देश है वहीं इस्राईल एक यहूदी बाहुल्य मुल्क है जबकि युद्ध में उसका मुख्य सहयोगी अमेरिका एक ईसाई देश है। परन्तु इन तीनों ही देशों की सेनाओं में प्रत्एक धर्मों के लोग देखे जा सकते हैं। जहां इस्राईल की सेना इस्राईल डिफेंस फोर्सेज IDF में आज भी अरब व ईसाई मूल के लोग बड़ी संख्या में स्वेच्छा से अपनी सेवाएं दे रहे हैं वहीं अमेरिका में भी हजारों मुस्लिम अमेरिकी सेना का हिस्सा हैं। यहां तक कि अमेरिका में कई महत्वपूर्ण अधिकारी स्तर के पदों पर भी कई मुस्लिम तैनात हैं। इसी तरह ईरान की सेना में भी ईसाई और यहूदी दोनों ही मूल के सैनिक कार्यरत हैं। वैसे भी चूंकि ईरान में 18 वर्ष से ऊपर के सभी पुरुष नागरिकों के लिए 2 साल की अनिवार्य सैन्य सेवा है, जिसमें ईसाई, आर्मेनियन और असिरियन, यहूदी और जोरोस्ट्रियन जैसे सभी मान्यता प्राप्त धार्मिक अल्पसंख्यक भी शामिल हैं। पिछले दिनों अमे.रिका ईरान युद्ध के दौरान भी एक ईसाई ईरानी सैनिक के शहीद होने पर ईरानी सत्ता प्रमुख स्व सैय्यद अली खामनेई ने उस ईसाई फौजी अधिक.ारी के घर पहुंचकर उसके परिवार को सांत्वना दी थी जिसकी वीडिओ काफी वायरल हुई थी। अब यदि इसी मध्य एशिया युद्ध को और बड़े सन्दर्भ में देखें तो भी हमें ऐसा कुछ भी नजर नहीं आता जिससे इसे ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़े सभ्यताओं के संघर्ष के रूप में वर्णित किया जा सके। वर्तमान ईरान-यूएस/इस्राईल युद्ध में ईरान को राजनयिक और राजनीतिक समर्थन देने वाले बड़े देशों में रूस का नाम प्रमुख रूप से लिया जा सकता है। रूस ने ईरान को वायु रक्षा, ड्रोन तकनीक और अन्य उपकरणों की आपूर्ति की जिससे ईरान को आत्मरक्षा में भी आसानी हुई और वह इस्राईल व अमेरिकी ठिकानों पर भी कारगर हमले कर सका। जबकि रूस में भी सबसे बड़ा धर्म ईसाई धर्म है। खास तौर पर यहां रूढ़िवादी ईसाई रूस की कुल आबादी का लगभग 60-70 प्रतिशत हैं। यदि यह युद्ध सभ्यताओं का संघर्ष होता तो उस लिहाज से रूस ईसाई बाहुल्य अमे.रिका के साथ खड़ा नजर आता न कि मुस्लिम बाहुल्य देश ईरान के साथ? इसी तरह चीन ने भी इस युद्ध के दौरान आयरन डोम से लेकर अत्याधु.निक संचार व सूचना प्रणाली तक सब कुछ मुहैय्या कराया। यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र संघ व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी रूस व चीन ईरान के साथ मजबूती से खड़े रहे। चीन भी आधिका.रिक तौर पर एक नास्तिक व धर्म निरपेक्ष देश है परन्तु यहां सबसे बड़ी धार्मिक आबादी बौद्ध धर्म, ताओवाद और कन्फ्यूजियसवाद के अनुयायियों की है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाल में दिखने लगा बालेन सरकार का असर

**पूर्व के राजदूतों की वापसी और नए की नियुक्ति प्रक्रिया में करीब एक माह तक समय लग सकता है। इस बीच नए राजदूतों के चयन को लेकर सत्ता रूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के भीतर मंथन का दौर जारी है। चर्चा है कि प्रधानमंत्री बालेन शाह, गृहमंत्री सुडान गुरुंग और पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने के बीच राज.दूतों की नियुक्ति को लेकर लगातार बैठकें चल रही है। प्रधानमंत्री बालेन शाह और गृहमंत्री सुडान गुरुंग चाहेंगे कि इस पद पर राजनीतिक नियुक्तियां कम से कम हों ताकि नेताओं की सिफारिश जैसी स्थिति से बचा जा सके।**



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल में बालेन सरकार के करीब एक पखवारे ही हुए, इस बीच उनके कार्यशैली को देखें तो कह सकते हैं कि आने वाले दिनों में निश्चित ही ढेर सारे ऐसे निर्णय लिए जा सकते हैं जो परिवर्तन का संदेश देते हों। वे चाहे शिक्षा से जुड़े हुए फैसले हों, महिला अधिकार की हो या पलायन, रोजगार और विदेश नीति से जुड़े हुए फैसले हों। एक पखवाड़े के भीतर ही अपने मंत्रिमंडल के एक सहयोगी को रुखसत कर उन्होंने अन्य मंत्रियों को सख्त संदेश भी दे दिया है।

बालेन सरकार ने जवाबदेही और जिम्मेदारी की एक स्पष्ट मिसाल पेश करते हुए श्रम, रोजगार तथा सामा.जिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को उनके पद से बर्खास्त कर दिया है, जबकि स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री निशा मेहता को कड़ी चेतावनी दी गई है। सत्ता रूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामि छाने की लिखित सिफारिश में श्रम मंत्री पर पद के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया गया था।

खबर के अनुसार दीपक कुमार साह ने अपनी पत्नी को लंबे समय से निष्क्रिय पड़े स्वास्थ्य बीमा बोर्ड में सदस्य के रूप में सक्रिय कराकर अपने अधिकारों का दुरूपयोग किया। मंत्री बनने के महज 15 दिन के भीतर ही साह को पद से हटाया जाना इस बात का संकेत है कि सरकार और पार्टी नेतृत्व भ्रष्टाचार या पद के दुरूपयोग पर किसी भी प्रकार की नरमी बरतने के पक्ष में नहीं है। अपने मंत्रालय के प्रति अपेक्षित गंभीरता न दिखाने पर स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता को भी औपचारिक रूप से चेतावनी दी गई है, जिसे सरकारी हलकों में एक स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि अनुशासन और पारदर्शिता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बालेन शाह के विदेश नीति पर भी दुनिया के करीब 182 देशों की नजर है जहां से नेपाल के राजनयिक संबंध हैं। इसी के साथ इस बात को लेकर भी उत्सुकता है कि बालेन शाह बतौर नेपाली पीएम अपनी पहली विदेश यात्रा में किस देश को तरजीह देते हैं। पूर्व की सरकारों के प्रधानमंत्री अमूमन चीन अथवा भारत को अपनी प्राथमिकता में रखते थे। बालेन सरकार की अभी तक जो कार्यशैली दिख रही है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वे अपनी विदेश नीति को लेकर काफी गंभीर है। संभवत: इसी उद्देश्य से हाल उन्होंने सिंह दरबार में विद.ेशों में तैनात अपने राजदूतों की मीटिंग ली है। आम तौर पर ऐसा नहीं होता रहा है। पूर्व की परंपरा यह थी कि प्रधानमंत्री अपने राजदूतों से अलग अलग मुलाकात करते थे। फिलहाल लोकतंत्र बहाली के बाद 2006 से तो यही परंपरा रही है। बालेन शाह का सामूहिक रूप से राजदूतों से मिलने का मकसद यही हो सकता है कि वे अपने विदेश नीति को और सुदृढ़ बनाने के पक्ष में हैं। राजनीतिक क्षेत्र से पूर्व की ओली सरकार में नियुक्त राजदूतों को वापस बुलाने के पीछे का उद्देश्य भी यही है। बालेन सरकार ने अभी भारत सहित छह देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी किया है। इसके पहले ऐसी ही नियुक्ति वाले 11 देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का आदेश कार्की सरकार ने जारी किया था। ओली सरकार के कार्यकाल में राजनीतिक हलकों से 31 देशों में राजदूत नियुक्त हुए थे। आने वाले कुछ दिनों में अन्य देशों के राजदूतों में बदलाव संभव है। किसी भी देश में राजदूतों की नियुक्तियां प्राय: सत्ता दल की मर्जी पर ही होते हैं।

इनमें ज्यादातर नियुक्तियां राजनीतिक होती और कुछ ब्यूरोक्रेट्स आधारित होती है। राजदूतों की नियुक्ति में यही प्रक्रिया नेपाल की भी है। अभी जिन देशों के राज.दूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी हुआ है उसमें भारत, चीन, अमेरिका, जापान,यूके,और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। इन देशों के राजदूतों को एक महीने के भीतर नेपाल वापस आना होगा। इसके पहले रूस,सउदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, लंका,स्पेन, जर्मनी,दक्षिण कोरिया,कतर, डेनमार्क और मलेशिया के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी हुआ था। नेपाल के 182 देशों से राजनयिक संबंध हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बैसाखी : कृषि, क्रांति और खालसा का त्रिवेणी संगम



**श्वेता गोयल**

भारत की मिट्टी केवल अन्न नहीं उपजाती बल्कि उत्सव, पराक्रम और त्याग की गाथाएं भी रचती है। भारत जैसे कृषि प्रधान राष्ट्र में, जहां लोक-जीवन ऋतुओं के चक्र के साथ कदमताल करता है, 'बैसाखी' भारतीय आत्मा के पुनर्जागरण का पर्व है। यह पर्व उस समय आता है, जब प्रकृति अपना श्रृंगार पूर्ण कर चुकी होती है और किसान की मेहनत स्वर्ण-कणों द्धगेहूं की फसलऋ के रूप में खेतों में लहलहाने लगती है। लेकिन बैसाखी का फलक केवल कृषि तक सीमित नहीं हैय यह कृषि से शुरू होकर 'खालसा' के शौर्य और स्वतंत्रता संग्राम के बलिदान तक विस्तृत है। बैसाखी का पर्व भारतीय जनमानस की आत्मा, विशेषकर किसान के पसीने की खुशबू और सिखों के गौरवशाली इतिहास का एक अनूठा संगम है।



कृषि प्रधान भारत में बैसाखी का सीधा और गहरा संबंध फसलों के पकने और प्रकृति के उल्लास से है। जब चौत्र मास की विदाई होती है और वैशाख का आगमन होता है, तब पंजाब और हरियाणा के खेतों में गेहूं की सुनहरी बालियां हवा के झोंकों के साथ झूमने लगती हैं। यह किसान की साल भर की मेहनत के सफल होने का प्रतीक है। किसान जब अपनी लहलहाती फसल को देखता है तो उसका हृदय कृतज्ञता और उल्लास से भर जाता है। यही वह क्षण होता है, जब ढोल-नगाड़ों की थाप पर पंजाब के गबरू और मुटियारे भांगड़ा और गिद्दा के रूप में अपनी खुशी का इजहार करते हैं। पारम्परिक पोशाकों की रंगीनी और गुरुद्वारों में जलने वाली दीपमालाएं इस पर्व को एक अलौकिक आभा प्रदान करती हैं। यद्यपि बैसाखी को विशेष रूप से पंजाब का त्योहार माना जाता है परंतु वास्तव में इसकी जड़ें संपूर्ण भारतवर्ष में फैली हुई हैं। यह पर्व भौगोलिक सीमाओं को लांघकर देश के अलग-अलग हिस्सों में अपनी विशिष्ट पहचान के साथ मनाया जाता है। उत्तर भारत की भांगड़े की गूंज जहां इसे ऊर्जा से भर देती है, वहीं पश्चिम बंगाल में इसे 'नबा वर्ष' या 'पोइला बैसाखी' के रूप में नव वर्ष की शुरुआत मानकर मनाया जाता है। दक्षिण भारत के केरल में यही पर्व 'विशू' के नाम से जाना जाता है, जहां लोग समृद्धि की कामना के साथ नए साल का स्वागत करते हैं। असम के सुदूर क्षेत्रों में यह 'बिहू' की सुरीली धुनों में समाहित हो जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, यह दिन अत्यंत पवित्र है क्योंकि हजारों साल पहले इसी तिथि पर मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। यही कारण है कि इस दिन गंगा के तटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है और पवित्र नदियों में स्नान कर दान-पुण्य की परंपरा निभाई जाती है।

बैसाखी का धार्मिक और आध्यात्मिक पक्ष जितना समृद्ध है, इसका ऐतिहासिक पक्ष उतना ही गौरवशाली और साथ ही मर्मस्पर्शी भी है। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिन्द सिंह जी ने सन् 1699 में इसी दिन आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध लड़ने के लिए एक ऐसे समाज की रचना की, जो निर्भय, अनुशासित और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित हो। गुरु जी ने 'पंच प्यारों' के माध्यम से मानवता को यह संदेश दिया कि बलिदान ही राष्ट्र और धर्म की रक्षा का सबसे बड़ा मार्ग है। इसीलिए सिख समुदाय के लिए यह दिन केवल फसल का उत्सव नहीं बल्कि उनके आत्म-सम्मान और शौर्य के पुनर्जन्म का दिन है।

इतिहास के पन्नों को पलटें तो 13 अप्रैल 1919 का दिन बैसाखी की खुशियों पर एक काले साए की तरह दिखाई देता है। अमृतसर का जलियांवाला बाग आज भी उन अनगिनत शहीदों की चीखों का साक्षी है, जिन्होंने रोलट एक्ट जैसे काले कानून के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर हजारों निहत्थे भारतीय वहां शांतिपूर्ण सभा के लिए एकत्रित हुए थे लेकिन जनरल डायर की क्रूरता ने बैसाखी के उत्सव को रक्त रंजित कर दिया। बिना किसी चेतावनी के चलाई गई अंधाधुंध गोलियों ने सैंकड़ों भारतीयों के सीने छलनी कर दिए। यह हत्याकांड ब्रिटिश हुकूमत के जुल्मों की चरम सीमा थी, जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की मशाल को और अधिक प्रज्वलित कर दिया। बाद में वीर उधम सिंह ने जनरल डायर को मारकर इस राष्ट्रीय अपमान का प्रतिशोध लिया, जो बैसाखी के प्रति एक क्रांतिकारी श्रद्धांजलि थी।

ज्योतिषीय और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी बैसाखी का विशेष महत्व है। बैसाखी का दिन एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना का सूचक है। इस दिन सूर्य अपनी प्रथम राशि मेष में प्रवेश करता है, जिसे 'मेष संक्रांति' कहा जाता है। यह वह समय होता है, जब सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिंदु पर पहुंच जाता है, जिससे शीत ऋतु का प्रभाव पूर्णत: समाप्त हो जाता है, प्रकृति में नवजीवन का संचार होने लगता है और ग्रीष्म का आगमन होता है। सौर वर्ष के इस आरंभ को समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। यह दिन कालचक्र के नवीन आरंभ का सूचक है। अंतत:, बैसाखी केवल एक त्यौहार नहीं है बल्कि यह संघर्ष, संस्कृति और समर्पण का अद्भुत समागम है। यह पर्व हमें यही संदेश देता है कि जहां परिश्रम का सम्मान है, वहां उल्लास का वास होता हैय जहां अन्याय के विरुद्ध लड़ने का साहस है, वहां खालसा का वास होता है और जहां राष्ट्र के प्रति प्रेम है, वहां बलिदान की अमर गाथाएं लिखी जाती हैं। यह पर्व हमें गुरु गोबिन्द सिंह जी जैसे महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में उतारने और राष्ट्र में शांति, सद्भावना तथा भाईचारे के नए युग की शुरुआत करने की प्रेरणा देता है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और समाज के कल्याण हेतु सार्थक पहल करने का संदेश देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



पश्चिम बंगाल। विधानसभा चुनाव से पहले हावड़ा में तृणमूल कांग्रेस के सांसद यूसुफ पठान, पार्टी के उम्मीदवार राणा चटर्जी के साथ शिबपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार करते हुए।

### पत्नी से तलाक के बाद गूगल जेमिनी को पत्नी मानने लगा युवक, आत्महत्या की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में गूगल के एआई चौटबाट जेमिनी से लगाव एक युवक की मौत की वजह बन गया। 36 साल के जोनाथन गावलस अपनी पत्नी से अलग होने के बाद अकेलेपन में एआई से बात करने लगे थे। धीरे-धीरे यह बातचीत एक काल्पनिक रिश्ते में बदल गई। उन्होंने चौटबाट को 'शिया' नाम दिया और उसे अपनी पत्नी की तरह मानने लगे।

# होर्मुज स्ट्रेट से 34 जहाज गुजरेः ट्रम्प

## ट्रम्प का दावाः ईरान सैन्य और अन्य रूप से 'पूरी तरह से तबाह' हो चुका है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से 34 जहाज गुजरे हैं, जो नाकेबंदी शुरू होने के बाद से अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। ट्रम्प एक बार फिर दावा किया कि ईरान सैन्य और अन्य रूप से 'पूरी तरह से तबाह' हो चुका है।



■ इसके साथ ही ट्रम्प ने 158 जहाजों का आंकड़ा भी दिया था

इसके साथ ही उन्होंने मीडिया, विशेष रूप से न्यूयॉर्क टाइम्स पर 'फर्जी खबरें' फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे यह दिखा रहे हैं कि ईरान जीत रहा है या बेहतर स्थिति में है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि इस तथ्य के बावजूद कि ईरान सैन्य और अन्य रूप से पूरी तरह से तबाह हो चुका है, असफल होते न्यूयॉर्क टाइम्स को पढ़ने वालों को लगेगा कि ईरान वास्तव में जीत रहा है या कम से कम काफी अच्छा कर रहा है, लेकिन यह सच नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स जानता है कि यह फर्जी खबर है। उन्होंने सवाल किया कि यह भ्रष्ट मीडिया संस्थान मेरे, मेरे समर्थकों और हमारे देश के खिलाफ अपने झूठ और भयानक कृत्यों के लिए कब माफी मांगेगा? अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया था कि ईरान की नौसेना 'समुद्र के तल में पड़ी है, पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है'। इसके साथ ही उन्होंने 158 जहाजों का आंकड़ा भी दिया था। ट्रम्प ने कहा कि हमने उनके उन छोटे जहाजों को नहीं मारा है जिन्हें वे 'फास्ट अटैक शिप' कहते हैं, क्योंकि हमने उन्हें बड़ा खतरा नहीं माना। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इनमें से कोई भी जहाज अमेरिकी नाकेबंदी के करीब आया, तो उन्हें तुरंत खत्म कर दिया जाएगा।

### होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखना जरूरीः संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सभी पक्षों से होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता का सम्मान बनाए रखने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इस जलडमरूमध्य में समुद्री व्यापार में व्यवधान का असर क्षेत्र से बाहर भी पड़ा है और इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता तथा विभिन्न क्षेत्रों में असुरक्षा बढ़ी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि मौजूदा संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है और कूटनीतिक प्रयासों को जारी रखना जरूरी है। उन्होंने इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच हुई वार्ता को 'सकारात्मक कदम' बताते हुए कहा कि युद्धविराम बनाए रखना और उल्लंघनों को रोकना आवश्यक है। गुटेरेस ने कहा कि गहरे मतभेदों के कारण समझौता तुरंत संभव नहीं है, लेकिन रचनात्मक बातचीत जारी रहनी चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान, सऊदी अरब, मिस्र और तुर्की सहित मध्यस्थ देशों के प्रयासों की सराहना की।

# अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी संप्रभुता का घोर उल्लंघनः ईरान

## यूएन में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि ने महासचिव गुटेरेस व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे पत्र | शुरुआती अनुमानों के अनुसार अमेरिकी-इजरायली हमले में ईरान को लगभग 270 अरब डॉलर का नुकसानः ईरान

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने अमेरिका द्वारा उसके बंदरगाहों की कथित नौसैनिक नाकेबंदी की कड़ी निंदा करते हुए इसे उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का 'घोर उल्लंघन' बताया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे पत्र में इस कदम को 'अवैध आक्रामक कार्रवाई' करार दिया, जो क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए खतरा है।

इरावानी ने कहा कि 12 अप्रैल को यूएस सेंट्रल कमांड द्वारा घोषित यह नाकेबंदी संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का उल्लंघन है और अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत 'आक्रामकता का स्पष्ट उदाहरण' है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम ईरान के बंदरगाहों से आने-जाने वाले समुद्री यातायात को रोकने का प्रयास है, जिससे न केवल ईरान के संप्रभु अधिकारों में हस्तक्षेप हो रहा है, बल्कि तीसरे देशों और वैध समुद्री व्यापार के अधिकारों का भी उल्लंघन हो रहा है। ईरानी दूत ने चेतावनी दी कि तेहरान अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए 'सभी आवश्यक और उचित कदम' उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इस मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप कर नाकेबंदी की निंदा करने और क्षेत्र में बढ़ते तनाव को रोकने की अपील की है। इस बीच, अमेरिकी नौसेना ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है, जिसमें यूएसएस अब्राहम लिंकन सहित कई युद्धपोत और 11 विध्वंसक तैनात हैं। हालांकि, ऑपरेशन में शामिल जहाजों की सटीक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में सप्ताहांत में हुई वार्ता विफल रहने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी को मंजूरी दी।



■ अमेरिकी नौसेना ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है, जिसमें यूएसएस अब्राहम लिंकन सहित कई युद्धपोत और 11 विध्वंसक तैनात हैं

इसके अलावा, ईरान ने बहरीन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन से भी मुआवजे की मांग की है। ईरान का आरोप है कि इन देशों ने अमेरिका-इजराइल अभियान में भूमिका निभाई और कुछ मामलों में ईरान के भीतर नागरिक ठिकानों पर 'अवैध हमलों' में भी शामिल रहे। इरावानी ने पत्र में एंटोनियो गुटेरेस और बहरीन (जो अप्रैल में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाल रहा है) को संबोधित करते हुए कहा कि बहरीन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन को ईरान को 'पूर्ण क्षतिपूर्ति' देनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन देशों को अपने 'अंतर्राष्ट्रीय रूप से अवैध कृत्यों' के कारण हुए सभी भौतिक और नैतिक नुकसान की भरपाई करनी होगी। ईरान के अनुसार, इन कार्रवाइयों से उसे भौतिक और नैतिक दोनों प्रकार का नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई संबंधित देशों को करनी चाहिए। वहीं ईरान सरकार की प्रवक्ता फातेमा मोहाजेरानी ने कहा है कि शुरुआती अनुमानों के अनुसार अमेरिकी-इजरायली हमलों से ईरान को लगभग 270 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।

### ईरानी राष्ट्रपति ने पोप की आलोचना करने की निंदा की

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पोप की आलोचना करने के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पोप लियो चौदहवें का बचाव किया है। उन्होंने यह कहा कि ईसा मसीह का अपमान अस्वीकार्य है। पोप ने ईरान में अमेरिकी कार्रवाइयों की आलोचना की थी। विशेष रूप से, उन्होंने ईरानी लोगों के विरुद्ध अमेरिकी धमकियों को अस्वीकार्य बताया था। अप्रैल की शुरुआत में, अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ द्वारा सैन्य कर्मियों के लिए प्रार्थना के आह्वान के बाद पोप ने एक प्रवचन में कहा था कि प्रभुत्व जमाने की इच्छा ईसा मसीह के मार्ग के अनुरूप नहीं है। पेजेशकियान ने 'एक्स' पर कहा कि परम पावन पोप लियो चौदहवें, मैं ईरान के महान राष्ट्र की ओर से आपके प्रति किए गए अपमान की निंदा करता हूं और यह घोषित करता हूं कि शांति और भाईचारे के पैगंबर ईसा मसीह का अपमान किसी भी व्यक्ति को स्वीकार्य नहीं है।

### जिनपिंग ने पश्चिम एशिया के लिए रखा चार-सूत्री योजना का प्रस्ताव

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पश्चिम एशिया युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका में दिलचस्पी दिखाते हुए कहा है कि उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए यहां अबू धाबी के युवराज जाएद अल नहयान के साथ बैठक में चार-सूत्री प्रस्ताव रखा है। शी ने शांति पर जोर देते हुए कहा कि पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र के लिए एक साझा, विस्तृत, सहयोगपूर्ण और टिकाऊ सुरक्षा व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता का भी पूरी तरह सम्मान होना चाहिए। साथ ही नागरिकों एवं अवसंरचनाओं की भी सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। शी ने कहा कि दुनिया को जंगल बनाने से बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने विकास एवं सुरक्षा के सामंजस्य पर जोर देते हुए सभी पक्षों से साथ आकर क्षेत्रीय विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने अनुरोध किया। चीन का कूटनीतिक प्रयास ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका-ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम चल रहा है। इस दौरान दोनों देशों ने पाकिस्तान की मध्यस्थता में इस्लामाबाद में बैठकर शांति वार्ता भी की।

# अब गेंद ईरान के पाले मेंः अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दावा किया है कि शांति वार्ता के दौरान अमेरिका और ईरान ने काफी प्रगति की है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने से इन्कार करता है, तो शांति वार्ता का स्वरूप बदल जाएगा। वेंस ने फॉक्स न्यूज से कहा कि मैं सिर्फ यह नहीं कहूंगा कि चीजें गलत हुईं। मुझे यह भी लगता है कि चीजें सही रही हैं।

हमने काफी प्रगति की है। ईरान के साथ आगे की बातचीत की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अब गेंद ईरान के पाले में है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि यदि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह नहीं खोला, तो अमेरिका के साथ उनकी बातचीत का आधार बदल जाएगा। इस्लामाबाद वार्ता में अमेरिकी टीम का नेतृत्व करने वाले वेंस ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ईरान से समृद्ध यूरेनियम को पूरी तरह वापस चाहता है ताकि अमेरिका का उस पर पूरा नियंत्रण रहे। वेंस ने कहा कि हमें निश्चित रूप से परमाणु सामग्री को ईरान से बाहर निकालने की आवश्यकता है। हम चाहते हैं कि वह सामग्री पूरी तरह से देश से बाहर हो ताकि अमेरिका का उस पर नियंत्रण हो। यह हमारी पहली प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान के साथ दो सप्ताह के संघर्ष विराम समझौते की घोषणा के बाद 11 अप्रैल को इस्लामाबाद में वार्ता शुरू हुई थी। हालांकि, 12 अप्रैल की सुबह वेंस ने घोषणा की थी कि दोनों देश किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके हैं और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी सौदे के वापस लौट रहा है। इससे पहले 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने तेहरान सहित ईरान के विभिन्न ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने भी इजराइली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए थे।



■ होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने से इन्कार पर शांति वार्ता का स्वरूप बदल जाएगाः जेडी वेंस

### पश्चिम एशिया में सशस्त्र टकराव की पुनरावृत्ति रोकने का आह्वान

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने ईरान से क्षेत्र में नए सशस्त्र टकराव को रोकने का आह्वान किया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि रूस, पश्चिम एशिया के संकट को सुलझाने में सहायता करने के लिए सदा तैयार है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट का समाधान युद्ध नहीं है। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ फोन पर हुई बातचीत में पश्चिम एशिया में फिर से सशस्त्र टकराव को रोकने पर जोर दिया। मंत्रालय ने कहा कि तेरह अप्रैल को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई विक्टोरोविच लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ फोन पर बातचीत की और क्षेत्र में सैन्य टकराव को फिर न होने पर जोर दिया। लावरोव ने अराघची से कहा कि रूस कूटनीतिक प्रयासों को जारी रखने और ऐसे समाधान खोजने की निरंतर प्रतिबद्धता का स्वागत करता है, जो संघर्ष के मूल कारणों को दूर करें। उन्होंने कहा कि ईरान और उसके पड़ोसियों के वैध हितों को ध्यान में रखते हुए पश्चिम एशिया में दीर्घकालिक स्थिरता प्राप्त की जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पेन ने तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोला

**मॉस्को।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद स्पेन ने तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। स्पेन के राजनयिक मिशन ने यह जानकारी दी है। दूतावास ने एक्स पर कहा कि हम तेहरान लौट रहे हैं। संघर्ष विराम के बाद ईरान में स्पेनिश दूतावास फिर से खुल रहा है। राजदूत एंटोनियो सां. चेज-बेनेडिटो गैस्पर, राजनयिक टीम और स्थानीय कर्मचारियों के साथ, शांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काम पर लौट रहे हैं। स्पेन के दूतावास को सात मार्च को खाली करा लिया गया था, राजनयिक मिशन ने उन सभी स्पेनिश नागरिकों की रवानगी सुनिश्चित कर ली थी जो ईरान छोड़ना चाहते थे।

### लुफ्थांसा हड़ताल के पहले दिन 700 से अधिक उड़ानें रद्द

**मॉस्को।** जर्मनी की सबसे बड़ी एयरलाइन समूह लुफ्थांसा में हड़ताल के पहले दिन 700 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। यह जानकारी वेरेनिगुंग कॉकपिट यूनियन ने दी। जर्मन ट्रेड यूनियन वेरेनिगुंग कॉकपिट ने इससे पहले 13-14 अप्रैल को लुफ्थांसा पायलटों की तीसरी हड़ताल का आह्वान किया था। पायलटों और फ्लाइट अटेंडेंटों की हड़ताल की पहली और दूसरी लहर फरवरी और मार्च 2026 में हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप जर्मनी के प्रमुख शहरों के हवाई अड्डों पर सैकड़ों उड़ानें रद्द हो गई थीं। यूनियन ने एक बयान में कहा कि लुफ्थांसा, लुफ्थांसा कार्गो, सिटीलाइन और यूरोविंग्स में हड़ताल का पहला दिन उम्मीद के मुताबिक चल रहा है।

### स्टार्मर ने लेबनान पर इजरायली हमलों को रोकने का किया आह्वान

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने लेबनान पर इजराइली हमलों को समाप्त करने और लेबनान को पश्चिम एशिया युद्धविराम में शामिल करने का आह्वान किया है। स्टार्मर ने ब्रिटिश संसद में कहा कि हम मांग करते हैं कि लेबनान को तत्काल युद्धविराम में शामिल किया जाए। हिजबुल्लाह को निशस्त्रीकरण करना चाहिए, लेकिन मैं इस बात पर भी पूरी तरह स्पष्ट हूं कि इजरायल के हमले गलत हैं। इनके विनाशकारी मानवीय परिणाम हो रहे हैं और ये लेबनान को संकट की ओर धकेल रहे हैं। बमबारी अब रुकनी चाहिए।

■ इनके विनाशकारी मानवीय परिणाम हो रहे हैं और ये लेबनान को संकट की ओर धकेल रहे हैं

स्टार्मर ने ईरानी सभ्यता के विनाश के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टिप्पणियों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि सभ्यता को नष्ट करने वाली भाषा के संबंध में, क्या मैं इस सदन के सामने पूरी स्पष्टता रख सकता हूं? वह गलत था। ईरानी नागरिकों को उस तरह से धमकी देना गलत है। इजरायल और लेबनान में शिया आंदोलन हिजबुल्लाह के बीच तनाव 2 मार्च की रात को शुरू हुआ, जब क्षेत्रीय स्थिति में भारी गिरावट के बीच लेबनानी आंदोलन ने इजरायली क्षेत्र पर मिसाइल हमले फिर से शुरू कर दिए। इजरायल ने इसके जवाब में लेबनान पर बड़े पैमाने पर हमले किए और 16 मार्च को दक्षिणी लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने की घोषणा की। ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की खबरों के बाद, हिजबुल्लाह ने इजरायल के विरुद्ध अपने अभियान स्थगित कर दिए थे।

### 'भूत बंगला' का नया गाना 'ओ सुंदरी' हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'भूत बंगला' का नया गाना 'ओ सुंदरी' रिलीज हो गया है। 'भूत बंगला' के अनाउंसमेंट ने तो सबको एक्साइटेड कर ही दिया था, लेकिन अब इसके ट्रेलर ने इस मोस्ट-अवेयटेड हॉरर-कॉमेडी की दुनिया की एक झलक दिखा दी है। कॉमेडी और हॉरर के परफेक्ट ब्लेंड के साथ यह फिल्म एक जबरदस्त फैमिली एंटरटेनर होने वाली है। जहां एक तरफ फिल्म के गानों ने सस्पेंस बना रखा है, वहीं मेकर्स अब एक और नया ट्रैक 'ओ सुंदरी' लेकर आए हैं, जो फैमिली के साथ एन्जॉय करने के लिए एक बेहतरीन सेलिब्रेशन सॉन्ग है। दुल्हन के जोड़े में मिथिला पालकर बेहद खूबसूरत लग रही हैं, वहीं अक्षय कुमार और वामीका गब्बी अपने डांस मूव्स से स्टेज पर आग लगा रहे हैं।

# यूके में भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्त बर्खास्त

## अंग्रेजी न समझ पाने पर साई कीर्तना श्रीपेरंबुदुरु की नौकरी गई, फॉर्म में गलत जानकारी देने का आरोप

**लंदन।** यूके में एक भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट साई कीर्तना श्रीपेरंबुदुरु को अंग्रेजी ठीक से न समझ पाने और आवेदन में गलत जानकारी देने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया गया। कारण यह रहा कि वह मरीजों और सहकर्मियों की बात ठीक से समझ नहीं पा रही थीं।

यह मामला जून 2024 का हो, लेकिन इसकी जानकारी अब सामने आई है। कीर्तना ने अक्टूबर 2023 में यार्क एंड स्कारबरो टीचिंग हास्पिटल्स एनएचएस ट्रस्ट जाइन किया था। जाइनिंग के कुछ ही समय बाद सहकर्मियों को पता चला कि वह मरीजों और स्टाफ की अंग्रेजी ठीक से समझ नहीं पा रही थीं। स्पीच थेरेपिस्ट होने के बावजूद उन्हें उच्चारण, व्याकरण और बातचीत समझने में समस्या थी। अंततः जून 2024 में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। आवेदन में कीर्तना ने अंग्रेजी को अपनी पहली भाषा बताया था, लेकिन बाद में रिव्यू मीटिंग में स्वीकार किया कि उनकी मातृभाषा तेलुगु है। बाद में दिसम्बर में उन्होंने बताया कि वह नौकरी के साथ-साथ अंग्रेजी सुधारने के लिए क्लास भी ले रही थीं। इस मामले में एक और अहम बात सामने आई कि नौकरी के आवेदन में उन्होंने अंग्रेजी को अपनी 'फर्स्ट लैंग्वेज' बताया था। जबकि फार्म के नियमों के अनुसार, 'फर्स्ट लैंग्वेज' वही मानी जाती है जो व्यक्ति रोजमर्रा की जिंदगी में सबसे ज्यादा इस्तेमाल करता हो। केवल अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करना इसे पहली भाषा नहीं बनाता। कीर्तना के मैनेजर ने यह भी बताया कि इंटरव्यू के दौरान उसने चैट बाक्स के जरिए सवाल पूछने का अनुरोध किया था, यानी आमने-सामने बातचीत से बचना चाहती थीं। इसे असामान्य माना गया, खासकर इसलिए क्योंकि वह उस समय यूके में ही रह रही थीं। अस्पताल ट्रस्ट के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि साई कीर्तना अक्टूबर 2023 से जून 2024 तक काम पर थीं और जून में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। कीर्तना ने इस फैसले को चुनौती दी और कहा कि उनकी पढ़ाई अंग्रेजी में हुई है, इसलिए इसे उनकी पहली भाषा माना जाना चाहिए। लेकिन पैनल ने इस तर्क को नहीं माना। पैनल का कहना था कि उन्होंने नौकरी पाने के लिए गलत जानकारी दी और यह धोखा देने की कोशिश थी। इसके बाद उन्हें रजिस्टर से हटा दिया गया। आवेदन फार्म में साफ लिखा होता है कि क्या अंग्रेजी आपकी पहली भाषा है? इसका जवाब 'हां' तभी देना चाहिए, जब अंग्रेजी आपकी रोजमर्रा की मुख्य भाषा हो। सिर्फ अंग्रेजी में पढ़ाई करने से यह पहली भाषा नहीं मानी जाती।



■ कीर्तना ने अक्टूबर 2023 में यार्क एंड स्कारबरो टीचिंग हास्पिटल्स एनएचएस ट्रस्ट जाइन किया था

# पाक में अस्पताल की लापरवाही से 331 बच्चे HIV पॉजीटिव

## आठ साल के बच्चे की मौत के बाद खुलासा, सिरिंज के दोबारा इस्तेमाल से फैला संक्रमण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के ताउंसा शहर में 331 बच्चे एचआईवी पॉ पाए गए। ये मामले नवंबर 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच दर्ज हुए। अब इस मामले में सरकारी अस्पताल में गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि अस्पताल में सिरिंज दोबारा इस्तेमाल हो रही थीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, कई मामलों में एक ही दवा की शीशी से अलग-अलग बच्चों को इंजेक्शन दिया गया। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया। मामले का खुलासा आठ साल के बच्चे मोहम्मद अमीन की मौत के बाद हुआ। उसकी बहन असमा भी एचआईवीपॉ है। मां का कहना है कि बच्चों को अस्पताल में इलाज के दौरान संक्रमित सुई से एचआईवीहुआ। जांच में 32 घंटे की अंडरकवर रिकार्डिंग की गई। इसमें 10 बार देखा गया कि सिरिंज को मल्टी-डोज वायल में दोबारा इस्तेमाल किया गया। इनमें से चार मामलों में उसी दवा को दूसरे बच्चों को दिया गया। संक्रामक रोग विशेषज्ञ डा. अल्ताफ अहमद ने वीडियो देखने के बाद कहा कि सिरिंज का पिछला हिस्सा वायरस को ट्रांसफर कर सकता है, भले ही नई सुई लगा दी जाए। उन्होंने इसे बेहद खतरनाक बताया। जांच में यह भी सामने आया कि 66 बार अस्पताल स्टाफ ने बिना स्टरलाइज्ड ग्लव्स के इंजेक्शन लगाए। एक नर्स को मेडिकल वेस्ट बाक्स में बिना ग्लव्स के हाथ डालते भी देखा गया।

विशेषज्ञों ने इसे संक्रमण नियंत्रण की बड़ी कमी बताया। हालांकि, अस्पताल के नए मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा कासिम बुजदार ने इन वीडियो को मानने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह फुटेज पुरानी या स्टेज्ड हो सकती है। सबसे पहले इस आउटब्रेक को निजी क्लिनिक के डाक्टर गुल कैसरानी ने पहचाना था। उन्होंने बताया कि 65-70 एचआईवीपॉ बच्चों में से ज्यादातर का इलाज टीएचआईक्यू ताउंसा में हुआ था। कुछ माता-पिता ने भी सिरिंज दोबारा इस्तेमाल की शिकायत की थी। डेटा के मुताबिक, 97 संक्रमित बच्चों के परिवारों में सिर्फ चार माताएं एचआईवी पॉजीटिव पाई गईं। इससे संकेत मिलता है कि संक्रमण मां से बच्चों में नहीं, बल्कि अन्य कारणों से फैला। पंजाब एड्स स्क्रीनिंग प्रोग्राम के डेटा में आधे से ज्यादा मामलों में 'कंटैमिनेटेड नीडल' को संक्रमण का कारण बताया गया है। हालांकि बाकी मामलों में कारण स्पष्ट नहीं है। मार्च 2025 में सरकार ने हस्तक्षेप किया और उस समय 106 केस बताए गए।



■ बच्चों को अस्पताल में इलाज के दौरान संक्रमित सुई से एचआईवीहुआः मां

